जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

वर्ष 21 ▶ अंक-162 ▶ मुंबई, बुधवार, 8 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य




'G2' में नजर आएंगी वामिका गब्बी

पेज 11





NICE™ INSURANCE LANDMARK

इंश्योरेंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए 100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !

- मेडीक्लेम केशलेस
- ज्वेलर्स इंश्योरंस
- लाईफ इंश्योरंस
- म्युचल फंड

40 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A

चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में

11000 से अधिक क्लेम का समाधान

9869050031 / 9869230444

www.niceinsure.com


दिल्ली विधानसभा चुनाव

# वोटिंग पांच को परिणाम आठ को

## दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को जानकारी दी कि 5 फरवरी 2025 को दिल्ली में मतदान होगा और 8 फरवरी 2025 को मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में कुल 70 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, "दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें हैं, कुल 1.55 करोड़ मतदाता है, जिसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 83.49 लाख है, महिला मतदाताओं की संख्या 71.74 लाख है और युवा मतदाताओं की संख्या 25.89 लाख है। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 2.08 लाख हैं। चुनाव की घोषणा के बाद दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी।



### 'मुफ्त' की घोषणा पर सख्त

चुनाव में 'फ्रीबीज' (मुफ्त वाली स्कीमों) के बढ़ते चलन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'फ्रीबीज का मामला अदालत में विचाराधीन है इसलिए हम इस पर नहीं बोल रहे हैं। यह अर्थव्यवस्था का सवाल है कि जो मेरे लिए फ्रीबीज है वह किसी के लिए हक है। फ्रीबीज और हक के बीच एक पतली रेखा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को घोषणा पत्र के साथ यह भी बताना चाहिए कि राज्य की आर्थिक हालत क्या है और जो वादे वह कर रहे हैं उसका क्या असर होगा। बहुत से राज्य हैं, उन्होंने इतने वादे कर दिए हैं कि उनके लिए सैलरी देना मुश्किल है। हम आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गिरवी नहीं रख सकते हैं। यह गंभीर मुद्दा है।

### वोटर लिस्ट, ईवीएम को लेकर फैलाई अफवाह : राजीव कुमार

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि वोटर लिस्ट को लेकर अफवाहें फैलाई गईं। बिना आधार के वोटिंग मशीन पर कई आरोप लगाए गए। इसको लेकर कई अफवाहें फैलाई गईं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदाता चुनावी प्रक्रिया को लेकर बेहद जागरूक हैं। उम्मीद है कि दिल्ली के मतदाता दिल से वोट करेंगे। वहीं देश में मतदाताओं की बढ़ती संख्या पर राजीव कुमार ने कहा कि भारत जल्द ही एक अरब से अधिक मतदाताओं वाला देश होने का नया रिकॉर्ड बनाएगा। महिला मतदाताओं की संख्या भी लगभग 48 करोड़ होने वाली है।

### दो राज्यों में पांच को उपचुनाव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव का भी ऐलान किया गया। इन दो सीटों में से एक यूपी के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट है, जबकि दूसरी तमिलनाडु की इरोड विधानसभा सीट है। इन दोनों विधानसभा सीटों पर दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ ही वोट डाले जाएंगे। दोनों सीटों पर पांच फरवरी को वोट डाले जाएंगे और आठ फरवरी को दोनों सीटों के नतीजे घोषित किए जाएंगे।



## चीन अधिगृहित तिब्बत में भूकंप का कहर

# 100 की मौत, 130 घायल

**शिजांग।** तिब्बत में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई है। इससे पहले चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में मंगलवार को ही 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था जिससे कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और 130 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार सुबह नौ बजकर पांच मिनट पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर के डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण और भारतीय राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई और कहा कि इसका केंद्र चीन के टिंगरी काउंटी के शिजांग में था, जो उत्तर-पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से से 90 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। हालांकि, चीन ने भूकंप की तीव्रता 6.8 दर्ज की। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह भूकंप इतना शक्तिशाली था कि नेपाल के लोग घबरा गए। इसने 2015 में आए भीषण भूकंप की याद ताजा कर दी, जिसमें 9,000 लोग मारे गए थे। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि अब तक उन्हें किसी बड़े नुकसान या मानवीय क्षति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप का केंद्र तिब्बत में होने के कारण उत्तरी नेपाल में रहने वाले लोगों ने अधिक तीव्र झटके महसूस किए।

**भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.8**

### बचाव कार्य जारी, आपदा राहत सामग्री भेजी

भूकंप के बाद चीन भूकंप प्रशासन ने स्तर-II की आपातकालीन सेवा प्रतिक्रिया शुरू की है। आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक कार्य दल को मौके पर भेजा है। शिजांग स्वायत्त क्षेत्र ने भी भूकंप के लिए स्तर-II की इमरजेंसी रिस्पांस जारी की। सूती टेंट, सूती कोट, रजाई और फोल्डिंग बेड सहित लगभग 22,000 आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। साथ ही ऊंचाई और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री केंद्रीय अधिकारियों की ओर से भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भेजी जा रही है।

मंत्रिमंडल बैठक में फडणवीस सरकार का फैसला



# महाराष्ट्र में एक अप्रैल से फास्टटैग अनिवार्य

- टोल संग्रह में आएगी दक्षता और पारदर्शिता
- महाराष्ट्र के आम नागरिकों को होगा लाभ

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक अप्रैल से अनिवार्य रूप से फास्टैग के माध्यम से ही टोल संग्रह किया जाएगा। साथ ही प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए कारोबार के नियमों में बदलाव किया जाएगा। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को यह फैसले लिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत एक अप्रैल से पूरे राज्य में टोल प्लाजा पर टोल संग्रह केवल फास्टैग के माध्यम से किया जाएगा। इस बदलाव को सुगम बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी नीति 2014 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई। फास्टैग राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भारत का इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह चिप है। सरकार ने बयान में कहा, उम्मीद है कि इस कदम से टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता आएगी और टोल प्लाजा पर वाहनों की भीड़ कम होगी एवं यात्रियों के समय और ईंधन की बचत होगी। बिना फास्टैग वाले वाहनों या बिना उचित टैग के समर्पित लेन में प्रवेश करने वाले वाहनों को दोगुना टोल शुल्क देना होगा। विज्ञप्ति के मुताबिक, वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 13 सड़क परियोजनाओं और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम द्वारा प्रबंधित नौ परियोजनाओं पर टोल वसूला जा रहा है। यह निर्णय इन पर और राज्य में भविष्य में सभी टोल नाकों पर लागू होगा। एक अन्य निर्णय में, मंत्रिमंडल ने प्रशासनिक कामकाज को अधिक सुचारू और कुशल बनाने के लिए संशोधित महाराष्ट्र सरकार के कार्य नियमों को मंजूरी दी। इस तरह के पहले नियम 1975 में बनाये गए थे और यह तीसरा बड़ा संशोधन है। इन बदलावों का उद्देश्य पारदर्शिता, दक्षता और जन-केंद्रित शासन को बढ़ाना है, जिससे अंततः राज्य के नागरिकों को लाभ होगा।

# भारत से परमाणु पाबंदी हटाएगा अमेरिका

## 26 साल पहले पोखरण परीक्षण के बाद लगाया था प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों के बीच एक अच्छी खबर आई है। भारत दौरे पर आए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का कहना है कि पोखरण परीक्षण के बाद जो पाबंदियां लगी थीं, उन्हें हटाया जाएगा। अमेरिका की ओर से यह ऐलान भारत के लिए अच्छी खबर है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच परमाणु करार भी भविष्य में हो सकेंगे।



मई 1998 में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण किया था, जिससे भड़के अमेरिका ने भारत की कई असैन्य परमाणु कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी थीं, जिन्हें अब हटाया जाएगा। यह इसलिए भी अहम है क्योंकि बीते महीने ही अमेरिका ने पाकिस्तान की कई परमाणु कंपनियों पर बैन लगाया था और यह कहा था कि वह एक ऐसी मिसाइल तैयार करने में जुटा है, जो सीधे अमेरिका तक को टारगेट कर सकती है।

### कार्रवाई से बौखलाया पाकिस्तान

इस पर पाकिस्तान का कहना था कि अमेरिकी दावा झूठा है और उसके खिलाफ गलत कार्रवाई की गई है। यही नहीं भारत की ओर से इशारा करते हुए पाकिस्तान ने कहा था कि यदि कोई ऐसे पड़ोसी मुल्क का सामना कर रहा है, जो तमाम हथियारों से लैस है तो फिर पाकिस्तान के साथ यह ज्यादती है। 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद भारतीय कंपनियों पर अमेरिका की ओर से लगाए बैन के चलते आज तक दोनों देशों के बीच परमाणु करार नहीं हो सके हैं। ऐसे में अब पाबंदियां हटने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियों के बीच करार हो सकेंगे। इसके अलावा परमाणु समझौतों की दिशा में भी दोनों देशों के लिए आगे बढ़ना आसान होगा। जेक सुलिवन ने आईआईटी दिल्ली में सोमवार को यह बात कही।

### बैन हटाने से इन कंपनियों को होगा बड़ा फायदा

अमेरिका के इस कदम से जिन कंपनियों से पाबंदी हटेगी, उनमें कई सरकारी संस्थाएं भी शामिल हैं। अमेरिका ने 1998 में जिन कंपनियों पर पाबंदी लगाई थी, उनमें भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर का डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च, इंडियन रेयर अर्थ्स, न्यूक्लियर रिएक्टर्स आदि शामिल हैं। जेक सुलिवन ने कहा कि हम देखेंगे कि अगला दशक अहम होगा, जब भारत और अमेरिका की कंपनियां मिलकर काम करेंगी। सेमीकंडक्टर तकनीक पर हम काम करेंगे। भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए यह सहयोग अहम रहेगा। सुलिवन ने कहा कि सेमीकंडक्टर तकनीक पर भारत पहला देश है, जिसके साथ अमेरिका काम करेगा।

## न्यूज BRIEF

### आसाराम को 31 मार्च तक जमानत

**नई दिल्ली।** स्वयंभू बाबा आसाराम को लेकर इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 बलात्कार मामले में स्वयंभू बाबा आसाराम को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को हार्ट के इलाज के लिए शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है।



### प्रशांत किशोर मेदांता के आईसीयू में भर्ती

**पटना।** बापीएससी परीक्षार्थियों के समर्थन में अनशन पर उतरे प्रशांत किशोर की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेदांता के डॉक्टर और मेडिकल डायरेक्टर रविशंकर सिंह ने कहा कि अनशन के चलते प्रशांत किशोर की तबीयत बिगड़ गई थी। जहां हमलोग उनकी निगरानी कर रहे हैं। उनकी हालत स्थिर है।



### सूरत में गैस लीक से धमाका, छह झुलसे

**सूरत।** यहां एक घर में मंगलवार को गैस लीक होने की वजह से भीषण धमाका हो गया, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। ये धमाका इतनी जोरदार था कि चौथी मंजिल के वॉशरूम में बैठा एक शख्स धमाके की वजह से तीसरी मंजिल पर आकर गिरा। सभी घायलों को इलाज के लिए सूरत के सरकारी अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल पहुंचाया गया।

### 10 साल में दोगुना हुआ एलपीजी कनेक्शन

**नई दिल्ली।** भारत में घरेलू एलपीजी कनेक्शन की संख्या पिछले 10 सालों में दोगुनी हो गई है। 2014 में जहां यह संख्या 14.52 करोड़ थी, वहीं 1 नवंबर 2024 तक यह बढ़कर 32.83 करोड़ हो गई। यह जानकारी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दी। इस वृद्धि में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का बड़ा योगदान है। इस योजना के तहत अब तक 10.33 करोड़ गरीब परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

सीएम आतिशी का केंद्र पर आरोप

# मुझे फिर सीएम आवास से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बड़ा दावा कर दिया है। आतिशी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी की केंद्र सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा तीन महीने में दूसरी बार हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने पत्र भेजकर उनका अलॉटमेंट कैंसिल कर दिया है और चुनी हुई सरकार की मुख्यमंत्री से सीएम आवास ही छीन लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को लगता है कि हमें गाली देने, घर छीनने से, मेरे परिवार के बारे में निचले स्तर की बात करने से हमारे काम रोक देंगे।



### वहां तो वह शिफ्ट ही नहीं हुईं : पीडब्ल्यूडी

- पीडब्ल्यूडी का कहना है कि आतिशी को सीएम आवास से नहीं निकाला गया है। दरअसल वह कभी वहां शिफ्ट ही नहीं हुईं। इसके अलावा मथुरा रोड पर एक आधिकारिक आवास 17 एबी पहले ही उन्हें आवंटित किया जा चुका है और उसके बाद भी उन्हें 3 अन्य भव्य बंगलों का ऑफर दिया गया है। आतिशी को जब मुख्यमंत्री आवास दिया गया तो एक शर्त यह थी कि वह शीशमहल की जांच में सहयोग करेंगी।

### सीएम आवास वापस लेने की वजह

- पीडब्ल्यूडी ने कहा है कि फिलहाल आतिशी से दो कारणों के चलते सीएम आवास वापस ले लिया गया है। जब वह मुख्यमंत्री बनीं तो उन्हें एक हफ्ते के अंदर घर का पोजेशन लेने का समय दिया गया। लेकिन उन्होंने 3 महीने तक घर का पोजेशन नहीं लिया। इसके अलावा सीएम आवास सीबीआई/ईडी की जांच के दायरे में है और अब सीएजी ने इसके निर्माण में भ्रष्टाचार की पुष्टि की है।

## सलमान खान का अपार्टमेंट बना किला

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के बांद्रा पश्चिम स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट की सुरक्षा को और ज्यादा चक-चौबंद कर दिया गया है। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर बुलेटप्रूफ कांच की दीवार लगाई जा रही है। मंगलवार को एक तरफ कांच की दीवार लगा दी गई। वहीं दूसरी तरफ भी लगाने का काम जारी है। इतना ही पूरे गैलक्सी अपार्टमेंट के किनारे हाई सिक्योरिटी वाले 7 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। घर की खिड़कियों को बुलेटप्रूफ बनाया गया है। गैलक्सी अपार्टमेंट के बाहर तीन पुलिस चौकी बनाई गई हैं। इतना ही नहीं मुंबई पुलिस के 100 जवान घर के बाहर सुरक्षा में तैनात रहेंगे।



- गैलेक्सी अपार्टमेंट में बुलेटप्रूफ 'दीवार'
- 3 पुलिस चौकी व 100 पुलिस वाले तैनात

एचएमपी पर महाराष्ट्र सरकार अलर्ट

# नागपुर में मिले दो संदिग्ध मरीज

▶▶ स्वास्थ्य मंत्री ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंग

**मुंबई।** देश में एचएमपी वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। नागपुर में भी दो संदिग्ध मरीज मिलने के बाद महाराष्ट्र सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। एचएमपी वायरस को लेकर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबिटकर ने स्वास्थ्य विभाग की आपात बैठक (इमरजेंसी मीटिंग) बुलाई है। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव भी शामिल होंगे। मंगलवार की दोपहर तीन बजे मुंबई के सेंट जॉर्ज अस्पताल स्थित आरोग्य भवन में इस बैठक आयोजित की गई थी। नागपुर में भी एचएमपी वायरस के दो मरीज मिले हैं। दो बच्चों की रिपोर्ट एचएमपी पॉजिटिव आई है। तीन जनवरी को निजी अस्पताल में सात साल के बच्चे और 14 साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इन दोनों बच्चों को खांसी और बुखार था।

### पैनिक होने की जरूरत नहीं, बच्चे पहने मास्क

महाराष्ट्र कोविड टास्क फ़ोर्स के सदस्य डा. राहुल पंडित ने कहा कि एचएमपीवी से पैनिक होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। वहीं नागपुर के सरकारी मेडिकल और अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे ने कहा, "माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है, यह वायरस कोरोना जैसा खतरनाक नहीं है।" हालांकि उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को मास्क पहनना चाहिए।

छत्रपति संभाजीनगर में ऑनर किलिंग

## चचेरे भाई ने पहाड़ी से बहन को दिया धक्का

**छत्रपति संभाजीनगर।** छत्रपति संभाजीनगर में ऑनर किलिंग का एक मामला सामने आया है। यहां चचेरे भाई ने बहन को 200 फीट ऊंची पहाड़ी से धकेल कर उसकी हत्या कर दी। ये घटना पास में ही एक क्रिकेट मैच के दौरान ड्रोन कैमरे में कैद हो गई। आरोपी को कैमरे में देखा जा सकता है जब वह अपनी बहन को पहाड़ से धकेल कर नीचे आ रहा था। इसके बाद जब लोगों ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो मृतका वहीं पर पड़ी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।



# मुंबई-पुणे देश का सबसे महंगा एक्सप्रेस वे

बनाने में लग गए 22 साल

**मुंबई।** देश का सबसे महंगा और सबसे व्यस्त एक्सप्रेसवे मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे है। इस एक्सप्रेसवे पर गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे है। यहां कार के लिए एक तरफ से 336 रुपए का टोल देना पड़ता है। प्रति किलोमीटर का टोल करीब 3.40 रुपए पड़ता है। देश के अन्य एक्सप्रेसवे का औसत टोल किराया 2. 40 रुपए प्रति किलोमीटर पड़ता है। इस लिहाज से यहां चलने वालों को हर किलोमीटर के लिए एक रुपये ज्यादा चुकाने पड़ते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं इसे देश का सबसे पुराना और पहला एक्सप्रेसवे भी माना जाता है।

- टोल टैक्स के बाद ही कर सकते सफर
- देश की पहली 6 लेन की सड़क

### तीन घंटे का समय एक घंटे में पूरा करे सफर

इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से मुंबई और पुणे के बीच सफर का समय 3 घंटे से घटकर महज एक घंटे का रह गया है। शहाद्री पर्वत श्रृंखला को पार करते इस एक्सप्रेसवे की खूबसूरती देखते ही बनती है।

### लंबाई महज 94. 5 किलोमीटर

इसकी लंबाई महज 94. 5 किलोमीटर है। यह सड़क नवी मुंबई के कलमबोली इलाके से शुरू होती है और पुणे के किवाले में समाप्त होती है। इसका निर्माण एनएचएआई ने नहीं, बल्कि महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने किया है। इस एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 3-3 लेन की कंक्रीट की सर्विस लेन भी बनाई गई है।



### प्रधानमंत्री अटल ने कराया था निर्माण

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को पुणे से जोड़ने वाली यह सड़क देश की पहली 6 लेन की सड़क है। साल 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने मुंबई पुणे एक्सप्रेस का निर्माण करवाया था। दो व्यस्त शहरों को जोड़ने वाला ये एक्सप्रेसवे सबसे महंगा रास्ता है। इसे बनने में 22 साल लग गए। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि वो समय की बचत करता है।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला

## राजघाट पर प्रणब मुखर्जी की समाधि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिह्नित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं।" शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है।

# निवेशकों ने गवाएं 13.48 करोड़

▶▶ दादर वेस्ट में कंपनी के कार्यालयों पर लगा ताला

▶▶ प्लैटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई। मुंबई के दादर वेस्ट से एक ठगी का मामला सामने आया है। जहां पर एक कंपनी ने निवेशकों को 13.48 करोड़ रुपए की ठगी का शिकार बनाया है। सोमवार को धोखाधड़ी का मामला तब सामने आया जब कई निवेशकों ने कंपनी के कार्यालयों पर ताला लगा पाया। कंपनी को बंद देख सभी निवेशक दादर वेस्ट स्थित टॉरेस वास्तु सेंटर बिल्डिंग के बाहर जमा हो गए और हंगामा करने लगे। पुलिस के निवेशकों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।**




## कंपनी के डायरेक्टर-अधिकारी फरार

पुलिस के मुताबिक प्लैटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सर्वेश अशोक सुरवे, विक्टोरिया कोवालेन्को, सीईओ तौफीक रियाज उर्फ जॉन कार्टर, जनरल मैनेजर टानिया कोसाटोवा और स्टोर इंचार्ज वेलेंटिना कुमार समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। जो कि अभी तक फरार बताए जा रहे है। निवेशकों ने गवाएं 13.48 करोड़ रुपये ऐसा कहा जा रहा है कि लगभग सात लोगों ने इस धोखाधड़ी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाया है।

## कंपनी ने ज्यादा रिटर्न का दिया था लालच

▪ 'टॉरेस' ब्रांड के तहत काम करने वाली कंपनी ने निवेशकों को ज्यादा रिटर्न का लालच दी थी, जिसके बाद से निवेशकों ने इस कंपनी में अपनी सारी जमा पूंजी लगा दी। शिकायतकर्ताओं का बताया कि, उन्होंने प्लैटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड में पैसे लगाए थे। कंपनी ने "मोइसनाइट" में निवेश करने वालों को हर हफ्ते 6% से ज्यादा तक का रिटर्न का वादा किया था। शुरुआत में कंपनी ने हर सप्ताह भुगतान किया। लेकिन दिसंबर के बाद अचानक से भुगतान आने बंद हो गए, जिसके बाद निवेशकों को उनके साथ ठगी होने का शक हुआ।

## पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

▪ निवेशकों ने अपनी शिकायत शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता और महाराष्ट्र निवेशकों के हित संरक्षण अधिनियम (एमपीआईडी) के तहत कंपनी और उसके मैनेजमेंट के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और अन्य आरोपों में शिकायत दर्ज की है।

# 5.50 लाख रुपए के मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** मुंबई शहर के सांताक्रूज उपनगर की सीमा में एक मोबाइल दुकान में घुसकर 5 लाख 50 हजार कीमत के 110 मोबाइल फोन चुराने वाले आरोपी को ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-1 की टीम ने गिरफ्तार किया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। ठाणे पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर मुंबई पुलिस के चोर आदिल खान को माल सहित वकोला पुलिस की हिरासत में दे दिया। 18 दिसंबर 2024 को मुंबई के वाकोला पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत सांताक्रूज-कलिना में जेदेश इंटरप्राइजेज नामक दुकान से आरोपी आदिल मसीउद्दीन खान मोबाइल फोन की दुकान में सेंध लगाकर 110 मोबाइल लेकर ठाणे कमिश्नरेट की सीमा के अंतर्गत कलवा जा रहा था। कंपनी के मोबाइल फोन की कीमत रु. ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-1 टीम के पुलिस कांस्टेबल मयूर लोखंडे ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड़ को अपने संवाददाता से मिली गोपनीय जानकारी बताई। फिर तुरंत वापोनी गायकवाड़ के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक दीपक घुगे, रेंज पुलिस उपनिरीक्षक रवींद्र पाटिल, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दीपक जाधव, सुनील माने, पुलिस कांस्टेबल प्रशांत निकुंभ, पुलिस कांस्टेबल सागर सुरलकर ने कलवा रेलवे में जाल बिछाया। शनिवार की शाम थाना क्षेत्र. तभी बैग से मोबाइल फोन निकाल कर बेच रहे आदिल मसीउद्दीन खान को पुलिस टीम ने पकड़ लिया. जब उसके बैग की जांच की गई तो उसमें सैमसंग के मोबाइल फोन मिले। पूछताछ में आदिल खान का मोबाइल फोन पेश किया गया और उसने कबूल किया कि उसने वाकोला पुलिस स्टेशन की हद में एक मोबाइल की दुकान में घुसकर चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि उसके पास सैमसंग कंपनी के विभिन्न मॉडलों के 110 मोबाइल फोन हैं और उनकी कीमत 5 लाख 50 हजार है। ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-1 की एक टीम ने आरोपी आदिल खान को सामान के साथ मुंबई पुलिस के वाकोला की पुलिस हिरासत में सौंप दिया

ठाणे क्राइम ब्रांच ने मुंबई पुलिस को सौंपा

# महेसाणा स्टेशन पर खुला बुकिंग कार्यालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

अहमदाबाद। यात्रियों की सुविधा और टिकटों की उपलब्धता में आसानी के लिए अहमदाबाद मंडल के महेसाणा स्टेशन के पूर्व भाग (पुराने स्टेशन की ओर एस्केलेटर के पास) में एक नया अनारक्षित टिकट बुकिंग कार्यालय खोला गया है। मंडल रेल प्रवक्ता, अहमदाबाद के अनुसार वड़नगर से वलसाड वाली ट्रेनों की अनारक्षित टिकट को लेने के लिए यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## 11 तक बंद रहेगा रेलवे क्रॉसिंग का फाटक

▪ अहमदाबाद। अहमदाबाद–विरमगाम सेक्शन के चांदलोडिया "A" और आम्बली रोड स्टेशनों के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग नंबर 7 किमी 507/37-39 घाटलोड़िया जनता नगर फाटक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु आठ तक बंद किया गया था परंतु मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण 11 तक घाटलोड़िया जनता नगर फाटक बंद रहेगा।

# मीरा भायंदर मनपा का लोकदिवस आयोजित



## जल्द किया जाएगा समस्याओं का समाधान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा-भाईंदर।** नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों में लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया जाता है। मीरा-भाईंदर मनपा में 06 जनवरी को लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस लोकतंत्र दिवस में नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए सरकारी तंत्र द्वारा प्रभावी उपाय के रूप में लोकतंत्र दिवस आयोजित किया जाता है। शासन के परिपत्रक के अनुसार, जिला स्तरीय और मनपा स्तरीय लोकतंत्र दिवस मनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के अनुरूप मीरा-भाईंदर मनपा ने हर महीने के पहले सोमवार को लोकतंत्र दिवस के लिए आरक्षित रखा है। 06 जनवरी को आयोजित लोकतंत्र दिवस में आई शिकायतों के संबंध में मीरा-भाईंदर मनपा के आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आगामी फरवरी महीने के पहले सोमवार को लोकतंत्र दिवस आयोजित किया जाएगा, और नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी शिकायतों के साथ मीरा-भाईंदर मनपा मुख्यालय में उपस्थित रहें. लोकतंत्र दिवस के अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, उपायुक्त डॉ. सचिन बांगर, नगर सचिव वासुदेव शिरवलकर, शहर अभियंता दीपक खांबित, मुख्य लेखाधिकारी और वित्त अधिकारी कालिदास जाधव, सहायक संचालक नगररचना पुरुषोत्तम शिंदे, मुख्य लेखा परीक्षक सुधीर नाकाडी, कार्यकारी अभियंता नितीन मुकणे, सिस्टम मैनेजर राज घरत, सहायक आयुक्त (सामान्य प्रशासन) सुनील यादव, सामान्य प्रशासन विभाग अधिकारी जितेंद्र कांबले और यातायात पुलिस सयाजी मोहिते उपस्थित थे।

# छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मिलेगा बढ़ावा : आयुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा-भाईंदर।** रोबोट तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। मीरा-भाईंदर मनपा ने भी अपने स्कूलों के छात्रों को रोबोटिक्स तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान करने की पहल की है। मनपा की सभी स्कूलों में रोबोटिक्स किट वितरित किए गए हैं और छात्रों को छोटे-बड़े कार्यों के लिए रोबोट बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मनपा की इस पहल से छात्रों के लिए तकनीक के नए रास्ते खुलेंगे। मीरा-भाईंदर मनपा अपने स्कूल के छात्रों की कला और कौशल को बढ़ावा देने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती रहती है। मनपा की कुल 36 स्कूलों में प्रत्येक को एक रोबोटिक्स किट प्रदान किया गया है। सबसे पहले शिक्षकों को इन किट का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद तीसरी से दसवीं कक्षा के छात्रों को इन किट के माध्यम से रोबोटिक्स मैकेनिज्म और इसकी मूलभूत प्रणाली सिखाई जा रही है। इसके तहत क्रेन, ग्रिपर आदि एप्लिकेशन भी तैयार की जा रही हैं। रोबोटिक्स किट के माध्यम से छात्र मोटर्स (रोबोट की गति के लिए आवश्यक प्रणाली), सेंसर (जो रोबोट को आसपास के वातावरण की जानकारी देता है), गियर्स (मोटर की गति निर्धारित करने वाली प्रणाली), लीवर्स और कैम्स (रोबोट की कार्यक्षमता को स्पष्ट करने वाली प्रणाली), माइक्रोकंट्रोलर (रोबोट का मस्तिष्क, अर्थात प्रोग्रामिंग), इलेक्ट्रॉनिक सर्किट (रोबोट से कार्य कराने की प्रणाली), प्रोग्रामिंग (रोबोटिक्स के लिए आवश्यक मूलभूत कोडिंग) जैसी चीजें सीख रहे हैं। मनपा स्कूल के छात्रों ने इस रोबोटिक्स किट को अच्छा प्रतिसाद दिया है, जिससे उनकी रोबोट विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ रही है और वे प्रायोगिक रूप से रोबोटिक्स मैकेनिज्म और प्रणाली का उपयोग कर रोबोट बनाने में निपुण हो रहे हैं।

▪ मीरा-भाईंदर मनपा की स्कूलों में छात्रों को रोबोटिक्स

## बिखरे फ्लैट्स/प्लॉट्स पर मासिक सेवा शुल्क

# लाभार्थियों से कब्जा मिलने के बाद ही वसूला जाए संपत्ति कर : म्हाडा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** म्हाडा प्रशासन ने एक नीतिगत निर्णय लिया है कि म्हाडा के विभिन्न मंडलों के अधीन बिखरे हुए फ्लैट्स और प्लॉट्स के वितरण के समय जिस दिन लाभार्थी फ्लैट/प्लॉट का कब्जा लेते हैं, उसी दिन से मासिक सेवा शुल्क और संपत्ति कर की वसूली की जाएगी। इस निर्णय का लाभ आगामी लॉटरी के लाभार्थियों को मिलेगा।

मुंबई मंडल की विभिन्न कॉलोनियों में बिखरे हुए फ्लैट्स के सेवा शुल्क, संपत्ति कर आदि को फ्लैट्स की बिक्री कीमत में शामिल करने पर निर्णय लेने के लिए आयोजित बैठक में म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयस्वाल ने कहा कि म्हाडा के विभिन्न मंडलों के फ्लैट्स/प्लॉट्स का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। बिक्री कीमत में फ्लैट्स/प्लॉट्स का सेवा शुल्क, संपत्ति कर आदि शामिल नहीं होते।

लॉटरी के बाद, कुछ कारणों से फ्लैट्स/प्लॉट्स का कब्जा देर से दिया जाता है। जब तक फ्लैट/प्लॉट का कब्जा नहीं दिया जाता, तब तक वह संपत्ति मंडल की मानी जाती है। कब्जा देने के बाद संबंधित सोसायटी के माध्यम से बकाया शुल्क की मांग मंडलों द्वारा की जाती है।

जयस्वाल ने कहा कि बिखरे हुए फ्लैट्स के लाभार्थियों से प्रोजेक्ट निर्माण की शुरुआत से ही मासिक सेवा शुल्क और संपत्ति कर वसूल करना उचित नहीं है। चूंकि फ्लैट्स/प्लॉट्स पूरी तरह मंडल के अधीन होते हैं, इसलिए इनका भार म्हाडा के लाभार्थियों पर नहीं पड़ना चाहिए। इसीलिए यह निर्णय लिया गया कि जिस दिन लाभार्थी फ्लैट/प्लॉट का कब्जा लेते हैं, उसी दिन से सेवा शुल्क और संपत्ति कर लागू किया जाए। जयस्वाल ने आगे कहा कि अब से कार्यकारी अभियंता फ्लैट्स/प्लॉट्स की बिक्री कीमत तय करते समय सभी बकाया शुल्क को बिक्री कीमत में शामिल करें। जिन लाभार्थियों को फ्लैट/प्लॉट का कब्जा दिया गया है और जिनसे सोसायटी द्वारा सेवा शुल्क आदि की मांग की जा रही है, उस बकाया राशि का भुगतान संबंधित कार्यकारी अभियंता सीधे सोसायटी को करेंगे। इसका खर्च आगामी लॉटरी योजनाओं पर अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा।

म्हाडा के विभिन्न मंडलों की आगामी लॉटरी के लाभार्थियों को बड़ी राहत

**मुख्य कार्यालय, विरार**
विरार (पूर्व)
ता. वसई. जि. पालघर पिन ४०१ ३०५

दुरध्वनी : 0250 - 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 - 2525107
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/शअ/160/24-25
दिनांक 07/01/2025

**जाहिर ई-निविदा सूचना**

वसई-विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील खालील कामांसाठी इच्छुक अनुभवी ठेकेदारांकडून कोरे निविदा फॉर्म https://Mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. 08/01/2025 पासून उपलब्ध होणार आहेत. ई-टेंडरिंग बाबत अधिक माहितीसाठी ई-निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

| अ.क्र. | कामाचे नाव |
|---|---|
| 1. | प्रभाग समिती आयए वार्ड क्र. 103 मध्ये गिरीज टोकपाडा येथील स्मशानभूमीचे काम करणे. |
| 2. | वार्ड क्र. 109 मधील पापडस बिल्डिंग तळ्याचे विकास करणे. |
| 3. | प्रभाग समिती आयए वार्ड क्र. 109 मधील पापडस नाका ते शेजोजी क्रॉस पर्यंत रस्ता डांबरीकरण करणे. |

Please visit our official website
(https://Mahatenders.gov.in)

(प्रवीण पाचोळे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका

# दक्षिण मुंबई में फेरीवालों पर कार्रवाई बनी बहस का मुद्दा

**सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के कालबादेवी,भूलेश्वर, पायधुनी और जवेरी बाजार जैसे व्यस्त इलाकों में फेरीवालों के खिलाफ चल रही कार्यवाई शहर में चर्चा का विषय बन गई हैं। जहां स्थानीय निवासी और व्यापारी इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं,वहीं फेरीवालों का एक समूह इसे अपनी आजीविका पर प्रहार बता रहा हैं। स्थानीय लोगो का कहना हैं कि अवैध फेरीवाले न केवल यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा डालते बल्कि वैध रूप से काम करने वाले व्यापारियों के हितों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। उनका मानना हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकता। फेरीवालों ने प्रशासन के इस कदम का विरोध करते हुए दावा किया हैं कि उन्होंने अपने धंधे को स्थापित करने के लिए बैंको और अन्य वित्तीय संस्थानों से कर्ज लिया हैं। उनका कहना हैं कि यदि उन्हें अचानक हटाया गया, तो वे इन कर्जो को कैसे चुकाएंगे। कुछ ने यह सवाल भी उठाया हैं कि क्या मनपा या प्रशासन उनके कर्ज का भुगतान करेगा। इसके जवाब में स्थानीय निवासियों और व्यापारियो का तर्क हैं कि कर्ज लेना हर व्यक्ति का निजी मामला हैं और इसे प्रशासन या किसी संस्था की जिम्मेदारी बनाना गलत हैं। एक दुकानदार ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह शराब पीकर गाड़ी चलाना कानूनन अपराध हैं,उसी तरह बैंकों द्वारा अवैध अतिक्रमण करने वालो को कर्ज देना भी ग़ैरकानूनी माना जाना चाहिए। उनका कहना हैं कि इस तरह की गतिविधियां नियमों की अनदेखी कर अवैध कार्यों को बढ़ावा देती हैं, जिसे किसी भी सूरत में प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए। इस बहस ने धार्मिक और क्षेत्रीय भेदभाव के मुद्दे को भी जन्म दिया हैं। कुछ फेरीवालों ने आरोप लगाया हैं कि मनपा हिंदू बहुल इलाकों में तो सख्ती से कार्रवाही करती हैं, लेकिन मुस्लिम बहुल इलाकों में कार्रवाई से बचती हैं। हालांकि, स्थानीय निवासियों ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई धर्म और क्षेत्र की परवाह किए बिना होनी चाहिए। उनका मानना हैं कि ऐसे मुद्दो को सांप्रदायिक रंग देकर अवैध गतिविधियों को सही ठहराना अनुचित हैं। प्रशासन ने इस मामले में अभी तक कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना हैं कि अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई के साथ-साथ फेरीवालों के पुनर्वास की व्यवस्था भी की जानी चाहिए।

▪ स्थानीय निवासी और सभी व्यापारी इस अभियान का कर रहे भरपूर समर्थन

# पठन संस्कृति को बढ़ावा देने को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा "वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा" नामक पहल राज्य भर में चलाई जा रही है। ग्रंथालय संचालनालय के अंतर्गत राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, मुंबई की ओर से छात्रों के लिए "वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा" पहल के तहत सामूहिक पठन, पुस्तक प्रदर्शनी, पठन कौशल कार्यशाला, पुस्तक समीक्षा और कहानी कथन, करियर मार्गदर्शन और पठन कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय निदेशक अशोक गाडेकर, पुस्तकालय उपनिदेशक काकड, यंग लेडीज हाईस्कूल की शिक्षिकाएं उषा वर्मा, सुजाता महाजन, वर्षा शिंदे, छात्राएं और अन्य पाठक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पुस्तकालयाध्यक्ष शालिनी इंगोले ने सभी मान्यवरों और छात्रों का पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। पुस्तकालय निदेशक अशोक गाडेकर ने पठन कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए पठन के महत्व पर प्रकाश डाला और कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता, दयानंद कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, सोलापुर के प्रा. शामकुमार पां. देशमुख ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने पठन का अर्थ, इसके लाभ, क्या पढ़ा जाए और पढ़ने की विभिन्न विधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पठन से मानसिक ताकत, समझने की क्षमता और वैचारिक स्तर में वृद्धि होती है। इस अवसर पर पठन के मूलभूत पहलुओं को समझाया गया। उन्होंने बताया कि पठन के चार स्तर होते हैं और प्रत्येक स्तर पर हमारी वैचारिक क्षमता में परिवर्तन होता है। पठन की आदत विकसित करने के लिए प्रतिदिन अपनी रुचि के विषय पर कम से कम 20 मिनट पढ़ने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।

▶▶ उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा "वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा" की पहल

**PANVEL MUNICIPAL CORPORATION PANVEL**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online bids are invited from bidders to perform of the following work on behalf of the the Commissioner, Panvel Municipal Corporation, Panvel (here-in-after called CORPORATION) and will be received online on the website www.mahatenders.gov.in as per time schedule (key dates) in the notice published on the above website.

| Sr. No. | Name of Work | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Period of work |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for Cleaning and Removing Chock-up of Urinals and Toilets within PMC Limits | 24.71 lakh | 3000 + 5% GST | 60 Year |

**Key Dates -**

| Sr. No. | Description | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Publish Date | 08/01/2025 at 12.00 |
| 2 | Document Download Start Date | 08/01/2025 at 15.00 |
| 3 | Document Download End Date | 03/02/2025 at 15.00 |
| 4 | Pre Bid Meeting | 15/01/2025 at 12.00 |
| 5 | Bid Submission Start Date | 08/01/2025 at 15.00 |
| 6 | Bid Submission End Date | 03/02/2025 at 15.00 |
| 7 | Bid Opening Date | 04/02/2025 at 15.00 |

Sd/-
Additional Commissioner
Panvel Municipal corporation

Tender Notice NO.: PMC/SWM/2524/Sr.No.311/23/2025
Dated: 07/01/2025

**Police Headquarters, Chhattisgarh**
**Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, 492002**
**TENDER DOCUMENT (3rd Call)**

**40mm MGL HE Shell**

No. PHQ/P&P/Arms/137/2025 Nava Raipur, Dated: 06/01/2025

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Original Equipment Manufacturer (OEM) or authorized (Only one firm by OEM) for the following item:

| Sl. No. | Name of Items | Qty | EMD in Rs | Minimum average annual turnover (Last 3 years) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 40mm MGL HE Shell (muzzle loaded) | 3900 | 4,70,000/- | 9.36 Cr. |

**Note: Quantity will be variable.**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below:

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Address for submission of tender document: | DIG of Police (P&P), Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur-Atal Nagar, Chhattisgarh, Pin - 492002 |
| (b) | Last Date and Time of Submission on Bids: | **27/01/2025 till 03:00 pm** Block No. 03, Room No. 309, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid: | **27/01/2025 at 04:00 pm** Block No. 03, Room No. 309, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (d) | Place, Time and Date of opening Financial Bid: | **Shall be intimated later.** |
| (e) | Date till which the Bid to remain valid: | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

**Notes:**

1. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of **document tender fee 3,000/-** will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (Other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favor of **Director General of Police PHQ, C.G. Raipur** or State Govt. Challan of Rs. 3,000/- to be deposited in the Head of A/c 0055-Police, 800- other receipt. Tender fee is non-refundable and can't be exempted in any condition.
2. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03:00 pm on dt. **27/01/2025** at Block No. 03, Room No. 309 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.
3. The purchaser shall not be responsible for any postal delay resulting into non-receipt/non-delivery or late receipt of tender documents.
4. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day.
5. Modification/Amendments/Corrigendum, if any, shall not be advertised on the newspaper but shall be published in the aforesaid website only and the time of submission of bid will also be extended if required.
6. Quantity will be variable at any stage without assigning any reason.

(Manish Sharma)
DIG of Police (P&P)
For - Director General of Police

G/242505146/5

# बुनियादी ढांचे का विकास आवश्यक : शंभूराज देसाई



▶▶ राज्य में पर्यटन को गति देने की योजना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य में पर्यटन को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास और पर्यटन योजनाओं का सख्ती से क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही आगामी सौ दिनों में लागू की जाने वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ऐसे निर्देश पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने दिए। मंत्री देसाई की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पर्यटन राज्यमंत्री इंद्रनील नाईक, पर्यटन सचिव जयश्री भोज, पर्यटन निदेशक डा. बी एन पाटील, महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल के प्रबंध निदेशक मनोज सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री देसाई ने कहा कि राज्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, गांव से लेकर राज्य स्तर तक जहां-जहां पर्यटन स्थलों का विकास हो रहा है, उनकी जानकारी प्रत्येक जिला अधिकारी से प्राप्त कर समग्र पर्यटन विकास के लिए नीति लागू की जाए। नई पर्यटन नीति, पर्यटन निदेशालय के तहत वर्गीकृत कार्य, पर्यटन स्थलों का वर्गीकरण, प्रचार-प्रसार अभियान, कृषि पर्यटन नीति, साहसिक पर्यटन नीति, कैरावैन नीति, बीच शैक नीति आदि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर मौजूद हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन वृद्धि के लिए पर्यटन नीति 2024 का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। विभिन्न पर्यटन नीतियों, पर्यटन निदेशालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों, क्षेत्रीय पर्यटन विकास योजनाओं, और केंद्र सरकार की सहायता से चल रहे परियोजनाओं को गति देने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

### गोंदिया में एमटीडीसी ने नवेगांव बांध में पर्यटक निवास

# सीएम फडणवीस ने किया उद्घाटन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोंदिया।** महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) ने विदर्भ के गोंदिया जिले में एक सर्वसुविधायुक्त पर्यटक सूचना केंद्र की स्थापना की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को मुंबई से इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। निगम ने क्षेत्रीय पर्यटन विकास योजना से 21 करोड़ की राशि से पर्यटक स्थल नवेगांवबांध में पर्यटक आवास का निर्माण किया है। यहां उपलब्ध सुविधाओं में विशेष सुइट्स, डीलक्स सुइट्स, मानक सुइट्स और 8-बिस्तर वाले शयनगृह, एक रेस्तरां और मनोरंजन के लिए एक स्विमिंग पूल शामिल हैं। यहां कुल 18 डीलक्स सुइट, महिलाओं के लिए एक डॉरमेट्री सुइट, 1 पुरुषों के लिए डॉरमेट्री सुइट, 1 चेंजिंग रूम और एक प्रतीक्षा कक्ष है।

### नवेगांव बांध एक पर्यटक आकर्षण

इटियादोह बांध गोंदिया, भंडारा और गढ़चिरौली जिलों के लिए एक सिंचाई परियोजना है और यह मोरगांव अर्जुनी तहसील में स्थित है। यह परियोजना फाटल मछली और झींगा के लिए प्रसिद्ध है। तिब्बती कालीन निर्माण केंद्र पास में ही स्थित है। इसके अलावा, तिब्बती कैंप, गोथांगांव एक विश्व प्रसिद्ध विशाल जलाशय है जो मोरगांव-अर्जुनी तहसील में नवेगांव बांध से 10 किमी और प्रतापगढ़ तीर्थ स्थल से 3 किमी दूर स्थित है। यहाँ तिब्बतियों और बंगालियों का एक शिविर है।

### 152.81 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला नागजीरा अभयारण्य

नागजीरा अभयारण्य 152.81 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है और यह स्तनधारियों की 34 प्रजातियों, पक्षियों की 166 प्रजातियों और सरीसृपों की 35 प्रजातियों का घर है। यहां के जंगलों में मुख्य रूप से चीतल, सांभर, बाघ, भालू और जंगली सूअर जैसे जानवर तथा तीतर और मोर जैसे पक्षी पाए जाते हैं। अभयारण्य में सजावटी वृक्षों, सुगंधित और औषधीय पौधों तथा आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण वृक्षों की लगभग 200 प्रजातियां हैं, साथ ही पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वस्तु संग्रहालय भी है।

### प्रतापगढ़ गांव में स्थित यह ऐतिहासिक किला



प्रतापगढ़ गांव के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित यह ऐतिहासिक किला, शिवतीर्थ, मोरगांव-अर्जुनी तालुका का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। गोंदिया जिले का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है। पहाड़ पर स्थित दरगाह और शिव मंदिर आकर्षण का केंद्र हैं। यह क्षेत्र पर्वतीय राजाओं की भूमि के रूप में जाना जाता है। 50 किलोमीटर लंबा भूमिगत साहंगड़ किला (सांगड़ी तक) स्थित है। यहां से इन सभी स्थानों पर आसानी से जाया जा सकता है और पर्यटक प्रत्येक स्थान पर प्रकृति की अद्भुत सुंदरता का अनुभव कर सकते हैं।

### महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस

# छात्रों को दी गई कानून एवं आत्मरक्षा की जानकारी

### विरार के शिक्षण संस्थानों में 'राइजिंग डे' सप्ताह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**विरार।** महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दो से सात जनवरी के दौरान विरार के कई स्कूलों और कॉलेजों में 'राइजिंग डे' सप्ताह का आयोजन किया गया । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून एवं आत्मरक्षा के बारे में जानकारी देकर जागरूक करना था। पालघर जिला पुलिस बल और मीरा भायंदर वसई विरार आयुक्तालय पुलिस बल ने विरार पुलिस स्टेशन में भास्कर वामन, एनकेजीबी स्कूल सहित 13 से अधिक स्कूलों में राइजिंग डे का आयोजन किया गया । सहायक पुलिस निरीक्षक शोप्निल कदम, पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र घुगे ने छात्रों को 'राइजिंग डे' के बारे में जानकारी दी और छात्रों को बुरी आदतों से दूर रहने और लड़कियों को आत्म सुरक्षा की सलाह दी। इसके साथ ही पुलिस उप निरीक्षक अविनाश हटखिले, सहायक फौजदार पुलिस तफज्जुल सेख ने छात्रों को सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और प्रतियोगी परीक्षाओं के



बारे में मार्गदर्शन देते हुए एक अच्छा इंसान बनने की सलाह दी। इस दौरान पुलिस और शिक्षण संस्थान के स्टाफ और छात्र छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एसीपी बजरंग देसाई के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश गायकवाड़, क्राइम पुलिस निरीक्षक प्रतापराव कदम ने किया।

### बीड में सरपंच की हत्या का मामला

# मुंडे समर्थक की मुश्किलें बढ़ीं!

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड में पुलिस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे के एक समर्थक का बंदूक लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में मुंडे का यह समर्थक हवा में गोली चलाता नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बीड जिले के मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के बाद मुंडे को सहयोगियों और विपक्ष की ओर से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीड के परली निवासी कैलास फड़ को पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था, क्योंकि बंदूक लहराने और हवा में गोलियां चलाने का उसका पुराना वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया पर आया था। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो 2023 में दिवाली के दौरान परली में शूट किया गया था। हाल ही में एक कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की थी जिसमें फड़ को मुंडे के साथ देखा जा सकता है।

# मनपा इमारत में स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** वसई विरार शहर महानगरपालिका अंतर्गत वसई पूर्व के फादरवाड़ी में जिला प्रशासन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र था। इस स्वास्थ्य केंद्र की जगह पर महानगरपालिका ने बहुउद्देश्यीय इमारत का निर्माण किया है। इस बहुउद्देश्यीय इमारत में स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने की पिछले कई वर्षों से शिवसेना पूर्व नगरसेविका शिल्पा सिंह मांग कर रही थी। हालांकि 2 वर्ष पहले महानगरपालिका ने स्पष्ट किया था कि इस इमारत में स्वास्थ्य केंद्र शुरू किया जाएगा। लेकिन आज तक मनपा विभाग ने इस भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू नहीं किया हैं। इस भवन के पास के क्षेत्र गोखिवारे,फदरवाड़ी, सातीवली, वालिव,भोईदापाड़ा,जानकीपाड़ा, रेंज ऑफिस,गोलानी नाका,गवराई पाड़ा हैं। जिनमें आधी से अधिक आबादी आदिवासी समुदाय की हैं। इस क्षेत्र के लोग जिला प्रशासन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद होने से पिछले 4 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। ऐसी चर्चा हैं कि मनपा प्रशासन इस भवन में पीपीपी आधार पर स्वास्थ्य केंद्र शुरू करेंगा।



# रुइया कॉलेज में नाटक-साहित्य के महत्व पर मंथन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** रामनारायण रुइया स्वायत्त महाविद्यालय के भाषा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नाटक और साहित्य के महत्व पर विचार-विमर्श हुआ। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। हिंदी विभागाध्यक्ष डा. प्रवीण चंद्र बिष्ट ने अतिथि का स्वागत किया, और सहायक प्राध्यापक सिद्धार्थ द्विवेदी ने उनके साहित्यिक योगदान का परिचय दिया। मुख्य अतिथि डा. वसुधा सहस्त्रबुद्धे ने नाटक को मनोरंजन से परे सामाजिक संदेश का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने नाटक के तीन मुख्य तत्वों- कथा वस्तु, पात्र और रस- पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नाटक के उद्देश्य को जीवन में आदर्शों के प्रति जागरूकता और सही-गलत के प्रति संघर्ष बताया। सवाल-जवाब सत्र में उन्होंने प्राध्यापकों और छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम का समापन मराठी विभाग की प्राध्यापिका शिल्पा नेवे द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया। संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा किरण साहू ने कुशलता से किया।

# उदित नारायण की बिल्डिंग में लगी आग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी वेस्ट में सिंगर उदित नारायण की बिल्डिंग में सोमवार रात भयावह आग लग गई। अंधेरी वेस्ट के शास्त्री नगर में सिंगर की बिल्डिंग स्काईपैन अपार्टमेंट सोमवार रात करीब 9.15 बजे आग की लपटों में घिर गया। सोशल मीडिया पर इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें बिल्डिंग को धू-धू करती आग की लपटों में घिरे देखा जा सकता है। हालांकि, इस हादसे में उदित नारायण या उनके परिवार के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उदित नारायण और उनका परिवार सुरक्षित है, जिस फ्लोर पर आग लगी उस फ्लोर पर उनका घर नहीं है। जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त परिवार घर में था या नहीं इसको लेकर कोई औपचारिक सूचना अब तक सामने नहीं आई है। ना ही एक्टर या उनके परिवार ने अब तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया दी है। बिल्डिंग में लगी आग का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। अनूप जायसवाल नाम के X यूजर ने एक वीडियो शेयर किया है। यूजर के अनुसार, ये वीडियो उनकी एक फ्रेंड ने अपने घर की खिड़की से शूट किया है। इस वीडियो में एक बिल्डिंग को भीषण आग में घिरे देखा जा सकता है। यूजर ने लिखा- 'स्काईपैन अपार्टमेंट, सब टीवी लेन, अंधेरी वेस्ट में आग। एक दोस्त ने उसकी खिड़की से ये वीडियो शूट किया है। अब समय आ गया है कि अंधेरी वेस्ट को एक फायर स्टेशन मिले।

# उद्धव को नहीं दिखेगी पीएम मोदी की सादगी : बावनकुले

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि उद्धव ठाकरे को प्रधानमंत्री मोदी की सादगी नजर नहीं आएगी। दरअसल सोमवार को 'सामना' अखबार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए उन्हें 'विलासी राजा' बताया गया था।

चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "ढाई साल तक 'अत्यधिक विलासिता' मे रहने वाले उद्धव ठाकरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हैं। इसे एक बड़ा मजाक ही कहा जा सकता है। दूसरों पर विलासितापूर्ण जीवन शैली जीने का आरोप लगाने वालों को प्रधानमंत्री मोदी की जीवन यात्रा पर एक नजर डालनी चाहिए। जब एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बनता है, तो यह केवल उसकी सादगी और कड़ी मेहनत के कारण होता है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, "पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। पीएम मोदी ने अपने राजनीतिक और निजी जीवन दोनों में हमेशा सादगी को बरकरार रखा है। हालांकि उनकी सादगी 'मातोश्री टू' बनाने वाले उद्धव ठाकरे से नहीं देखी जाएगी, इसलिए वे दिल्ली में शीश महल बना रहे अरविंद केजरीवाल की मदद के लिए दौड़ पड़े हैं। "प्रधानमंत्री की विदेश यात्राएं देश की छवि को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने के लिए होती हैं। उपहारों का विषय लाना केवल देश के विकास से ध्यान भटकाने का प्रयास है। भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि वास्तव में आपको परेशान करने वाली प्रतीत होती है।

### पनवेल मनपा के आयुक्त का निर्देश

# महाराष्ट्र भूषण डॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी उपजिला अस्पताल में गहन स्वच्छता अभियान आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पनवेल।** महाराष्ट्र भूषण डॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी उप जिला अस्पताल में मंगलवार को पनवेल मनपा के आयुक्त मंगेश चितळे के निर्देश पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन मनपा के घनकचरा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। महाराष्ट्र भूषण डॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी उपजिला अस्पताल पनवेल शहर का एक प्रमुख सरकारी अस्पताल है, जहां पनवेल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। उपायुक्त डॉ. वैभव विधाते के निर्देशानुसार इस अभियान के तहत अस्पताल के अंदर और बाहर की पूरी सफाई की गई। सफाई अभियान को सहायक आयुक्त स्मिता काळे के मार्गदर्शन और नियोजन के तहत सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अरुण कांबले, स्वच्छता निरीक्षक, और 150 स्वच्छता दूत अभियान में शामिल रहे। साथ ही, अस्पताल परिसर में कीटाणुनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया गया। अभियान के दौरान लगभग 3 टन ठोस कचरा हटाया गया और अस्पताल के शौचालयों से संबंधित शिकायतों का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक गीते भी उपस्थित थे। यह अभियान मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया और इसे सफल बनाने में मनपा कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सीए वीजेंद्र जैन ने रचा इतिहास



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा भायंदर के सीए वीजेंद्र जैन ने आईसीएआई के डब्ल्यूआईआरसी के चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज की है। सीए अभिषेक तिवारी ने बताया कि विजेंद्र जैन को 2156 वोट मिले जो एक इतिहास है। मुंबई में प्रथम और महाराष्ट्र गुजरात और गोवा में टॉप 5 में आने का गौरव प्राप्त हुआ है। मीरा भायंदर स्थित वसई ब्रांच मेंबर में ख़ुशी का माहौल और उत्साह है। पहली बार वसई ब्रांच आरसीएम प्रत्याशी को सर्वाधिक वोट मिले हैं। सभी पास्ट चेयरमैन और मेंबर्स ने सीए वीजेंद्र जैन को मिले ऐतिहासिक जीत की शुभकामना और बधाई दी है। लायंस क्लब ऑफ़ मुंबई रीजॉइस के प्रेसिडेंट और सभी पास्ट प्रेसिडेंट ज़ोरदार स्वागत किया और बधाई दी।

# अयोध्या की तर्ज पर होगा सीतामढ़ी का विकास : सांसद ठाकुर

राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स



**मीरा भायंदर।** अयोध्या मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर ही सीतामढ़ी का चौमुखी विकास किया जाएगा यह कहना है सांसद देवेशचंद्र ठाकुर का। मैथिली समाज को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रभु श्री राम का मंदिर और अयोध्या कॉरिडोर साकार हुआ, उसी तरह माता सीता के प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी में भी जनक नंदिनी माता सीता के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 75 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है। सीतामढ़ी के पास ही पुनौरा में 50 एकड़ जमीन भी अधिग्रहित कर ली गई है। सांसद देवेशचंद्र ठाकुर मैथिल विकास प्रतिष्ठान (एमवीपी) के छठवें वार्षिक उत्सव में शामिल होने आए थे जहां उनका सम्मान किया गया। ठाकुर ने कहा कि उन्होंने सांसद निर्वाचित होने के बाद सीतामढ़ी से पटना और मिथिला के प्रवासियों के लिए मुंबई से सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक ट्रेन शुरू कराने का कार्य किया। इस अवसर पर उन्हें "श्रेष्ठ मैथिल पुरस्कार २०२४ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सांसद ठाकुर ने मीरारोड में निर्माणाधीन " मैथिली भवन " के लिए 5 लाख रुपए अनुदान देने की भी सार्वजनिक घोषणा की। गोपाल सिंह सोलंकी को मैथिल समाज के प्रति उनके योगदान के लिए "मैथिल मित्र पुरस्कार 2022" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विक्रम प्रताप सिंह ने शीघ्र ही मैथिली भवन का कार्य पूर्ण होने और इस भवन को प्रतिष्ठान को लोकार्पण करने का वचन दिया। विधायक नरेंद्र मेहता, बीजेपी के 145 विधानसभा क्षेत्र प्रमुख एड. रवि व्यास ने प्रतिष्ठान द्वारा किए जा रहे समाजोन्मुख कार्य के लिए मुक्त कंठ से सराहना की।इस अवसर पर मैथिल समाज बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित रहा जिसे देखकर आयोजकों ने कहा कि आनेवाले दिनों में हॉल की बजाय किसी बड़े मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में मनोरंजन झा और उनकी टीम ने पारंपरिक मैथिली गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया मनीषा झा ने "अयि गिरि नन्दिनी नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते " मैथिली गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक डॉ. मोहन झा अध्यक्ष आमोद कुमार झा, सचिव पंडित गौरीकांत झा ,उपाध्यक्ष वंदना मिश्र , संरक्षक एवं कोषाध्यक्ष भावेश झा, संयुक्त सचिव मोद नारायण झा , प्रकाश चौधरी , संरक्षक रामसुंदर झा , विनोद मिश्रा एवं नीलेश झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- बिहार के सीएम ने की 75 करोड़ रुपए की मदद
- अधिग्रहित कर ली 50 एकड़ जमीन
- सांसद 'श्रेष्ठ मैथिल पुरस्कार 2024' पुरस्कार से सम्मानित
- मीरारोड में निर्माणाधीन 'मैथिली भवन' को पांच लाख रुपए

# दादर रेलवे स्टेशन पर कॉलेज जा रही लड़की के काटे बाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन पर एक सिरफिरे ने लड़की की चोटी काट दी। लड़की को जब तक इस बात का अहसास हुआ कि उसकी चोटी किसी ने काट दी है, तब तक आरोपी मौका-ए-वारदात से फरार हो गया। एक लड़की माटुंगा के एक कॉलेज में जाने के लिए एक विशेष महिला लोकल ट्रेन से कल्याण से दादर स्टेशन पर उतरी थी। बाद में, जब वह दादर पश्चिम में तरूणी कॉलेज की ओर जा रही थीं, तो उसे कुछ चुभता हुआ महसूस हुआ। लड़की ने जब पीछे मुड़कर देखा, तो एक आदमी बैग लेकर तेजी से जा रहा था। तभी लड़की ने नीचे देखा, तो बालों का एक गुच्छा नीचे गिरता हुआ दिखा। लड़की ने जब अपने बालों में हाथ फिराया, तो पाया कि उसके बाल कटे हुए हैं। कुछ पल के लिए लड़की को समझ ही नहीं आया कि आखिर ये क्या हो गया? वह सदमे में थी। लेकिन इसके बावजूद लड़की ने बाल काटने वाले शख्य का पीछा भी किया, लेकिन वह आदमी भीड़ में कहीं गुम हो गया। इस मामले में लड़की की शिकायत के बाद मुंबई सेंट्रल रेलवे पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस भी हैरान है कि आखिर इस शख्स ने लड़की की चोटी क्यों काटी? पुलिस इस केस में एकतरफा प्यार के एंगल पर भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उल्हासनगर मनपा में 'पत्रकार दिवस' आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका के महासभागृह में 'पत्रकार दिवस' के उपलक्ष्य में शाम पांच बजे एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासक तथा आयुक्त विकास ढाकणे और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मराठी के आद्य पत्रकार आचार्य बाळशास्त्री जांभेकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर आयुक्त विकास ढाकणे, अति. आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त अजय साबळे, सहायक आयुक्त मयुरी कदम, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मालवनकर और नानिकराम मंगलानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों का स्वागत जनसंपर्क कार्यालय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। प्रारंभ में पत्रकार रविंद्र धांडे, प्रफुल केदारे और मनपा कर्मचारी सतीश राठोड़ ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके बाद उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए। मनपा प्रशासक तथा आयुक्त विकास ढाकणे और अति. आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने सभी पत्रकारों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगळे ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न वरिष्ठ पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्ज हुई, जिनमें लोकमत के सदानंद नाईक, आपलं महानगर और मुंबई चौफेर के राजू गायकवाड़, दिलीप मिश्रा, सुरेश काते, अजय दुधाणे, किरण तेलगोटे सहित अन्य प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर मनपा के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद में साथियों पर चाकू से हमला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के एक स्कूल में मामूली झगड़े ने खौफनाक रूप ले लिया जब दो नाबालिग छात्रों ने अपने साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। एंटॉप हिल पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को उनके स्कूल परिसर में दो अन्य लड़कों पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक ने अपने स्कूल बैग में चाकू रखा था और प्री-बोर्ड परीक्षाओं के लिए बैठने की व्यवस्था को लेकर हुई बहस के बाद उसने पीड़ित पर हमला कर दिया। यह घटना सोमवार सुबह करीब 8। 30 बजे सामने आई, जब हमें दो स्कूली लड़कों के घायल होने की सूचना मिली। दोनों लड़कों को सायन अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। दो अन्य लड़कों को हिरासत में लिया गया है और हम मामले की जांच कर रहे हैं। वे सभी एक ही स्कूल में पढ़ते हैं और परीक्षा के लिए बैठने की व्यवस्था को लेकर उनमें विवाद हुआ था," डीसीपी (जोन IV) आर रागसुधा ने कहा। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए दोनों लड़के हिंदी मीडियम सेक्शन में पढ़ते हैं जबकि दो घायल उसी स्कूल के अंग्रेजी मीडियम सेक्शन में पढ़ते हैं। "सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर उनमें झगड़ा हुआ और जब स्थिति बिगड़ी, तो मुख्य आरोपी ने अपने स्कूल बैग से चाकू निकाला और पीड़ितों पर हमला कर दिया। डीसीपी रागसुधा ने कहा, "दूसरे आरोपी नाबालिग लड़के ने हमले के दौरान उसकी मदद की और इसलिए दोनों को हिरासत में लिया गया।

# मीरा रोड में बच्ची से छेड़छाड़

### रिक्शा चालक को अर्धनग्न कर घुमाया



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के मीरा रोड में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना सामने आने के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने आरोपी रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद स्थानीय निवासी अवस्था में आरोपी को काशीमीरा पुलिस स्टेशन ले गए। बताया जाता है कि 12 वर्षीय बच्ची को रिक्शा चालक कुछ दिनों से परेशान कर रहा था। आरोपी की पहचान 38 वर्षीय राजू वर्मा के रूप में हुई है। रविवार 5 जनवरी की शाम बच्ची काम के सिलसिले में बाहर गई थी। राजू ने बच्ची को सार्वजनिक शौचालय में जाने का इशारा किया। बच्ची रिक्शा चालक की मंशा भांपकर मौके से भाग गई। घर पहुंचने पर उसने परिजनों को आपबीती बताई। मामला इलाके के सामाजिक संगठन तक पहुंचा। सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता ने रिक्शा चालक को रंगे हाथ पकड़ने का जाल बिछाया। बच्ची को दोबारा घटनास्थल पर जाने के लिए कहा गया। नाबालिग बच्ची को वापस आता देख रिक्शा चालक ने फिर से अश्लील टिप्पणी की। घात लगाए बैठे लोगों ने रिक्शा चालक की पकड़कर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी को निर्वस्त्र कर घुमाया। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोपी को अर्धनग्न अवस्था में काशीमीरा पुलिस स्टेशन ले जाते देखा सकता है। काशीमीरा पुलिस ने आरोपी रिक्शा चालक राजू के खिलाफ पॉक्सो में मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक लालू तुरे ने कहा, 'हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है' आगे की जांच जारी है।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

जोधपुर के एमडीएम अस्पताल का हाल

# ठेकाकर्मियों ने छोड़ा काम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल में ठेका कंपनी की ओर से ठेके पर लगे कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। उसके चलते ठेकाकर्मियों ने मंगलवार को काम का बहिष्कार करते हुए प्रशासनिक खंड के बाहर धरना देना शुरू कर दिया। ठेका कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। कई बार एमडीएम अस्पताल प्रशासन को बताने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ तो आखिरकार धरना देना शुरू कर दिया। इसके चलते अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

- तीन माह से नहीं मिला वेतन
- प्रदर्शन में सैकड़ों कर्मी शामिल



### एरियर देने की मांग की

ठेका कर्मचारी महासंघ राजस्थान के अध्यक्ष तेजपाल ने बताया कि पूर्व में हमने अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन भी दिया था। जिसमें वेतन देने और कर्मचारियों को श्रम विभाग की गाइडलाइन के अनुसार एरियर देने की मांग भी की गई थी। वर्तमान में जनवरी 2023 से दिसंबर 2024 तक बकाया एरियर की राशि 16000 से अधिक की है। हमें बार बार वेतन पाने के लिए धरना देना पड़ रहा है। राजदीप इंटरप्राइजेज कंपनी पर अस्पताल प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### पहले भी दे चुके शिकायत

बता दें कि अस्पताल में ठेका कंपनी राजदीप एंटरप्राइजेज को लेकर लंबे समय से कई बार शिकायतें भी की गई है। यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों ने कई बार अस्पताल प्रशासन से इस कंपनी पर कार्रवाई की मांग भी की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि ठेका कंपनी की ओर से ना तो कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा रहा है ना ही उनके बकाया एरियर का भुगतान किया जा रहा है। जबकि वेतन के अभाव में उन्हें परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है। अस्पताल में लगे ठेका कर्मियों को प्रति माह के हिसाब से करीब 7000 का भुगतान किया जाता है।

# पिंजरे से भाग निकला लेपर्ड

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर में लेपर्ड के मूवमेंट ने फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है। वन विभाग भी लेपर्ड को लगातार पकड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फेल रहा है। लेकसिटी के फतहसागर झील के आसपास के एरिया में बीते 17 दिन से लेपर्ड का मवूमेंट है। मंगलवार (7 जनवरी) को एक सीसीटवी भी सामने आया है जिसमें लेपर्ड पिंजरे में घुसने के बाद भी बचकर निकल गया। यह

- दहशत में जी रहे उदयपुर के लोग
- 17 दिन से क्षेत्र में दहशत
- शाम होते ही घरों में कैद हो जाते लोग



सीसीटीवी नीमचमाता-देवाली इलाके के परशुराम कॉलोनी में सोमवार (6 जनवरी) का है। सोमवार रात को जहां लेपर्ड का मूवमेंट दिखा वो घनी आबादी एरिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरा होते ही वो घरों में कैद होने को मजबूर हो जाते हैं। सोमवार रात को जहां लेपर्ड का मूवमेंट दिखा वो घनी आबादी एरिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरा होते ही वो घरों में कैद होने को मजबूर हो जाते हैं।

### सीसीटीवी कैमरे में दिखा लेपर्ड

- स्थानीय लोगों ने बताया कि- नीमचमाता का पहाड़ी और जंगली इलाका है, जिससे लेपर्ड के आने की आशंका रहती है। इसलिए यहां पिंजरा लगाया गया है। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों में उसका मूवमेंट नजर आता है। सोमवार रात 8.46 बजे और 10.49 बजे के दो फुटेज में लेपर्ड नजर आया है। एक फुटेज में लेपर्ड पिंजरे के पास जाता है उसके आस-पास घूमते हुए अचानक पिंजरे के अंदर घुस जाता है। पिंजरा बंद होता उससे पहले ही बाहर निकलकर आ जाता है।

# बाड़मेर में दो महिलाओं सहित सात घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** विवाहिता को लाने-ले जाने को लेकर ससुराल और पीहर पक्ष के बीच विवाद हो गया। एक-दूसरे ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे दो महिला सहित सात जने घायल हो गए। घटना बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाना इलाके के भेडाना गांव में हुई। गुड़ामालानी थाने के एएसआई पाबूराम ने बताया- दोनों पक्षों की ओर से दो महिलाएं सहित सात जने घायल हुए है। इसमें एक पक्ष के बरकत खान (25) पुत्र सुमार खान, सुमार खान (60) पुत्र अली खान, मीमो (50) पत्नि सुमार खान, सलीम पुत्र सुमेर खान (22) घायल हुए। दूसरे पक्ष के निजाम खान (42) पुत्र गाजी खान, उसकी पत्नी और बेटा घायल हुए है। इसमें एक महिला सहित तीन जनों को बाड़मेर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। लहूलुहान हालात में अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर गुड़ामालनी पुलिस अस्पताल पहुंची। एक महिला सहित तीन गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बाड़मेर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल किसी की तरफ से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

- लड़की की विदाई पर मायके-ससुरालवालों में घमासान
- सात घायलों को किया रेफर



### दोनों परिवार आपस में चचेरे भाई

मिली जानकारी के अनुसार दोनों परिवार आपस में काकाई भाई भी है। एक ही गांव में पड़ोस में रहते हैं। इनके बीच विवाहिता हलीमा को लेकर बीते कुछ समय से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर मंगलवार को विवाद बढ़ा और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। विवाहिता की शादी चार-पांच साल पहले हुई थी। इसके दो बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार मंगलवार को भेडाना गांव निवासी निजाम खान पुत्र गाजी खान की बेटी हलीमा (25) की शादी पड़ोस में रहे सुमार खान (60) पुत्र गाजी खान के लड़के सलीम के साथ की हुई है। पहले ससुराल आती-जाती रहती थी। लेकिन इसके बाद दोनों के बीच अनबन हो गई। तब से विवाहिता पीहर में रह रही थी। सामाजिक स्तर पर पंचायती भी की गई। लेकिन बावजूद इसके दोनों में सहमति नहीं बनी। मंगलवार को सुबह इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि लाठी-डंडो, कुल्हाड़ी सहित अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इससे दो महिलाएं सहित सात जने घायल हुए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को गुड़ामालानी अस्पाताल लेकर आए। सूचना मिलने पर गुड़ामालानी थाने के एएसआई पाबूराम सहित मय पुलिस जाब्ता अस्पताल पहुंचे। ससुराल वालों का आरोप है कि विवाहिता के पीहर पक्ष ससुराल वालों से रुपए की डिमांड कर रहे थे। इसी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद विवाद में हथियारों से हमला कर दिया।

बाड़मेर में गाड़ी हटाने पर विवाद

# बोनट पर चढ़ा युवक, वैसे ही थाने लेकर पहुंचा ड्राइवर

युवक ने पुलिस पर लगाए आरोप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में मंगलवार को स्कॉर्पियो ड्राइवर और एक युवक के बीच गाली-गलौच हो गई। दोनों में विवाद बढ़ गया। इस बीच युवक स्कॉर्पियो के बोनट से छत पर चढ़ गया। लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी रोकने की बजाए रफ्तार बढ़ा दी और करीब दो किलोमीटर तक युवक के साथ गाड़ी को भगाते हुए सदर थाने पहुंचा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की छत पर अटका युवक जान बचाने की गुहार लगा रहा है। मामला बाड़मेर शहर के सदर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर इलाके का है, जहां मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे घटना हुई। मामले में ड्राइवर को डिटेन करने के साथ ही गाड़ी जब्त कर ली है। वीरेंद्र कुमार ने बताया- शास्त्री नगर में हमारा घर है। मेरा भाई घर से गाड़ी बाहर निकाल रहा था। इस दौरान स्कार्पियो सवार रघुवीर ने ब्रेक लगाए। फिर गाली-गलौच शुरू कर दी। पिता ने गाली देने से रोका तो उन्हें भी गाली दी। फिर गेट के शीशे ऊपर कर लिए। इस दौरान में स्कॉर्पियो गाड़ी के सामने खड़ा था। जब रघुवीर गाड़ी भगाने लगा तो मैं बोनट पर चढ़ा, फिर छत को कसकर पकड़ लिया। इस दौरान मेरे परिवार और मोहल्ले के लोगों ने पीछा किया। स्कॉर्पियो गांधी नगर, चामुंडा सर्किल होते हुए सदर थाने ले जाकर रोकी। वहां पर नीचे उतारकर रघुवीर और पुलिस वालों ने मेरे साथ मारपीट की और मेरा मोबाइल भी तोड़ दिया। एएसपी जसाराम बोस ने बताया- गाड़ी रोकने लिए वीरेंद्र स्कॉर्पियो गाड़ी पर चढ़ गया। लोगों को पीछे आता देखकर स्कॉर्पियो सवार ने गाड़ी रोकी नहीं और उसको सदर थाने ले गया। फिलहाल स्कार्पियो गाड़ी को थाने में खड़ी करवाई गई है। वहीं युवक और रघुवीर को डिटेन किया। जैसी रिपोर्ट देंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्कॉर्पियो गाड़ी के कांच भी टूटे है।



# र्गम पानी गिरने से कर्मचारी झुलसा

- जेड मशीन पर काम करते समय हादसा
- गंभीर हालत में जोधपुर रेफर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित दीपक डाइंग कंपनी में काम करते समय गर्म पानी गिरने से कर्मचारी 80 प्रतिशत झुलस गया। युवक को गंभीर हालत में बालोतरा से जोधपुर रेफर किया गया है। हादसा सोमवार रात करीब 10:30 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार दीपक डाइंग कंपनी में इरफान (21) पुत्र सफी खान सोमवार को नाइट शिफ्ट में काम कर रहा था। जहां कपड़ा प्रोसेसिंग की मशीन पर काम करते समय अचानक मशीन से उबलता हुआ पानी इरफान के ऊपर गिर गया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। मजदूरों ने तत्परता दिखाते हुए इरफान को तुरंत निजी वाहन से नाहटा अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद बालोतरा पुलिस ने नाहटा अस्पताल में पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई। वहीं अस्पताल में डाक्टरों ने घायल की स्थिति को गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर कर दिया। इरफान की हालत पर डाक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं और उपचार जारी है।



# 700 हॉस्टलर पहुंचे जसोल धाम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** राजकीय जनजाति बालक आश्रम उदयपुर संभाग के विभिन्न छात्रावासों के 700 विद्यार्थियों ने सोमवार को श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान जसोल (जसोलधाम) में पहुंचकर मां जसोल का दर्शन लाभ लिया। इस अवसर पर इन छात्रावासों के शिक्षकों की टीम भी मौजूद रही। छात्रावासों में फतह, टीमडी, टोकर, सराडा, कोटड़ा, सरेरा, आडिवली, बावलवाडा, ओडा, गोराना, भौराईपाल, झाडोल पुराना, काली भित, भवराना, मालवा का चौरा, झाडोल सराडा, बागपुरा, फलासिया, दैया, करावली, बलिया, बारापाल और लसाडिया जैसे स्थानों के विद्यार्थियों ने शामिल होकर श्री राणीसा भटियाणीसा सहित मंदिर प्रांगण स्थित समस्त मंदिरों का दर्शन का लाभ लिया। इस दौरान शिक्षक संजय अहारी ने कहा कि हमारा प्रथम बार जसोल धाम आना हुआ है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मां जसोल के दर्शन कर हम सभी को आध्यात्म की प्राप्ति हुई।

हम सभी मां जसोल से यही प्रार्थना करते है कि हमें अगली बार बहुत ही जल्द जसोल धाम बुलाएं ताकि हम और भी अधिक संख्या में आकर दर्शन लाभ लेकर हमारे जीवन को धन्य कर सकें। साथ ही कहा कि संपूर्ण मंदिर प्रांगण को भक्तों की सुविधार्थ बहुत ही सुंदर तरीके से बनाया गया है। जसोल धाम धर्मशाला में आकर ऐसा लग रहा है, जैसे हम स्वर्ग में आ गए है। साथ ही जसोल धाम भोजनशाला को लेकर उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का ऐसा उदाहरण हमें कम ही स्थानों पर देखने को मिलता है। दर्शन लाभ के पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जसोलधाम भोजनशाला में अन्नपूर्णा प्रसाद ग्रहण कर सर्व धर्म सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को आत्मसात करते हुए सभी ने जसोल धाम के प्रति आभार व्यक्त किया। यह यात्रा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव और प्रेरणादायक रही। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस यात्रा से धार्मिक अनुभव प्राप्त किया। साथ ही सामाजिक समरसता का भी महत्व समझा।

# 3.5 लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

उदयपुर से गुजरात ले जा रहे थे शराब

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर जिले की खेरवाड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह अवैध शराब से भरी कार को जब्त करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि मंगलवार तड़के अवैध शराब से भरी कार उदयपुर से गुजरात की ओर जा रही थी। सूचना पर खेरवाड़ा पुलिस ने नेशनल हाईवे-48 पर नाकाबंदी की। इस दौरान कार सवार तस्कर नाकाबंदी तोड़ भागने लगे।

### पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

- इस पर खेरवाड़ा पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ा। कार को खेरवाड़ा थाना लाकर जांच की तो कार में राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब पाई गई। पुलिस के अनुसार अवैध शराब उदयपुर से गुजरात ले जाई जा रही थी। अवैध शराब की कुल कीमत 3.5 लाख रुपए है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब व कार जब्त कर आरोपी विष्णु निवासी बाड़मेर और नेपाल सिंह निवासी कुराबड़ को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई जारी है।




## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 234 अंक तेजी के साथ 78,199 पर बंद

- बीएसई स्मॉल कैप में 945 अंक की बढ़त रही
- निफ्टी भी 91 अंक चढ़ा



**मुंबई।** सेंसेक्स सात जनवरी को 234 अंक की तेजी के साथ 78,199 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 91 अंक की तेजी रही, ये 23,707 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 945 अंक की बढ़त के साथ 55,282 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में तेजी और 18 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.64% की तेजी रही। रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, जोमैटो, टीसीएस और एचसीएल टेक ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.97% और कोरिया के कोस्पी में 0.14% की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.71% की तेजी के साथ बंद हुआ। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड और कैपिटल इन्फ्रा ट्रस्ट इनविट का आईपीओ मंगलवार को ओपन हो गया है। निवेशक नौ जनवरी तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 14 जनवरी को शेयर बीएसई-एनएसई पर लिस्ट होंगे। एनएसई के डेटा के अनुसार, छह जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 2,575.06 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भी 5,749.65 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। छह जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.060% की गिरावट के साथ 42,706 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.55% की बढ़त के साथ 5,975और नैस्डैक 1.24% चढ़कर 19,864 के स्तर पर बंद हुआ।

### बाजार में रही बड़ी गिरावट

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन छह जनवरी को सेंसेक्स 1258 अंक की गिरावट के साथ 77,964 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 388 अंक की गिरावट रही, ये 23,616 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1778 अंक गिरकर 54,337 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और तीन में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में गिरावट और सात में तेजी रही। जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में सभी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। पीएसयू बैंक सबसे ज्यादा 4.00% की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही रियल्टी में 3.16%, मेटल में 3.14%,मीडिया में 2.71% और ऑटो सेक्टर 2.18% की गिरावट रही।

# एसबीआई ने शुरू की 'हर घर लखपति स्कीम'

हर महीने 591 जमा करने पर मिलेंगे एक लाख

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई ने एक नई रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) स्कीम शुरू की है। इसे हर घर लखपति का नाम दिया गया है। इस स्कीम के तहत आप हर महीने छोटी-छोटी रकम जमा कर अपने अकाउंट में एक लाख रुपए या उससे अधिक जमा कर सकेंगे। इसमें सामान्य नागरिकों को अधिकतम 6.75% और वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) को अधिकतम 7.25% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। सबसे पहले समझें आरडी क्या है? रिकरिंग डिपॉजिट या आरडी बड़ी बचत में आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमाल गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और इसके मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी। हर घर लखपति का मैच्योरिटी पीरियड आमतौर पर तीन साल से 10 साल तक रहता है। यानी आप तीन साल से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं। कौन कर सकता है इसमें निवेश कोई भी भारतीय नागरिक इस स्कीम में निवेश कर सकता है। व्यक्ति इसमें अकेले या जॉइंट अकाउंट खोल सकते हैं। वहीं माता-पिता (अभिभावक) अपने बच्चे (10 साल से अधिक उम्र का और स्पष्ट हस्ताक्षर करने में सक्षम) के साथ खाता खोल सकते हैं। आरडी से कमाए ब्याज पर लगता है टैक्स रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) से होने वाली ब्याज आय अगर 40 हजार रुपए (सीनियर सिटीजन के मामले में 50 हजार रुपए) तक है तो इस पर आपको कोई टैक्स नहीं देना होता। इससे ज्यादा आय होने पर 10% टीडीएस काटा जाता है। टैक्स के दायरे में नहीं तो फॉर्म 15एच-15जी करें जमा अगर आपकी आरडी से सालाना ब्याज आय 40 हजार रुपए (सीनियर सिटीजन के मामले में 50 हजार रुपए) से अधिक है, लेकिन आपकी कुल सालाना आय (ब्याज आय मिलाकर) उस सीमा तक नहीं है, जहां उस पर टैक्स लगे तो बैंक टीडीएस नहीं काटता है। इसके लिए सीनियर सिटीजन को बैंक में फॉर्म 15एच और अन्य लोगों को फॉर्म 15जी जमा करना होता है। फॉर्म 15जी या फॉर्म 15एच खुद से की गई घोषणा वाला फॉर्म है। इसमें यह बताते हैं कि आपकी आय टैक्स की सीमा से बाहर है।



माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला का ऐलान

# भारत में 25,722 करोड़ करेगी निवेश

Microsoft

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। माइक्रोसॉफ्ट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सत्य नडेला ने सात जनवरी (मंगलवार) को भारत में अगले दो साल में अपने क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बिजनेस में तीन बिलियन डॉलर यानी 25,722 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। सत्य नडेला ने यह ऐलान माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के बेंगलुरु फेज में किया। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, 'देश के एआई ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद करने के लिए भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किलिंग में हमारे नए निवेश की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।' भारत को एआई-फर्स्ट नेशन बनाने में मदद करने के लिए कंपनी के प्रयासों के हिस्से के रूप में यह घोषणा की गई है। नडेला ने पहले कहा था कि उनका मानना है कि भारत में एआई में बहुत संभावनाएं हैं। सत्य नडेला ने यह भी कहा था कि वह चाहते हैं कि सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट इस तेजी से फैलती टेक्नोलॉजी के लाभों को प्राप्त करने में असिस्टेंट यानी सहायक की भूमिका निभाए।

## आपका राशिफल 8 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक 3 6 9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक 2 4 6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान सम्मान बढ़ेगा। शुभांक 7 3 9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक 6 8 9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

# चार साल के निचले स्तर पर आ सकती जीडीपी

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद यानी, जीडीपी का अनुमान 6.4% पर बरकरार रखा है। एक साल पहले यानी, 2023-24 ये आंकड़ा 8.2% था। सांख्यिकी मंत्रालय ने मंगलवार सात जनवरी को ये आंकड़े जारी किए। वित्त वर्ष 2022 से सालाना ग्रोथ 7% या उससे ऊपर ही बनी हुई है। यानी जीडीपी ग्रोथ बीते चार साल मे पहली बार ग्रोथ 7% से नीचे आ सकती है। वित्त वर्ष 2022 में 9.7%, वित्त वर्ष 23 में 7%, वित्त वर्ष 24 में 8.2% की ग्रोथ दर्ज हुई थी। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (एच1) सुस्त रहने के बावजूद, मंत्रालय को उम्मीद है कि दूसरी छमाही में कृषि और औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के साथ-साथ ग्रामीण मांग के चलते ग्रोथ बनी रहेगी। वहीं रिजर्व बैंक ने 6.6% की ग्रोथ का अनुमान दिया था। धीमी जीडीपी ग्रोथ के बावजूद भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी बना हुआ है। इस वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.6% रही। वहीं जापान की जीडीपी 0.9% की दर से बढ़ी है।



# पार्टी की दी जिम्मेदारी मिलकर करेंगे पूरी : भंवरसिंह राजपुरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** भारतीय जनता पार्टी जालोर संगठन पर्व के तहत मंडल अध्यक्षों के चयन में जसवंतपुरा भाजपा मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह राजपुरा का सम्मान समारोह सुंधा माता तिराहे पर स्थित मारू प्रजापति छात्रावास में मंगलवार को आयोजित किया गया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह राजपुरा का भाजपा मंडल की तरफ से सरपंच प्रतिनिधि मोडाराम प्रजापत ने साफा पहना कर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वजाराम माली व व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहनलाल जैन ने माला पहना कर स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष का पुष्पमाला पहना कर स्वागत सम्मान किया। वरिष्ठ नेता वजाराम माली ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए सबको साथ लेकर चलने एवं पार्टी के लिये समर्पित होकर कार्य करने को कहा। भाजपा नेता भगवानसिंह देवल चेकला ने कहा कि भंवरसिंह राजपुरा को प्रशासनिक, संगठन एवं समाज में काम करने का अनुभव है इसलिए हमें विश्वास है कि भंवरसिंह राजपुरा के नेतृत्व में हमारा मंडल नये आयाम पर जाएगा। हिंदुत्व वादी नरपतसिंह आंबातरी ने कहा कि मैने भंवरसिंह राजपुरा के साथ युवा मोर्चे में साथ काम किया है वह सबको साथ लेकर चलने वाले आम कार्यकर्ता है। वरिष्ठ समर्पित कार्यकर्ता रमेश धनपुरा ने कहा कि भंवरसिंह राजपुरा ने पुर्व में संगठन में काम किया है इसलिए उन्हे पुर्ण संगठन को मजबूत करने की क्षमता है।



## सहयोग से मंडल बनेगा 'सिरमौर'

शिक्षाविद नवाब खां, उत्तम राव ने भी संबोधित कर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। भंवरसिंह राजपुरा ने अपने सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी हैं उसे हम सब मिलकर इमानदारी से पूरा करेंगे। साथ ही कहा कि मं अकेला कुछ नहीं कर सकूंगा। आप सभी का सहयोग रहा तो हम जसवंतपुरा मंडल को जालोर का सिरमौर मंडल बनाने में सफल होगें। कार्यक्रम में मंच का संचालन ईश्वर परिहार ने किया।

## ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वजाराम माली, मोहनलाल जैन, गणपतसिंह चेकला, भगवानसिंह देवल, रमेश धनपुरा, जोगाराम चौधरी, महेंद्रसिंह राव, रामसिंह धुरपडा, आसूसिंह देवड़ा पावटा, जसवंत प्रजापत, जितेंद्र अग्रवाल, मौहम्मद यासीन, नवाब खां, मानाराम चौधरी, अर्जुन राव, राजेंद्र सुथार, हिरसिंह पंचेरी, छैलसिंह गोलाणा, मफाराम पंचेरी, देवाराम प्रजापत, मगनलाल पुरोहित, रामसिहं गोलाणा, अनोपसिंह चेकला, दिपेंद्रसिंह पहाड़पुरा, महेश नागर, सोहनगिरी, श्रवणसिंह पहाडपुरा, रघुसिंह राजपुरा व हितेशगिरी गोस्वामी सहित भाजपा मंडल जसवंतपुरा के सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भागवत कथा के पांचवें दिन कथा पांडाल में मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। यह बात रानीवाड़ा निकटवर्ती डुंगरी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक संत कृपाराम महाराज ने श्रद्धालुओं के बीच कही। संत कृपाराम महाराज ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातों को मानना चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होता है जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा हो सत्संग हो कीर्तन हो अपने साथ जरूर लाना चाहिए क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छी बातें आती है अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अनन्य विश्वास रखना चाहिए। संत कृपाराम महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए।

# आज शाम डुंगरी में विशाल भजन संध्या



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**▶▶ सोनू सिसोदिया देंगी भजनों की प्रस्तुति**

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा निकटवर्ती स्थित डुंगरी गांव में वेलाणी परिवार द्वारा आयोजित विशाल श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन आज वेलाणी परिवार द्वारा आयोजित विशाल भजन संध्या में प्रसिद्ध सिंगर सोनू सिसोदिया भजनों की प्रस्तुति देंगी। भजन संध्या में आगंतुक मेहमानों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था रखी गई है। समाजसेवी अमृत पुरोहित ने आमजन से सपरिवार ज्यादा से ज्यादा संख्या में भजन संध्या में सम्मिलित होने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा के आज छठे दिन आयोजित विशाल भजन संध्या में प्रसिद्ध सिंगर सोनू सिसोदिया भजनों की प्रस्तुति देंगी उन्होंने बताया कि गुरुवार को श्रीमद भागवत कथा का अंतिम दिन है। पुरोहित ने अंतिम दिन श्रीमद भागवत कथा में अधिक से अधिक मात्रा में आमजन को सम्मिलित होने का आव्हान किया है। पुरोहित ने कहा कि गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम विशाल भजन संध्या में राजस्थान के खयातिनाम भजन गायक श्याम पालीवाल एवं भजन गायक जोगभारती द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# चौधरी जीवाणा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोनीत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा।** भाजपा की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें जालोर विधानसभा क्षेत्र में समस्त मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिसमें जीवाणा मंडल के अध्यक्ष पद पर तुलसाराम चौधरी जालमपुरा को मनोनीत किया गया। वहीं दूसरी बार जीवाणा मंडल अध्यक्ष बनने पर पर आभार व्यक्त किया। चौधरी को मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत करने पर क्षेत्रवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। चौधरी जीवाणा मंडल अध्यक्ष पूर्व में भी रहे चुके हैं। अब पार्टी में दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनने पर जीवाणा मंडल के पार्टी के कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों का आभार व्यस्त किया।

# लखारा के दूसरी बार भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर स्वागत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** जालोर विधानसभा के सायला मंडल अध्यक्ष पद पर नैनमल लखारा को दूसरी बार मनोनित करने पर मंगलवार को पुराना बस स्टेंड स्थित गणपति रिद्धि सिद्धी मंदिर में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष लखारा का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके अध्यक्ष लखारा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उनके ऊपर दूसरी बार भरोसा जताया है। इससे पहले तीन साल मंडल अध्यक्ष रहे। जिसमें से दो साल विपक्ष में कार्य किया। जबकि पिछले एक साल से भाजपा की सरकार है। ऐसे में सायला मंडल के आमजन की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर समाधान करने एवं क्षेत्र के विकास का प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए सभी को साथ लेकर चलते हुए कार्य करेंगे। कार्यक्रम को भाजपा नेता मुकुंद दवे व पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित ने भी संबोधित किया। इस दौरान इस दौरान व्यापार मंडल ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, मुकंद दवे, मुल्तानमल आचार्य, सुरेश राजपुरोहित, रूपकिशोर अग्रवाल, नेहरूभाई सुथार, रमेश आचार्य, आशुसिंह दहिया, वस्तुपाल जैन, शंभुसिंह राजपुरोहित, सोनाराम चौधरी, वागाराम चौधरी, जेठूसिंह रेवतड़ा, जगाराम माली, वागाराम मेघवाल, हरिचंद्र वीराना, भोपसिंह राजपुरोहित, जबरसिंह राजपुरोहित, रमेश राजपुरोहित, थानसिंह थलवाड़, प्रशांत रावल, सांवलाराम तुरा समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एडीजे ने किया रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** शहर के बस स्टेंड व अंबेडकर सर्किल पर नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे का अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) राजेंद्र सहू ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रैन बसेरे में सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई। न्यायधीश ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी को ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर अवगत करवाया। एडीजे साहू ने बताया कि रैन बसेरे में पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी कई सालों से प्याऊ बंद पड़ी है। और रैन बसेरे के पास बने शौचालय की कोई साफ सफाई नहीं है। इससे कई तरह की बीमारियां फैलने का अंदेशा रहता है। अंबेडर सर्किल पर स्नानघर की कोई सुविधा नहीं थी, और रेन बसेरे के शौचालय बंद थे। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे का रजिस्टर भी जांचा गया जिसमें कई कमियां पाई गई। इसके अलावा, फर्स्ट ऐड बॉक्स जैसी आवश्यक सुविधाएं भी वहां नहीं थीं। एडीजे साहू ने कहा कि नगरपालिका की जिम्मेदारी है कि आश्रय लेने वाले लोगों को सर्दी में कंबल की व्यवस्था रखनी पड़ती है।

# दंपती व बच्चों के शव घर पहुंचे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** थाना क्षेत्र के जीवाणा-भीनमाल स्टेट हाइवे पर उन्नडी-पोषाणा के बीच बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की अवैध बजरी से भरे डंपर द्वारा कुचलने से मौत के बाद तीसरे दिन मंगलवार को मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ। सायला के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्च्युरी में चारों शवों का मेडिकल टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। दोपहर को मृतकों के शव बावतरा पहुंचे तो गांव में शोक की लहर दौड गई। जैसे ही शव घर पहुंचे परिजनों के हृदय विदारक विलाप ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। ग्रामीणों व समाजबंधुओं ने रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक के माता-पिता और दस वर्षीय बेटे राहुल पुरी का रो-रोकर बुरा हाल था। गमगीन माहौल में मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। बता दें रविवार को हृदय विदारक सड़क हादसे में बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांग पुरी (32 वर्ष), उसकी पत्नी डिम्पल देवी (30 वर्ष), बेटी चिंटू (08 वर्ष) और बेटे राज पुरी (05 वर्ष) को अवैध बजरी से डंपर ने कुचल दिया था। जिससे चारों की मौत हो गई थी। मृतका डिम्पलदेवी गर्भवती भी थी।

# निः शुल्क नेत्र जांच शिविर कल

- मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं रक्तदान
- विद्यार्थियों को बांटे जाएंगे स्वेटर

**भीनमाल ।** श्री अणदारामजी सेवा संस्थान मोदरान एवं श्री ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन, जिला जालोर द्वारा द्वितीय नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 9 जनवरी को नवनिर्मित श्री अणदेश्वर वाटिका भीमपुरा रोड मोदरान में आयोजित होगा। जिसमें ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र भीनमाल एवं ग्लोबल अस्पताल जालोर के द्वारा शिविर में सैकड़ों लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी। ऑपरेशन योग्य मरीजों को ग्लोबल अस्पताल आबूरोड ले जाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन भी निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर में नजर के चश्मे भी निःशुल्क वितरण होंगे। ब्रह्माकुमारी के तत्वावधान में ये 131 वां शिविर होगा। इस दौरान विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। मरुधरा ब्लड सेंटर भीनमाल की टीम रक्त संग्रह हेतु उपलब्ध रहेगी। इसके बाद स्थानीय विद्यालयों के करीब 400 बालक- बालिकाओं को निःशुल्क स्वेटर, 100 जरूरतमंदों को कंबल एवं तिल गुड़ के लड्डू भी वितरण किए जाएगा। श्री अणदारामजी सेवा संस्थान मोदरान एवं श्री ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन द्वारा समय समय पर समाज के भामाशाहों के सहयोग से सेवा प्रकल्प के विभिन्न कार्य किए जाते हैं। मकरसंक्रांति के उपलक्ष में पिछले वर्ष भी श्री अणदेश्वर वाटिका मोदरान में निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया था जिसमें 300 लोगों के नेत्र जांच की और 200 लोगों को दवाई तथा नजर के चश्मे वितरण किए थे। 17 मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किए थे तथा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया था। इससे पूर्व भी कंबल वितरण, गायों को हरा चारा, लम्पी बीमारी मे दवाई आदि वितरण की थी, इस वर्ष भी मकरसंक्रांति के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित होगा।

# उत्सव दवे एबीवीपी के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**भीनमाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत के 60 वा प्रांत अधिवेशन में 05 से 07 जनवरी 2024 को पाली में आयोजित हुआ। जिसमें प्रांत अध्यक्ष डा हीराराम जी ने प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उत्सव दवे को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। उत्सव दवे वर्तमान में नगर मंत्री के दायित्व पर है। साथ ही मोनिका चौधरी को प्रांत कार्यसमिति सदस्य एवं कृष्णा पटेल की प्रांत कला मंच सह संयोजक की घोषणा हुई। अधिवेशन में प्रांत भर से 1100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया अधिवेशन के में उत्तर पश्चिम क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विनी शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा, विभाग संगठन मंत्री पवन एचरा समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रवीण दवे बने भीनमाल भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष

**कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, महामंत्री पद की निभा चुके जिम्मेदारी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत भीनमाल नगर मंडल पद पर प्रवीण कुमार एम दवे को नियुक्त किया गया है।
जिला संगठन मुख्य चुनाव अधिकारी विष्णु चेतानी ने बताया कि जालौर जिले में जालौर, भीनमाल एवं रानीवाड़ा मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है जिसके तहत भीनमाल नगर मंडल अध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार एम दवे को नियुक्त किया गया है। प्रवीण कुमार दवे के नगर मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।
दवे पूर्व में नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष, भाजपा में महामंत्री पद की जिम्मेदारी निभा चुके है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

# मंदिर के दानपात्र से चुराए थे 14 हजार रुपए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** पुलिस ने मंदिर से चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआई रामेश्वरलाल भाटी ने बताया कि गत दिसंबर माह में मालियों की ढाणी में स्थित सरस्वती मंदिर में चोर दानपात्र तोड़कर करीबन 14 हजार रुपए चुरा लिए थे। इसके बाद सवेरे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने टीम का गठन कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध नजर आया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी दलपत भारती पुत्र पारस भारती गोस्वामी निवासी तलबी रोड ने सरस्वती मंदिर, मालियों की ढाणी में चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है ।


**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद**

**ब्रोड गेज गुड्ज़ लोडिंग लाईन के सम्बन्ध में विभिन्न कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)** ।।।, पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद निम्नानुसार ई-निविदा सूचना प्रस्तुत करते है : **ई-निविदा सूचना सं. डेप्यु.सीई(सी)।।।/एडीआई/सोनासन/01 (1) कार्य का नाम उसके स्थान सहित:** निविदा सं. डेप्यु.सीई(सी)।।।/एडीआई/सोनासन/01 : पश्चिम रेलवे पर अहमदाबाद मण्डल की अहमदाबाद-हिंमतनगर BG लाईन पर सोनासन स्टेशन अंतर्गत 2 BG गुड्ज लोडिंग लाईनों के प्रावधान के लिए फॉर्मेशन/कटींग में अर्थकार्य, ब्लेंकेटींग, छोटे पुलों अर्थात RCC बोक्स, पीचींग, टॉ वॉल, रीटेईनींग वॉल का निर्माण, स्टाफ कवार्टर्स एवं अन्य संरचनाओ, गुड्ज प्लेटफोर्म्स, कवरींग शेड, संचारी क्षेत्र का निर्माण, पॉईंट्स और क्रॉसिंग्स सहित ब्रॉडगेज लूप लाईनों को बिछाना एवं जोडना, ट्रेक का टेम्पींग करना, पी.वे सामग्री का परिवहन करना, स्टोन बलास्ट की आपूर्ति एवं संग्रहण करना और अन्य आकस्मिक प्रवृत्तियां जैसे विभिन्न कार्यों का कार्यान्वयन करने का कार्य। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 34,27,43,999.00 **(3) जमा बयाना राशी:** ₹ 18,63,700.00, **(4) समापन समयावधि:** 12 (बारह) माह **(5) बीड निर्धारीत तिथि:** दिनांक 30/01/2025 को 15:00 बजे **(6) दस्तावेजों की भौतिक रूप से प्रस्तुती:** दिनांक 20/01/2025 से 29/01/2025 को 18:00 बजे तक **(7) तकनिकी बीड खुलने की तारीख:** दिनांक 30/01/2025 को 15:30 बजे **(8) निविदा प्रणाली :** दो पेकेट प्रणाली । **(9) सभी निविदाकारों द्वारा एनेक्षर-V में दिये गए अनुसार प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है । जिसके आधार पर निविदाकारों की योग्यता का मूल्यांकन किया जायेगा । (10) वेबसाईट विवरण, नोटीस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देख सकते हैं एवं कार्यालय का पता: वेबसाईट: www.ireps.gov.in** उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) ।।।, पश्चिम रेलवे, द्वितीय तल, निर्माण भवन, मरेप्र कार्यालय के पास, असारवा, अहमदाबाद । CPM-100

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की जेल




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** नाबालिग से होटल में रेप करने के बाद उसके अश्लील फोटो खींचने के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। जालोर की पॉक्सो कोर्ट ने सुनवाई करते हुए आरोपी को सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने बताया- पीड़िता के पिता ने 24 जुलाई को जालोर एसपी के समक्ष पेश होकर रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 19 जुलाई की सुबह 10 बजे पीड़िता को कॉलेज में छोड़ा था। इसके कुछ देर बाद ही आरोपी नरपत कुमार उर्फ नेपालचंद्र पुत्र बरदाराम मेघवाल निवासी भागलभीम (भीनमाल) ने पीड़िता को कॉलेज के बाहर बुलाया और उसके बाद मोटरसाइकिल पर भीनमाल की एक होटल ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मोबाइल में फोटो भी खींच लिए। आरोपी ने उसी दिन पीड़िता को साबरमती ट्रेन में बिठाकर गुजरात रवाना कर दिया। वहीं परिजनों को पीड़िता को भगा ले जाने का शक नहीं हो, इसके लिए खुद भीनमाल में मौजूद रहा। आरोपी से पूछताछ में पीड़िता को गुजरात भेजने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने जांच कर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश भूपेंद्र कुमार सनाढ्य ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद भीनमाल थाना क्षेत्र के भागलभीम निवासी आरोपी नरपत कुमार(23) उर्फ नेपालचंद्र को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने पैरवी की।


**पश्चिम रेलवे**

**वृक्षों की कटाई**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सब), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा **ई-निविदा क्र. डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी (ईएसओटी)/12/2024** आमंत्रित है। **कार्य का नाम: चर्चगेट-विरार खंड मे ओएचई के निकट वृक्षों की कटिंग/ट्रीमिंग। कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 13,05,077/-, **बोली प्रतिभूति:** रु. 26,100/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय: निर्धारित प्रारूप में 03.02.2025 को 15.00 बजे तक। खुलने की दिनांक तथा समय: 03.02.2025 को 15.30 बजे।** आगामी जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 0937

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 1**

**निविदा सूचना नं. सी आर-बी बी-दु.सं.-2024-66**

निविदा सूचना नं. **सी आर - बी बी - दु.सं. - 2024-66** के लिये **शुद्धिपत्र संख्या 1** जारी किया गया है। निविदा दस्तावेज अपलोड कर दिया गया है। अन्य सभी विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। यह निविदा **15.06.2017** दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश **2017** का अनुपालक करती है । अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।

Apex-672 कृते म.रे.प्र.(सं. एवं दू.सं)

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**विभिन्न सिग्नलिंग कार्य**

निविदा सूचना सं. **BRC_SnT_W_24-25_01-R**
दिनांक : **03-01-2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यरत वरिष्ठ सीएसटीई (वर्कस)/वडोदरा **निविदा सं. BRC_SnT_W_24-25_01-R** के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं । बिडर्स बिड बंद होने की तारीख और समय तक उनके प्रमाणित/संशोधित जमा कराने को समर्थ रहेंगे, यह निविदा के सामने मेन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है एवं ऐसे किसी भी प्रकार के मेन्युअल प्रस्तावों को ध्यान में नहीं लिया जायेगा । **(1) कार्य का नाम उसके स्थान सहित:** वडोदरा मंडल, पश्चिम रेलवे के इटोला, पालेज एवं गेरतपुर (03) स्टेशनो अंतर्गत पुराने हो चुके ईनडोर एवं आउटडोर सिग्नलिंग गीयर्स को बदलने से संबधित इटोला, पालेज एवं गेरतपुर (03) स्टेशनो अंतर्गत आउटडोर S&T कार्य के साथ इलेक्ट्रोनिक ईंटरलोकिंग (E.I) प्रणाली की डिजाईन, आपूर्ति, संस्थापन, परिक्षण एवं कमीशनींग करने का कार्य । **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 20,59,30,428.24 **(3) जमा कराने की बयाना राशी:** ₹ 11,79,700.00 **(4) ई-निविदा जमा कराने एवं ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30/01/2025 को 15:00 बजे एवं दिनांक 30/01/2025 को 15:30 बजे निविदा खोली जाएगी **(5) वेबसाईट का विवरण एवं नोटीस का स्थान जहाँ से विवरण देखे जा सकते हैं आदि: http://www.ireps.gov.in** उप मुख्य संकेत व दुरसंचार अभियंता (वर्कस), द्वितीय तल, एनेक्ष बिल्डींग, म.रे.प्र. कार्यालय, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004. BRC-265

हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**कवच संबंधी कार्य**

निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-सं.एवंदु.सं.-पी-पीएसएसए-2024

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से सीमित निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन दिनांक 11/02/2025 को 15.00 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के अधिकार क्षेत्र में स्थिर कवच उपकरण और अन्य संबद्ध कार्यों के सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के काम के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) प्रदान करना और मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में कवच के लिए टावरों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और अन्य संबद्ध कार्य करना। **लगभग मूल्य:** रु. 8.00 करोड़। **ईएमडी:** रु. 550400.00/- **खुलने की तारीख:** 11/02/2025 **वैधता:** 90 दिन। **समापन अवधी:** 66 महीने। यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है । आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है ।

Apex-664 म.रे.प्र.(सं. एवंदु.सं.) छ.शि.ट. मुंबई

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**कार्यकारी अभियंता (ट्रांसपोर्ट) पश्चिमी उपनगर**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2024-एमसीजीएम-1134094-1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | के/पश्चिम वॉर्ड में जुहू बीच पर साफ-सफाई हेतु मशीनरीज किराये पर लेना। |
| निविदा जांच शुल्क | रु. 13,200/- + (18% जीएसटी) |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 85,800/- |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 07.01.2025 को 11.00 बजे से |
| निविदा विक्रय की एवं बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 14.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी जमा करना (ऑनलाइन) | 14.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए तथा बी खुलना | 15.01.2025 को 16.05 बजे पश्चात |
| वित्तीय सी लिफाफा खुलना | बाद में अवगत कराया जाएगा |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (टीआर) डब्ल्यू.एस., मिलन मॉल के सामने, मिलन सबवे रोड, एस.वी. रोड के पीछे, सांताक्रूज (पश्चिम), मुंबई 400054 फोन नं. 022-26182252/53/54 ई-मेल: .trsg2008@yahoo.com |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (टीआर.) डब्ल्यू.एस. |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
विषयगत ई-निविदा हेतु यदि कोई भी शुद्धि पत्र तथा/या संशोधन जारी होता है, तो उसका विवरण महाराष्ट्र शासन की ई-अधिप्राप्ति प्रणाली (महाटेंडर्स) (http;//mahatenders.gov.in) अंतर्गत Tenders> e-Tenders >Tenders पर अपलोड/प्रकाशित किया जाएगा। भावी निविदाकारों से निवेदन है कि वे इस बात को नोट करें।
बीएमसी के पास किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उक्त विषय में प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2169/ADV/2024-25 कार्य. अभि. (टीआर.) डब्ल्यू.एस. प्रभारी

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।

## सुविचार

संघर्ष से ना घबराए कुछ पाना है तो धीरे-धीरे ही पा सकते हैं।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## आस्था और तकनीक का संगम

प्रयागराज में जनवरी 13 से शुरू होने वाला महाकुंभ मेला 2025 न सिर्फ आस्था और आध्यात्म का संगम होगा, बल्कि हाई-टेक सुविधाओं और तकनीक का प्रदर्शन भी करेगा। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में इस बार 40 करोड़ से अधिक भक्तों के आने की संभावना है। 12 साल बाद आयोजित होने वाला यह महोत्सव 26 फरवरी को समाप्त होगा। एआई संचालित कैमरों से लेकर वाटर एम्बुलेंस तक, प्रशासन दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के दौरान तीर्थयात्रियों के अनुभव को बढ़ाने, भीड़ का प्रबंधन करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। भक्तों की सुरक्षा, सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए इस बार अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आइए जानते हैं इस बार के महाकुंभ में भक्तों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कौन-कौन सी हाई-टेक सुविधाएं लाई जा रही हैं। प्रशासन ने बेहतर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए एआई( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से लैस कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, ड्रोन, एंटी-ड्रोन और टेथर्ड ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। ये उपकरण हर पल की निगरानी सुनिश्चित करेंगे और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद करेंगे। त्रिवेणी संगम पर करोड़ों भक्त डुबकी लगाएंगे। ऐसे में पानी के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंडरवाटर ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। ये ड्रोन 100 मीटर गहराई तक जाकर पानी के नीचे की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और नियंत्रण केंद्र को वास्तविक समय में रिपोर्ट भेजेंगे। नदी किनारे इमरजेंसी के लिए रिमोट-कंट्रोल लाइफबॉय लगाए जाएंगे। ये उपकरण तेजी से दूरस्थ स्थानों तक पहुंच सकते हैं और किसी भी आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करेंगे। कुंभ मेले के दौरान यात्रा करने वाले भक्तों की सुविधा के लिए सेंट्रल रेलवे ने कर्मचारियों के लिए फ्लोरोसेंट ग्रीन जैकेट उपलब्ध कराई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इन जैकेट पर क्यूआर कोड होगा, जिसे स्कैन करके यात्री अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकेंगे और लंबी कतारों में खड़े हुए बिना टिकट बुक कर पाएंगे। सभी महाकुंभ या कुंभ मेले नदी के किनारे आयोजित किए जाते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आगामी आयोजन के लिए गांधीनगर से एक वाटर एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। यह एंबुलेंस नदी किनारे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगी, जिससे भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। महाकुंभ के आयोजक वर्चुअल रियलिटी स्टॉल्स भी लगा रहे हैं, जहां भक्त 360-डिग्री अनुभव के साथ गंगा आरती और पेशवाई जुलूस जैसे कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे।

### हमारे लिए अच्छी है

# जस्टिन ट्रूडो की विदाई...!!



नरेंद्र शर्मा

पिछले कई महीनों से अपनी पार्टी के भीतर ही अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे कनाडा के प्रधानमंत्री और सत्ताधारी लिबरल पार्टी के मुखिया जस्टिन ट्रूडो ने अपनी पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री के पद से भी इस्तीफा दे दिया। हालांकि लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक वह कनाडा के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। यह घटनाक्रम गुजरे 6 जनवरी 2025 को कनाडा के स्थानीय समय के मुताबिक सुबह तब नाटकीय घटनाक्रम के रूप में सामने आया, जब आनन फानन में बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेस में ट्रूडो ने अपने पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। लेकिन जो लोग कनाडा के राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रख रहे थे, उन्हें कई महीनों से पता था कि ट्रूडो का जाना तय है। साल 2015 से कनाडा के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे ट्रूडो सिर्फ भारत से ही नहीं कई दूसरे देशों से भी बेमतलब पंगा लेने के आदी थे या उनकी कार्यशैली ही ऐसी थी कि अमेरिका जैसा पड़ोसी भी ट्रूडो से खुश नहीं था। भारत के साथ तो ट्रूडो कुछ इस तरह से व्यवहार कर रहे थे कि जैसे वो जानबूझकर हमारे साथ संबंध बिगाड़ने पर आमादा थे। हालांकि इसकी वजह से वैश्विक परिदृश्य में तो उन्हें हल्के में लिया ही जाने लगा था, खुद अपने देश में भी उनकी हालत काफी खराब हो गई थी। हद तो यह है कि ट्रंप जो हमेशा से ट्रूडो को पसंद नहीं करते रहे, वह राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद साफ कह दिया कि अगर कनाडा, अमेरिका में घुस रहे प्रवासियों को नियंत्रित नहीं करता तो 20 जनवरी 2025 से कनाडा 25 प्रतिशत टैरिफ भुगतने के लिए तैयार रहे।

- इमेज



गौरतलब है कि कनाडा के कुल निर्यात का 75 फीसदी अकेले अमेरिका को ही होता है, ऐसे में 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने का मतलब है कनाडा की अर्थव्यवस्था का तहस-नहस हो जाना। ट्रूडो, ट्रंप की इस धमकी के बाद भागे भागे उनसे मिलने पहुंचे, लेकिन ट्रंप ने फिर भी भाव नहीं दिया, उल्टे एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन बार ऐसा क्रूर और कड़वा मजाक किया, जिससे कोई और देश तथा कोई और नेता होता तो शायद तिलमिला जाता। लेकिन ट्रूडो बहरों की तरह इस अपमान को अनसुना कर दिया। दरअसल ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद से कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य ही बताना शुरु कर दिया है। पहली बार लगा कि यह मजाक में कहा होगा, लेकिन दूसरी बार और फिर तीसरी बार भी यह कहना कि कनाडा फायदे में रहेगा, अगर वह अमेरिका का 51वां राज्य हो जाए,कनाडा की संप्रभुता का खुलेआम मजाक नहीं तो और क्या है? लेकिन हैरानी की बात है कि तीन तीन बार इस तरह का मजाक बनाने के बाद भी जस्टिन ट्रूडो के मुंह से ट्रंप या अमेरिका के विरूद्ध एक शब्द भी नहीं फूटा। जबकि भारत को लेकर ट्रूडो पिछले दो साल से बेवजह ही लंबी चौड़ी उछलकूद कर रहे थे कि भारत ने कनाडा की संप्रभुता पर हमला कर रहा है। दरअसल जस्टिन ट्रूडो अपने थोड़े से फायदे के लिए एक ब्लंडर कर बैठे थे और फिर उस ब्लंडर से किसी तरह निकलने की बजाय उसे सही साबित करने की कोशिश में लग गए। कनाडा में 2.1 फीसदी सिक्खों की आबादी है और इस समय भारतीय मूल के सिक्ख जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) किंग मेकर की भूमिका में है, जिसने पिछले आम चुनाव में 24 सीटें जीती थीं। हालांकि इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय जगमीत सिंह की एनडीपी ने जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी से समर्थन वापस खींच लिया था, इसलिए भी अब उनका सत्ता में बने रहना असंभव था। लेकिन पिछले ढाई सालों अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए और इसके पहले सिक्खों के वोट बैंक पर अप्रत्यक्ष रूप से अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए जस्टिन ट्रूडो भारत से बिना मतलब का पंगा ले रहे थे। बिना किसी ठोस सबूत और अपनी पुलिस द्वारा की जा रही जांच के पूरा होने के पहले ही जस्टिन ट्रूडो कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर मढ़ दिया। वह भी उन्होंने राजनायिक चौनल के बजाय आम जनसभाओं और फिर विश्व मंचों में यह कहना शुरू कर दिया कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की भूमिका के उनके पास ठोस सबूत हैं। लेकिन भारत द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद कनाडा ने कभी भी ये ठोस सबूत नहीं दिए, उल्टे इसके लिए अमेरिका, इंग्लैंड और फ्रांस के साथ मिलकर गिरोहबंदी करने पर उतर आए। अमेरिका ने तो कई बार उनके कहने पर इस मुद्दे को उठाया भी, लेकिन अमेरिका ने एक व्यवस्थित प्रोटोकॉल के अनुशासन को नहीं तोड़ा। अमेरिका ने एक बार भी इस मुद्दे को राजनयिक स्तर से निकालकर राजनेताओं के स्तर तक नहीं ले गया। डिप्लोमेटिक चैनल से ही इस पर बातें करता रहा।

लेकिन कनाडा हर तरह के भौंडेपन पर उतर आया। उसने लगातार भारतीय छात्रों को, जो कि बड़े पैमाने पर कनाडा में पढ़ने जाते हैं, ब्लैकमेल करने की कोशिश की। जबकि कनाडा को पता है कि उसके यहां आने वाले कुल विदेशी छात्रों में से 40 फीसदी अकेले हिंदुस्तान के छात्र हैं, जो कि उसकी अर्थव्यवस्था खासकर शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाये रखने के लिए अच्छी खासी मात्रा में धन पैदा करती है। यही नहीं भारत, कनाडा के 10 शीर्ष कारोबारियों सहयोगियों में से है। कनाडा से भारत बड़ी मात्रा में दालें मांगाता है, जिसे वह उससे भी सस्ती दरों में ऑस्ट्रेलिया से और अपने पड़ोस के बर्मा या ब्राजील और मैक्सिको से भी आयात कर सकता है। भारत-कनाडा के कारोबार में, भारत की ऐसी कोई निर्भरता नहीं है कि उसके बिना मुश्किल हो जायेगी। जबकि कनाडा भारत से बड़े पैमाने पर दवाएं मांगता है, अगर भारत की बजाय वह चीन से ये दवाएं खरीदता है, तो उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध रहेगी और अगर वह इन दवाओं को अमेरिका या यूरोप से आयात करता है, तो 4 गुना ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेगे। ऐसा नहीं है कि कनाडा भारत के महत्व को नहीं जानता।

## पंचांग

8 जनवरी 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - शिशिर |
| माह | - पौष |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - नवमी 14.27 तक |
| वार | - बुधवार |
| नक्षत्र | - अश्विनी 16.30 तक |
| योग | - सिद्धि 20.24 तक |
| करण | - तैतिल 25.26 तक |
| सूर्योदय | - 07.15 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.15 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.07 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - मेष |
| अभिजित् मुहूर्त | - नहीं |
| राहु काल | - 12.45 से 14.07 |
| व्रत, त्यौहार | - रवियोग अहोरात्र, मृत्युयोग 16.30 तक, |
| दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### समुद्र मंथन से निकले अमृत से जुड़ा है कुंभ का इतिहास

कुंभ मेला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। हर 12 साल में भारत के चार पवित्र शहर हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में आयोजित होने वाला यह मेला लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस मेले के पीछे एक अद्भुत पौराणिक कथा छिपी हुई है?

**समुद्र मंथन की कथा**

कुंभ मेले की उत्पत्ति समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवताओं और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था। इस मंथन से अनेक अद्भुत वस्तुएं निकलीं, जिनमें से एक था अमृत कलश. अमृत पीने से देवता अमर हो जाते हैं।

**अमृत चोरी का प्रयास**

अमृत कलश को लेकर देवताओं और दानवों के बीच युद्ध छिड़ गया। इस युद्ध में अमृत कलश कई बार आसमान में उड़ गया और उसकी कुछ बूंदें पृथ्वी पर चार स्थानों पर गिरीं – हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक.।

**कुंभ मेले का आयोजन**

मान्यता है कि जिन स्थानों पर अमृत की बूंदें गिरी थीं, वो स्थान पवित्र हो गए। इन स्थानों पर स्नान करने से मोक्ष मिलता है। इसीलिए इन चारों स्थानों पर हर 12 साल में कुंभ मेला आयोजित किया जाता है। माना जाता है कि कुंभ मेले के दौरान इन नदियों में स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**कुंभ मेले का महत्व**

कुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक समागम ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक भी है। यह मेला लाखों लोगों को एक साथ लाता है और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

## तारीख विशेष

### गैलीलियो गैलिली

गैलीलियो गैलिली का जन्म आधुनिक इटली के पीसा नामक शहर में एक संगीतज्ञ परिवार में हुआ था। आधुनिक इटली का शहर पीसा 15 फरवरी 1564 के महान वैज्ञानिक गैलीलियो गैलिली के जन्म को भी ईश्वर की रचना का दोष मानकर ऐतिहासिक भूल कर बैठा था। गैलीलियो के द्वारा प्रतिपादित सिंद्धांतों से धार्मिक मान्यताओं का खंडन होता था जिसके लिए



गैलीलियो को ईश्वरीय मान्यताओं से छेडछाड करने के लिए सारी उम्र कारावास की सजा सुनायी गयी। इनके पिता विन्सौन्जो गैलिली उस समय के जाने माने संगीत विशेषज्ञ थे। वे "ल्यूट" नामक वाद्य यंत्र बजाते थे, यही ल्यूट नामक यंत्र बाद में गिटार और बैन्जो के रूप में विकसित हुआ। अपनी संगीत रचना के दौरान विन्सौन्जो गैलिली ने तनी हुयी डोरी या तार के तनाव और उससे निकलने वाले स्वरों का गहनता से अध्ययन किया तथा यह पाया कि डोरी या तार के तनाव और उससे निकलने वाली आवाज में संबंध है। पिता के द्वारा संगीत के लिए तनी हुई डोरी या तार से निकलने वाली ध्वनियों के अंतरसंबंधों के परिणामों का वैज्ञानिक अध्ययन उनके पुत्र गैलीलियो द्वारा किया गया। इस अध्ययन को करने के दौरान बालक गैलीलियो के मन में सुग्राहिता पूर्ण प्रयोग करते हुये उनके परिणामों को आत्मसात करने की प्रेरणा प्रदान की। इनको परीक्षा मूलक (प्रयोगात्मक) विज्ञान का जनक माना जाता है। इन्होंने दोलन का सूत्र का प्रतिपादन किया। इन्होंने दूरबीन का आविष्कार किया। उसने दूरदर्शी यंत्र को अधिक उन्नत बनाया। उसकी सहायता से अनेक खगोलीय प्रेक्षण लिए तथा कॉपरनिकस के सिद्धांत का समर्थन किया। उन्हें आधुनिक प्रायोगिक खगोलिकी का जनक माना जाता है।

### स्मृतिशेष - फ्रॉम आर्काइव

# मंथन के फाइनेंसर गरीब किसान थे : श्याम बेनेगल

एन.के.अरोड़ा

दो खंडों की ऑपरेशन फ्लड डाक्यूमेंटरी बनाने के लिए हमने तीन चरणों में गुजरात के चप्पे-चप्पे को छाना। इस क्रांति की हर बारीकी से हम वाकिफ हुए। डाक्यूमेंटरी भी बन गई और डा. कुरियन उन्हें देखकर बहुत खुश भी हुए। लेकिन मैं संतुष्ट नहीं था। मुझे लग रहा था कि इन डाक्यूमेंटरीज में तो मैं किसानों को इसी के लिए उपदेश दे रहा हूं, जो काम वह पहले ही कर चुके हैं। मुझे लग रहा था इस पूरे विषय पर कुछ ऐसा बनना चाहिए, जो इसे देखने वाले हर आम और खास शख्स तक एक प्रेरक विचार के रूप में पहुंचे और पूरी दुनिया ऑपरेशन फ्लड की चर्चा करे। यह डाक्यूमेंटरीज के जरिये संभव नहीं था। यह एक फीचर फिल्म से ही संभव था। यह एक फीचर फिल्म से ही संभव था। क्योंकि यह काम एक अच्छी फीचर फिल्म ही कर सकती थी।

- इमेज

क्या क्राउड फंडिंग से फिल्म बनाई जा सकती है? आप यह सवाल सुनकर कुछ देर सोचेंगे, फिर हां या न को लेकर हिचकेंगे और अंत में कहेंगे न। लेकिन यही सवाल आप भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता श्याम बेनेगल से करेंगे तो वह बिना एक पल झिझके कहेंगे, 'यस बनाई जा सकती है' और वह सिर्फ ऐसा कह ही नहीं रहे उन्होंने ऐसा कर दिखाया है। वह भी आज के सोशल मीडिया युग में नहीं जब इंटरनेट के चलते दुनिया एक भूमंडलीय गांव में बदल चुकी है, उन्होंने ऐसा पिछली सदी के 70 के दशक में ही करके दिखा दिया था, जब अभी इंटरनेट का मौजूदा अस्तित्व भी नहीं था। 1976 में बनी उनकी फिल्म मंथन वास्तव में क्राउड फंडिंग के जरिये ही बनी थी। मंथन के निर्माता गुजरात के 5,00000 किसान थे। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी और गिरीश कर्नाड जैसे बड़े कलाकार थे। इसे श्याम बेनेगल ने डा.वर्गीज कुरियन के साथ मिलकर लिखा था। मगर सवाल है यह सब हुआ कैसे था? पर्दे के पीछे उपेक्षित पड़े रहने वाले ऐसे कई सवालों के जवाब फरवरी 2019 में सामानांतर सिनेमा के पायनियर निर्देशक श्याम बेनेगल ने वरिष्ठ पत्रकार लोकमित्र गौतम के साथ बातचीत में दिए थे। पेश है उस महत्वपूर्ण इंटरव्यू के कुछ हिस्से।

लोकमित्र गौतम - आपने कहीं अपनी फिल्म मंथन के बारे में कहा है कि वह आपके असंतोष का नतीजा थी? इसके पीछे की कहानी क्या है?

श्याम बेनेगल- (मुस्कुराते हुए) दरअसल डा.वर्गीज कुरियन ने ऑपरेशन फ्लड की जो मुहिम शुरू की थी उसको वह पूरे देश और पूरी दुनिया के सामने लाना चाहते थे। उन्होंने मुझसे इस संबंध में दो डाक्यूमेंटरी बनाने के लिए कहा। दो खंडों की ऑपरेशन फ्लड डाक्यूमेंटरी बनाने के लिए हमने तीन चरणों में गुजरात के चप्पे-चप्पे को छाना। इस क्रांति की हर बारीकी से हम वाकिफ हुए। डाक्यूमेंटरी भी बन गई और डा. कुरियन उन्हें देखकर बहुत खुश भी हुए। लेकिन मैं संतुष्ट नहीं था। मुझे लग रहा था कि इन डाक्यूमेंटरीज में तो मैं किसानों को इसी के लिए उपदेश दे रहा हूं, जो काम वह पहले ही कर चुके हैं। मुझे लग रहा था इस पूरे विषय पर कुछ ऐसा बनना चाहिए, जो इसे देखने वाले हर आम और खास शख्स तक एक प्रेरक विचार के रूप में पहुंचे और पूरी दुनिया ऑपरेशन फ्लड की चर्चा करे। यह डाक्यूमेंटरीज के जरिये संभव नहीं था। यह एक फीचर फिल्म से ही संभव था। क्योंकि यह काम एक अच्छी फीचर फिल्म ही कर सकती थी।

लोकमित्र गौतम- तो क्या आपने यह पूरा आइडिया डा कुरियन के सामने रखा?

श्याम बेनेगल- हां बिलकुल यही किया। मैंने उनसे साफ शब्दों में कहा कि आप चाहे डाक्यूमेंटरीज से जितने खुश हों मैं तो संतुष्ट नहीं हूं।

लोकमित्र गौतम- यह सुनकर डा कुरियन की क्या प्रतिक्रिया रही?

श्याम बेनेगल- डा. कुरियन इस सबके बारे में सोच नहीं नहीं रहे थे। न ही उन्हें समझ आ रहा था कि मैं आखिर असंतुष्ट क्यों हूं? इसलिए यक-ब-यक उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। उन्होंने कहा मुझे थोड़ा समय दो। सोचते हैं। एक हफ्ते बाद जब हम फिर मिले तो उनका माइंड मेकअप हो चुका था। उन्होंने मुझसे पूछा तुम्हें इसके लिए कितना पैसा चाहिए। मैंने कहा यही कोई 10-12 लाख रुपए। सुनकर लगा उन्हें कुछ आश्चर्य हुआ। क्योंकि शायद वह सोच रहे थे मैं करीब करोड़ रुपए के आस-पास की बात करूंगा। लेकिन जब मैंने इतने कम पैसे की बात की तो वह थोड़ा सा मुस्कुराए और बोले इतना पैसा तो मैं ही तुम्हारे लिए जुगाड़ कर सकता हूं और उन्होंने किया।

लोकमित्र गौतम - मैंने कहीं पढ़ा था कि मंथन आम लोगों से चंदा इकट्ठा करके बनी थी, वह कहानी क्या है?

श्याम बेनेगल - आम लोगों से चंदा इकट्ठा करके नहीं सिर्फ दूध बेचने वाले किसानों से सहयोग लेकर।

लोकमित्र गौतम - उस सहयोग की कहानी जरा बताइये?

श्याम बेनेगल- वास्तव में यह जिस समय की बात है। उस समय तक डा. कुरियन की गुजरात में बनाई गई सहकारी समिति से 5 लाख से भी ज्यादा किसान जुड़ चुके थे। गुजरात के गांव-गांव में बनी समितियों में ये किसान रोज सुबह-शाम दूध बेचने आते थे। उन्हें उस वक्त एक लीटर दूध के लिए 8 रुपए मिलते थे। डा.कुरियन ने सभी समितियों को सन्देश पहुंचाया कि वे एक सुबह किसानों से कहें कि बस आज को अपना दूध 8 रुपए के बजाय 6 रुपए में बेचें। बचे हुए 2 रुपए से वे अपनी कहानी पर एक फिल्म बनवा सकते हैं।

लोकमित्र गौतम - इस पर किसानों की पहली प्रतिक्रिया क्या रही होगी? क्या आपको कभी डा. कुरियन ने क्राउड फंडिंग के इस अनुभव के बारे में बताया था ?

श्याम बेनेगल- किसानों को आइडिया अच्छा लगा। वह खुशी-खुशी अपने दूध के लिए एक दिन 2 रुपए कम लेने के लिए राजी हो गए थे। इस तरह हमने फिल्म बनाने के लिए जरूरी बजट इकट्ठा कर लिया था। आगे जो कुछ हुआ वह सब इतिहास है।

लोकमित्र गौतम - क्या अब भी इस तरह की फंडिंग से फिल्में बन सकती हैं ?

श्याम बेनेगल- हां, क्यों नहीं। बल्कि कहीं बेहतर ढंग से क्योंकि आज इंटरनेट की वजह से इंसान की पंहुच ग्लोबल है। इसलिए ग्लोबल फंडिंग हो सकती है। ग्लोबल कामयाबी भी मिल सकती है। बशर्ते एक आकर्षक विजन हो।



## गीता सार

**ये त्वेतदभ्यसूयंतो नानुतिष्ठंति मे मतम् ।**
**सर्वज्ञानविमूढांस्ताान्विद्धि नष्टानचेतसः ॥ (32)**

**भावार्थ :**

परंतु जो मनुष्य ईर्ष्यावश इन आदेशों का नियमित रूप से पालन नही करते हैं, उन्हे सभी प्रकार के ज्ञान में पूर्ण रूप से भ्रमित और सब ओर से नष्ट-भ्रष्ट हुआ ही समझना चाहिए।

## बोले तो...



मुझे गाली दीजिए या दाऊद कहिए, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन भारत सरकार की किसान कल्याण योजनाओं को दिल्ली के किसानों के लिए लागू कीजिए, उन्हें योजनाओं का लाभ दीजिए।

- शिवराज सिंह चौहान



गलत नैरेटिव पेश किया जाता है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। जबकि अमेरिका में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मैकेनिज्म होता है, जिसेस वोटों को रिकॉर्ड किया जाता है। इसके बावजूद मस्क के बयान पर भारत में हल्ला हो गया कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है।

- राजीव कुमार



लालू यादव हताश हैं, वे अपने जीवन में ही अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं। उन्होंने हार स्वीकार ली है, वे चाहते हैं कि नीतीश कुमार फिर से उन्हें बैतरनी (नदी) पार करा दें। इसीलिए वे बार-बार नीतीश कुमार, नीतीश कुमार कह रहे हैं लेकिन नीतीश कुमार उन्हें कई बार मना कर चुके हैं।

- गिरिराज सिंह

## कुछ अलग | अजब गजब

# वीरांगना महारानी ने मो. गौरी को चटाई थी धूल, आज भी गवाह भगवान शिव की त्रिमुखी प्रतिमा

सिरोही जिले में एक गांव ऐसा है जहां आज से करीब 800 साल पहले एक भीषण युद्ध में अफगान आक्रमणकारी सुल्तान को गुजरात की राजधानी अन्हिलपाटन (पाटन) पर जाते समय एक महारानी ने अपनी सेना के साथ बुरी तरह हराकर अपने वतन लौटने पर मजबूर कर दिया था। आज भी यहां एक प्राचीन शिव मंदिर इस घटना का साक्षी बना हुआ है। जिले के पिंडवाड़ा तहसील के कासिन्द्रा गांव स्थित अरुणेश्वर महादेव मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में भगवान शिव तीन मुख वाली प्रतिमा में विराजमान हैं। इन तीन मुख में रौद्र, शिव और लकुलीश के रूप में नजर आते हैं। इस शिव पंचायतन मंदिर में प्रनाल मंदिर भी हैं। जिससे यह मंदिर शिल्प स्थापत्य की दृष्टि से विश्व के दुर्लभतम मंदिरों की श्रेणी में गिना जा सकता है। अपने शिल्प स्थापत्य और प्रतिमाओं की खास बनावट और खासियत की वजह से यह शिवालय विश्व के दुर्लभतम मंदिरों में से एक है। मंदिर में आज भी सैकड़ों वर्ष पुरानी प्रतिमाएं खंडित अवस्था में सुरक्षित रखी हुई है। मंदिर आबू की पहाड़ियों से निकलने वाली नदी के किनारे विहंगम स्थान पर बना हुआ है।

**मंदिर का इतिहास**

गांव की स्थानीय रहवासी और भक्त रेणुका कुंवर में बताया कि इस मंदिर का इतिहास बहुत गौरवशाली है। इस मंदिर की प्रथम प्रतिष्ठा 907 ईस्वी में हुई थी। उस समय इस मंदिर की प्रसिद्ध दूर-दूर तक थी। सैकड़ों की संख्या में भक्त यहां दर्शन कर अपने आराध्य अरुणेश्वर देव की आराधना करते थे। बाद में मुगल आक्रांताओं ने मंदिर को खंडित कर दिया। जिसके बाद इस मंदिर के शिखर का दुबारा जीर्णोद्धार विक्रम संवत 1239 (1182 ईस्वी.) में अरुणेश्वर देव के परम उपासक एक व्यापारी में करवाया था। कुछ वर्ष पहले ही इस खंडित अवस्था में मंदिर का जीर्णोद्धार करवाकर पुनः भव्य मंदिर बनवाया गया है।

**महारानी नायकी देवी ने अफगान सुल्तान को दी मात**

गुजरात में वीरांगना नायकी देवी का विवाह गुजरात के महाराजा अजयपाल से हुआ था। अंगरक्षक द्वारा साल 1176 में अजय पाल की हत्या के बाद राज्य की बागडोर महारानी नायकी देवी के हाथ में आ गई थी, क्योंकि तब उनके पुत्र मूलराज बहुत छोटे थे। विक्रम संवत 1235 (1178 ईस्वी.) में अफगान आक्रमणकारी सुल्तान शहाबुद्दीन गौरी (मोहम्मद गौरी) गुजरात की राजधानी अन्हिलपाटन (पाटन) पर हमला करने के लिए निकला था। जिसकी सूचना महारानी नायिका देवी को मिलने पर सिरोही जिले के कासिन्द्रा गांव में अफगान सुल्तान गौरी और उसकी सेना को रोककर नायिका देवी ने अन्य हिन्दू राजाओं के साथ मिलकर परास्त कर दिया था। जिसके बाद सुल्तान गौरी घायल होकर वापस लौटने को मजबूर हो गया था। यह मंदिर आज भी ऐसी अनेकों घटनाओं का साक्षी बना हुआ है।

## पाठक पाती

### टीम इंडिया में परिवर्तन जरूरी

बार्डर गावस्कर ट्राफी का अंतिम मैच गंवाने के साथ ही भारत को न सिर्फ ट्रॉफी से हाथ धोना पड़ा बल्कि टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गई है। अब आस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल जून में लॉर्ड्स में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। टीम की दोहरी हार ने कई सवाल खड़े किए हैं जिनका समाधान जरूरी है ताकि आने वाले समय में टीम फिर अपने प्रदर्शन पर लौट सके। बार्डर गावस्कर ट्राफी के सभी मैचों में आस्ट्रेलिया का दबदबा कायम रहा। गेंद से लेकर बल्ले तक कंगारूओं ने उम्दा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम गेंदबाजों के सहारे थी और उन्होंने अपना किरदार बखूबी निभाया लेकिन बल्लेबाज पूरी तरह असफल रहे। खासकर नामी बल्लेबाजों ने खासा निराश किया। अपने प्रदर्शन से असंतुष्ट कप्तान रोहित शर्मा ने खुद मैच से किनारा भी किया मगर मैच की हार से ट्राफी और विश्व कप का फाइनल दोनों हाथ से निकल गए। यह समय भारतीय क्रिकेट टीम के लिए संकट काल है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सोच-समझकर फैसले करने होंगे। पुराने स्थानापन्न खिलाड़ियों के स्थान पर युवा और प्रतिभावान बल्लेबाजों को तरजीह हमारी बेटिंग लाइन मजबूत कर सकती है। प्रदर्शन के बुरे दौर से गुजर रहे खिलाड़ियों को आगे आकर देश हित में फैसले लेने चाहिए।

- अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# शीतलहर ने बढ़ाई गलन, सर्दी बढ़ने से छूटी धूजणी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में करीब हफ्तेभर की राहत के बाद सोमवार शाम से शीतलहर शुरू हो गई। रात को कड़ाके की सर्दी ने फिर से लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। एक और जहां कड़ाके की सर्दी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है तो वहीं, दूसरी ओर घना कोहरा वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना। जिला मुख्यालय पर अधिकतम तापमान 22 व न्यूनतम 10 डग्री दर्ज किया गया। इससे सवेरे से ही एक बार फिर से गलन वाली सर्दी के कारण धूजणी छूट गई। लोगों को बचाव के लिए जैकेट.स्वैटर पहनने के साथ लबादे ओढ़ने पड़े। तेज और सर्द हवा से लोग दिन में अलाव तापते दिखे। सर्दी बढ़ने लगी तो सारणेश्वर महादेव को भी ऊनी वस्त्रों का उपयोग किया गया। कालूराम रावल ने बताया कि सर्दी के चार माह तक सारणेश्वर भगवान के लिए ऊनी कपड़ों का उपयोग किया जाता है। मंदिर परिसर के वैद्यनाथ महादेव को भी ऊनी कपड़े चढ़ाए गए।





## बच्चों को हुई परेशानी

सर्दी का अचानक बढ़ जाने के कारण करीब हफ्तेभर से घर में बैठे मासूमों को ठिठुरन भरी सर्दी में फिर से स्कूल जाना पड़ा। ऐसे में बच्चों एवं उनके अभिभावकों को काफी चिंता सताने लगी। हालांकि कई जिलों में तो सर्दी को देखते हुए अवकाश घोषित किया था।

## माउंट में न्यूनतम एक डिग्री सेल्सियस

*माउंट आबू। हिल स्टेशन माउंट आबू का मौसम बार बार बदल रहा है। सोमवार के दिन सर्दी और बढ़ गई। क्षेत्र में दिन भर कोहरा सा छाया रहा। अधिकतम तापमान गिरकर 15.8 डिग्री तक पहुंच गया और न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में भी शीत लहर चलती रही। सर्दी से बचने के लिए लोगों को ऊनी कपड़ों का सहारा लेना पड़ा दिन में भी लोग आग तापते हुए नजर आए। गर्म व्यजंनों के साथ चाय पीते भी देखे गए। सवेरे भी देर तक लोग अपने घरों में ही रहे। जिससे दुकानें भी देरी से खुलीं। पर्यटकों के आने का सिलसिला बना हुआ है।*

**सिरोही।** अत्यधिक सर्दी को ध्यान में रखते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही के प्रस्ताव पर जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों के लिए बुधवार एवं गुरुवार दो दिवसीस अवकाश घोषित किया है। शेष कक्षाओं का समय यथावत रहेगा एवं समस्त शिक्षक कार्मिक विभागीय समयानुसार उपस्थित होगें।

## विद्यार्थियों को वितरित की स्टेशनरी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वेलांगरी।** फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड की ओर से मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीरपुर में सीएसआर पहल के तहत विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। सरपंच शिवराजसिंह, एसडीएमसी सदस्य पेराजराम, मंछराम, लक्ष्मणराम, भाजपा ग्रामीण मंडल मंत्री भेराराम देवासी, मोहनलाल, प्रधानाचार्य गोविंदराम, नरेंद्रसिंह राठौड़, दीपिकासिंह, करिश्मा राठौर, दिव्या प्रजापति, मीनाक्षी उदानियां का सहयोग रहा। इस दौरान र-ीजनल मैनेजर प्रदीप पचौरी, प्रदीप यादव, राजेश चौधरी, शुभम अवस्थी, सुरेश प्रजापत एवं एडमिन धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

## बीमा धारक को दिया दो लाख का चेक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा तंवरी द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश राजपुरोहित के निर्देश पर सरपंच हिम्मतराम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य में वितीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा प्रबंधक मनोज कुमावत ने बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के अंत में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा धारक पुकाराम की मृत्यु के बाद नॉमिनी हिना देवी को दो लाख का चेक दिया गया। विजेंद्र कुमार, थानाराम चौधरी, सोनाराम मेघवाल, जब्बरसिंह, सुरेश कुमार, नारायणलाल आदि उपस्थित रहे।

## स्थाईकरण की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ शाखा रेवदर के ब्लाक संयोजक भरत कुमार कोली के नेतृत्व में संविदा शिक्षकों को स्थाईकरण और अनुभव शिथिलन छुटअवधि बढ़ाने के लिए अनुशंसा पत्र दिलवाया। विधायक मोतीराम कोली ने अपने अनुशंसा पत्र मे संविदा सेवा नियम 2022 के तहत कार्यरत संविदा कार्मिकों के संविदा सेवा नियम 2022 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा अनेक विभागो में स्थायी पदों का सृजन कर नियमितिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संविदा सेवा नियम 2022 के तहत शिक्षा विभाग में कार्यरत पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों को भी इस प्रर्ं याधीन नियमितीकरण की प्रक्रिया में सम्मिलित कर स्थाईकरण किया जावे ताकि इनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस दौरान भरत कुमार कोली, बाबुलाल कोली, धनाराम, गणेशराम, लक्ष्मण कोली, बाबुराम आदि संविदा शिक्षक उपस्थित थे।

# भाजपा संगठन में नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

### » भाजपा के 14 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भाजपा संगठन पर्व के तहत सिरोही जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया है। जिला भाजपा संगठन ने प्रदेश के निर्देश पर मंगलवार को सिरोही जिले के 23 मंडलों में से 14 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिसमें कई नए और पुराने चेहरे भी है। भाजपा संगठन पर्व के तहत जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया है। मंगलवार को सिरोही में 14 मंडलों के अध्यक्ष तथा प्रतिनिधियों को निर्विरोध निर्वाचित किया। प्रस्तावक तथा समर्थकों के हस्ताक्षर करवाकर फार्म भर निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला संगठन पर्व के सहयोगी बाबू भाई पटेल, जिला महामंत्री एवं जिला संगठन पर्व के सहयोगी नरपतसिंह राणावत एवं जिला महामंत्री दीपाराम पुरोहित ने प्रदेश की घोषणा अनुसार एवं संगठन पर्व के जिला चुनाव अधिकारी एवं उदयपुर विधायक ताराचंद जैन के निर्देशानुसार काछोली रोड स्थित ईश्वरानंद गिरी महाराज के आश्रम में मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई।



### » इनको दी नियुक्ति

भाजपा एवं शीर्ष नेताओं ने सिरोही में चिराग रावल, पिण्डवाड़ा मंडल अध्यक्ष पद पर संतोष गहलोत, सरूपगंज में अरविंदसिंह देवड़ा, नितोड़ा में वालकी देवी गरासिया, बरलूट कांतिलाल पुरोहित, कालंद्री हिरेंद्रपालसिंह देवड़ा, कैलाशनगर मोहनलाल पुरोहित, जावाल विक्रम माली, पोसालिया प्रताप परमार माली, आबूरोड मनीष सिंघल, रेवदर हरीश लोहार, मंडार अमराराम चौधरी, अनादरा में लक्ष्मणराम कोली, भटाना कुलदीप मेघवाल की घोषणा की गई। सभी पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेगी। इस अवसर पर पिंडवाड़ा प्रधान नितिन बंसल, जिला उपाध्यक्ष सतीश सेठी, जिला मंत्री अनुराधा जैन, सदस्यता अभियान के सिरोही विधानसभा क्षेत्र संयोजक महिपाल चारण, रेवदर विधानसभा क्षेत्र संयोजक प्रकाशराज रावल, आबू पिंडवाड़ा के संयोजक हीरालाल चौधरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वयंसेवकों को किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठवे दिन मंगलवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला रोजगार अधिकारी राजुसिंह चौहान ने वर्तमान समय में विभिन्न रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। दोपहर को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला नीति के तहत नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक की भूमिका प्रो. अनिता जैन और प्रो. संध्या दुबे ने निभाई। एनएसएस समन्वयक प्रदीप कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सियाराम चौधरी, वीरेंद्रसिंह गुर्जर, डॉ. शिरीन रूही कुरेशी ने उत्साहवर्धन किया।

# जरूरतमंदों को बांटे कंबल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**माउंट आबू।** अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय पाडंव भवन परिसर में संगठन द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े तबके के लोगों को गर्म ऊनी कंबल वितरित किए। ब्रह्माकुमारी की संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके शशिप्रभा ने कहा कि श्रेष्ठ कर्मों का आधार है सकारात्मक मनोवृत्ति है। बिना किसी अपेक्षा के निमित्त व निर्माण भाव से ही समाज की सच्ची सेवा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा को जोश व जज्बा बनाए रखने को अपने वैचारिक धरातल पर दृढ़तापूर्वक सेवाधारी की संकल्पना बनी रहनी चाहिए। बिना किसी फल की इच्छा, भेदभाव, छोटे-बड़े की सच्चे दिल से सेवा कर उन्हें राहत प्रदान करने की निस्वार्थ भाव से की गई सेवा से ही पुण्य अर्जित होता है। वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका बीके शीलू ने कहा कि दूसरों के दर्द को अपना दर्द



समझकर उसका निस्तारण करने की सेवा से ही पुण्य का फल प्राप्त होता है। बीके रविन्द्र कानाडे, बीके चंद्रशेखर, बीके चेतन बोरसे, बीके बनारसी, बीके अशोक आदि ने श्रमिकों को कर्मगति पर प्रकाश डालते हुए व्यसनमुक्त जीवन जीने को संकल्प करवाया।

**आबूरोड।** शांतिवन द्वारा कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंद तीन हजार श्रमिकों को कंबल बांटे गए। 18 जनवरी को ब्रह्मा बाबा के 56वें पुण्य स्मृति दिवस को लेकर कायक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शांतिवन सहित संस्थान के अन्य परिसरों में सेवाएं दे रहे श्रमिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम बताते हुए उन्हें नशे से दूर रहने का भी संकल्प कराया गया। मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसीलाल, डॉ. बीके सविता दीदी, बीके कविता, रेडियों मधुबन से बीके कृष्णा, इंजीनियर बीके रमेश आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर से आमजन को मिल रहा लाभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** अनादरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि दीपेंद्रसिंह देवड़ा के आतिथ्य एवं सरपंच गुलाब कंवर, पंचायत समिति सदस्य नरसाराम माली, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आम जनता के लिए बहुत ही लाभकारी साबित हो रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ दीपक मेघवाल एवं नर्सिंग अधिकारी विक्रमसिंह राणावत ने सभी का सम्मान किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपाराम चौधरी, मंडल महामंत्री केसाराम कोली, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमाराम चौधरी, पूर्व कोषाध्यक्ष नाथूराम चौधरी, पंचायत समिति सदस्य नरसाराम माली, पूर्व सरपंच जामतसिंह, दलपतसिंह हड़मतिया, नारायणसिंह, भूपेंद्रसिंह सोलंकी, राजेंद्रसिंह सोलंकी, कानाराम मेघवाल युवा मोर्चा जिला मंत्री लक्ष्मण कोली आदि अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में डॉ दीपक मेघवाल, डॉ हिमांशु, नेत्र सहायक सुमन चौधरी, अनिल परिहार, रवि कुमार, फार्मासिस्ट जगदीश कुमार, लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र सैनी, लेब सहायक कुणाल कुमार, महिला स्वास्थ्य कर्मी संतोष, आरती, सोहनी विश्नोई आदि ने सेवा दी।

## मादक पदार्थ सप्लायर गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** पुलिस ने एनडीपीएस के सात मामलों में पांच साल से फरार जिलास्तर का टॉप 10 में शामिल अभियुक्त को मंगलवार को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कमलसिंह ने बताया कि 25 सितंबर 2021 में डोडा पोस्त सप्लायर अभियुक्त ललितसिंह आंजणा उर्फ ललित कुमार लम्बे समय से वांछित चल रहा था। जिस पर पुलिस अधीक्षक सिरोही द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी पर दो हजार का ईनाम जारी किया गया था। अभियुक्त राजस्थान के अलग-अलग थानों में करीब सात प्रकरणो में वांछित होने से अभियुक्त पकड में नहीं आ रहा था। आरोपी के चितोडगढ़ में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस चितोडगढ़ पहुंची तथा वाहां से बछेडा छोटी सादड़ी प्रतापगढ़ निवासी ललितसिंह आंजणा उर्फ ललित कुमार पुत्र सुवालाल आंजणा उर्फ सुआलाल उर्फ शिवलाल को गिरफ्तार किया।



## भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** महाकाली सेवा संस्थान आमथला सहित ग्रामीणों की ओर से महाकाली मंदिर परिसर में भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मनोहर व्यास कथा वाचन करेंगे। कथा के शुभारंभ के पहले शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान अमरसिंह देवड़ा श्रीमद् भावगत को अपने सिर पर धारण की गई। दलपतसिंह देवड़ा, विजयसिंह देवड़ा, हडमतसिंह देवड़ा सहित श्रद्धालु धार्मिक धूनों पर थिरकते महाकाली मंदिर पहुंचे। कथा श्रवण के लिए कारोली, आमथला, पाण्डूरी, तरूंगी, भारजा, तरतोली के भक्त पहुंचे।

## गांवों में जिम उपकरणों की स्वीकृति जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** प्रधान श्रीमती ललिता कंवर देवड़ा एवं विकास अधिकारी मुलेंद्रसिंह ाठौड़ ने गांवों में नवाचारी पहल करते हुए शहरी तर्ज पर जिम उपकरणों की स्वीकृति जारी की है। इस पहल के तहत लोटीवाडा बड़ा, कैलाशनगर, झाड़ोली वीर और वाण में जिम उपकरण लगाए जाएंगे। इस नई सौगात से युवाओं, खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों को लाभ मिलेगा और उनकी सेहत सुधारने के लिए यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। गांववासियों ने इस पहल के लिए प्रधान और विकास अधिकारी को शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है। श्रीमती ललिता कंवर जनहित कार्यों के लिए पहले से ही ख्याति प्राप्त हैं। गांवों में जनता की समस्याओं को सुनकर त्वरित कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता रही है। उनके इन प्रयासों से पंचायत समिति शिवगंज के गांवों में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ी है। उनके इन कार्यों में उनके पति विशनसिंह देवड़ा का सहयोग और समर्थन उल्लेखनीय है।



## चोरों ने ताले तोड़े चुराए आभूषण व नकदी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** उथमण में बीती रात को अज्ञात चोरों ने दो तीन मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर करीब डेढ़ लाख की नकदी एवं सोने चांदी के आभषूण गायब किए। पुलिस के अनुसार उथमण निवासी सवाईसिंह पुत्र जयसिंह, भोपालसिंह पुत्र भेरूसिंह, गरबाराम पुत्र समाराम मीणा के रहवासी मकान के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात एवं करीब डेढ़ लाख रुपए आदि गायब किए। मालाराम देवासी के मकान के ताले तोड़े गए। हालांकि यहां से कोई सामान चोरी नहीं गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की।



## फोरलेन पर सुरक्षा जाली लगाने व अन्य समस्या समाधान की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** ओम गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार मीणा समेत अन्य पशुप्रेमियों ने मंगलवार को एसडीएम सिरोही को ज्ञापन देकर फोरलेन पर सुरक्षा जाली लगाने तथा एम्बूलेंस पर स्थाई कर्मचारी लगाने की मांग की। हार्दिक कुमार रावल, एडवोकेट वीरेंद्रसिंह देवड़ा, नरेंद्र रावल, नरेश मीणा, रतन कुम्हार आदि मौजूद रहे।

# दिशा की बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को झुंझुनूं के कलेक्टरेट सभागार में लोकसभा सांसद बिजेंद्र ओला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद बिजेंद्र ओला ने अधिकारियों से कहा कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करें और जिले को विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में हमेशा अग्रणी बनाए रखें। उन्होंने स्थानीय स्तर पर योजनाओं की मुख्य विशेषताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। सांसद ने चिकित्सा अधिकारियों को एचएमपीवी वायरस के मामलों की निगरानी और तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में आइसोलेशन वार्ड और ऑक्सीजन प्लांट्स का सुचारू संचालन पहले से ही सुनिश्चित किया जाए। बैठक में शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, और पिलानी व बुहाना में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने महात्मा गांधी नरेगा योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, और दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना सहित कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। दिशा की बैठक में पिलानी विधायक पितराम काला, उदयपुरवाटी विधायक भगवान राम सैनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा, झुंझुनूं प्रधान पुष्पा चाहर, चिड़ावा प्रधान रोहिताश्व धांगड़, सूरजगढ़ प्रधान बलवान सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता महेंद्र सिंह, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता शरद माथुर, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दो स्थानीय अवकाश घोषित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश दीपा गुर्जर ने वर्ष 2025 के लिए जिले के न्याय क्षेत्र के सभी अधीनस्थ न्यायालयो में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति तथा 10 अक्टूबर को करवा चौथ के पर्व के दौरान स्थानीय अवकाश रहेगा।

# सुरक्षा शपथ दिलाकर विद्यार्थियों को दिया सावधानी बरतने का संदेश




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** वंश फाउन्डेशन व मुनिराज सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शहीद कर्नल जे पी जानूं राउमावि में जन सुरक्षा व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधार्थियों को जीवन रक्षा शपथ दिलाकर सावधानी बरतने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्घोषक मूलचंद झाझड़िया थे। अध्यक्षता विद्यालय की उप प्राचार्य विमला कटारिया ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुनिराज सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुबेदार राजेंद्र सिंह महला मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों एवं वक्ताओं ने विधार्थियों से मकर संक्रांति पर्व पर होने वाली पतंगबाजी के दौरान पशु पक्षियों व आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे चाईनीज मांझे का प्रयोग करने से बचने तथा परिवार के बड़े सदस्यों की निगरानी में पतंगबाजी करने की बात कही। एडवोकेट अमन चौधरी ने चाईनीज मांझे की खरीद बिक्री के संबंध में सजा व जुर्माने से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। रामगोपाल महमिया ने सभी से अपना कर्तव्य मानते हुए ऐसे किन्हीं हादसों में घायलों की यथासंभव मदद करते हुए तुरंत अस्पताल ले जाने पर बल दिया। वंश फाउन्डेशन के रमाकांत पारीक ने सभी से अपने रोजमर्रा के जीवन से जुड़े कार्यों में लापरवाही ना करते हुए पर्याप्त सावधानी बरतने व जोखिम वाले कार्यों से दूर रहने के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में विधार्थियों को अपनी व दूसरों के जीवन की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की शपथ दिलवाई गई।

# न्यूज़ ब्रीफ

## पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ की बैठक में लिए समाज उत्थान के निर्णय



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ की जिला राजसमंद मंडल की बैठक श्रीराम वाटिका में आयोजित हुई। जिसमें महासभा को मजबूत करने और समाज के उत्थान पर जोर दिया गया। महासभा संस्थापक घनश्याम पालीवाल व केंद्रीय महामंत्री भवंरलाल पालीवाल के आतिथ्य में आयोजित हुई। संस्थापक घनश्याम पालीवाल ने कहा कि समाज में जब तक जागरुकता नहीं आएगी समाज आगे नहीं बढ़ेगा। समाज के विकास के लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखना जरूरी है। सामाजिक उत्थान के लिए हमें एकजुट होकर युवा पीढ़ी में जागरुकता लानी होगी। महासभा केंद्रीय महामंत्री भवंरलाल पालीवाल ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी द्वारा संघटनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए आगामी दिनों में प्रतिभावान सम्मान समारोह, युवक युवती परिचय सम्मेलन, मेनारिया, नागदा व पालीवाल समाज की समस्त श्रेणियों का मातृशक्ति सम्मेलन व खेलकूद प्रतियोगिता, पांच स्थानों पर संस्कार शिविर व सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित करने का निर्णय हुआ। बैठक में सभी श्रेणियों के पदाधिकारियों का पगड़ी व इकलाई से स्वागत हु। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर बागोरा ने दिया। आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशन पालीवाल ने व्यक्त किया। आयोजन का संचालन जिला मंत्री राजेश भगवानदा ने किया।

## हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा संबल से 1700 विद्यार्थी लाभान्वित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने शिक्षा पर केंद्रित शिक्षा संबल परियोजना के शीतकालीन शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया। जिसमें वंचित ग्रामीण इलाकों के लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शीतकालीन शिविरों में प्रदेश के 6 जिलों के 47 राजकीय विद्यालयों के पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को शामिल किया गया। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत शीतकालीन शिविर। शिक्षा-केंद्रित सामाजिक प्रभाव पहल 2008 से राजस्थान में संचालित हो रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के 2 लाख से अधिक विद्यार्थी सालाना लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा संबल का उद्देश्य उन शिक्षार्थियों को सहायता प्रदान करना है। जो वित्तीय, सामाजिक और सुविधा संबंधी बाधाओं के कारण पढ़ाई और संतोषजनक करियर को आगे बढ़ाने का विकल्प नहीं चुन सकते हैं।

## ग्वाल मनोरथ दर्शन को उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा कस्बे के कृष्ण धाम मंदिर में सप्तमी सोमवार को पुजारी द्वारा मंदिर में ग्वाल मनोहर के दर्शन करवाए गए जहां पर श्रद्धा का ज्वार दर्शन को लेकर उमर पड़ा । मंदिर के अनुसार प्रतिमा ग्वाल मनोरथ के दर्शन करवाए जाते हैं जो सोमवार को मंदिर के परंपरा अनुसार मंदिर को प्रातः शुद्ध जल से साफ सुथरा कर भगवान को ग्वालो को चरावने के समय के मनोरथ झांकी का श्रृंगार धारा कर दर्शन करवाएं गए। इन दर्शनों को लेकर कस्बे वीडियो सहित दुर दराज से भी कई श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे के दर्शन कर प्रसाद लिया।

## सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी

**झुंझुनूं।** सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनूं द्वारा बीकानेर में 1 से 9 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र संबंधित वेबसाइट या ईमेल पर अपना लॉगिन कर प्राप्त कर सकते हैं।

### खारियाबास बस स्टैंड पर प्याऊ मय वाटर कूलर का उद्घाटन

# अपने पुरुषार्थ से अर्जित धन को लोक सेवा में लगाना पुण्य का कार्य है : योगाचार्य भारतीय



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में खारियाबास के बस स्टेण्ड पर आज जाखड़ परिवार के स्वर्गीय चौधरी उम्मेदसिंह जाखड़ (मिस्त्री) की पुण्य स्मृति में उनके सुपौत्रों द्वारा विमला देवी की प्रेरणा से निर्मित जल मंदिर (प्याऊ) का उद्घाटन उनकी सुपौत्री रिया चौधरी सुपौत्र मोहित जाखड़ के कर कमलों से गाँव के गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जिला ग्रामविकास संयोजक एवं आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने वैदिक वंदना प्रस्तुत कर वैदिक आर्ष ज्ञान साहित्य वैदिक संसार विशेषांक भेंट कर जल मंदिर से लोक सेवा की महत्ता को रेखांकित किया। फौजी प्रमोद कुमार जाखड़-ए एन एम गायत्री देवी एवं सुरजीतसिंह ने सभी का स्वागत कर आभार जताया। बहिन मुकेश मील ने सभी का तिलकार्चन किया। इस मौके पर जगदीश जाखड़, लोकराम मेघवाल, उप सरपंच जयवीर, समाजसेवी सत्यप्रकाश जाखड़,ठेकेदार प्रदीप जाखड़,ओमप्रकाश काजला, दाताराम, जयसिंह फौजी, रोहताश जांगिड़, बुधराम, हेमराज, सुन्दरपाल, मांगेराम पूर्व पंच, विजेंद्र, होशियार सिंह, आत्मप्रकाश धानिया, संदीप कुमार, रोताश टेलर आदि उपस्थितजनों ने अपने पुरुषार्थ से अर्जित धन को जल सेवा जैसे लोक कल्याण में लगाने की प्रशंसा की। हवलदार रामस्वरूप काजला ने प्रमोद फौजी को शुभाशीष देते हुए ग्राम विकास के सकारात्मक कार्य की आवश्यकता पर बल दिया।

# भागवत कथा को लेकर निकाली शोभायात्रा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जलचकी की स्थित चौमुखा महादेव मंदिर में सात दिवसीय भागवत कथा को लेकर सोमवार को पूर्ण श्रद्धा और धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। तेली समाज की ओर से आयोजित भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा काकरोली के पुराना बस स्टैंड स्थित नामदेव मंदिर से से बैंड बाजों के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा की रवानगी से पूर्व कलश की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा रवाना हुई। जिसमें कथा अनुष्ठानकर्ता दिनेशचंद्र तेली ने सरपर पोती लेकर चले। उनके साथ कथावाचक पंडित राजेंद्र तिवारी भी चल रहे थे। इसके साथ ही शोभायात्रा में आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। वही एक ही प्रकार की आकर्षक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर जल कलश धारण किए। इसके बाद बैण्ड पर भजनों की धुनों के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। पोथी को लेकर तथा उनके साथ कथा प्रवक्ता पूर्व आएएस अधिकारी रामपाल शर्मा शास्त्री भी मौजूद थे। शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु म्हारा लाडला श्रीनाथजी रे खम्मा रे खम्मा..., मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..., श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा..., समेत कई भजनों पर नृत्य करती दिखी। मार्ग में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया।

# छात्र सैनिकों ने किया हल्दीघाटी युद्ध क्षेत्र का भ्रमण

**राजसमंद/खमनोर।** नाथद्वारा में 10 राज बटालियन राजस्थान डायरेक्टरेट के तत्वावधान में चल रहे 12 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के एनसीसी शिविर एक भारत श्रेष्ठ भारत हल्दीघाटी शिविर में 600 एनसीसी कैडेट ने हल्दीघाटी के मूल युद्ध स्थलों का भ्रमण किया। ईबीएसबी के कमान अधिकारी कर्नल विपुल बया ने बताया कि इन शिविर में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और राजस्थान के 600 कैडेटस भाग ले रहे है। शैक्षणिक भ्रमण के तहत आज सभी छात्र सैनिकों ने हल्दीघाटी स्मारक, चेतक नाला,चेतक समाधि, हल्दीघाटी दर्रा, शाहीबाग, युद्ध भूमि रक्त तलाई आदि स्थानों का अवलोकन कर महाराणा प्रताप एवं अकबर की सेना मध्य हुए हल्दीघाटी युद्ध सहित चेतक की स्वामीभक्ति के बारे में विस्तार से जाना। हल्दीघाटी पर्यटन समिति के संस्थापक कमल मानव ने डिप्टी केम्प कमांडेंट कमांडर मनीष 2 राज नेवल विंग कमांडर मनीष व एनसीसी अधिकारी ओमप्रकाश जैन के सहयोग से मुख्य रणभूमि रक्ततलाई में कैडेट्स को हल्दीघाटी युद्ध की भौगोलिक जानकारी देते हुए विशाल मानव श्रृंखला बना कर हल्दीघाटी युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# विद्यालय में सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** इस्लामपुर कस्बे में सेठ रामकुमार सोमाणी राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में मंगलवार को गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश प्रमुख सरंक्षक समाजसेवी उद्योगपति गोविंद राम बासोतिया की धर्मपत्नी स्वर्गीय पुष्पा देवी बासोतिया के जन्मदिवस पर गोविंद राम बासोतिया चैरिटेबल ट्रस्ट नवलगढ़ के सौजन्य से व गौड़ ब्राह्मण महासभा की झुंझुनूं इकाई के तत्वाधान में विधालय के छात्रों को सर्दी के गर्म कपड़े वितरण किए गए। कार्यक्रम के संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि जिला अध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला , महामंत्री शिवचरण पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, संरक्षक रामगोपाल महमिया , राजेंद्र शर्मा झेरली, मंत्री सुरेंद्र शर्मा, के आतिथ्य में स्कूल की 150 बालिकाओ को बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ व नारी सशक्तिकरण का संदेश देकर कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए स्वेटर, चरण पादुका,जुराब, अल्पाहार वितरण किया गया। विदित हो गोविंद राम बासोतिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव डॉ विजय बासोतिया सामाजिक सरोकार के पर्याय के रूप में जाने जाते है । नारी सशक्तिकरण की दिशा में ट्रस्ट सदैव सार्थक प्रयास करता रहा है । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा तभी सार्थक होगा। जब भ्रूण हत्या को लेकर समाज को जागृत किया जाए । बेटी को साक्षर करने व उच्च शिक्षा देने से वह दो परिवारों के सामाजिक उत्थान में सहायक हो सकती है । इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बालिकाओं को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही उत्तर देने वाली 15 विजेता बालिकाओ को पारितोषिक, स्टेशनरी गिफ्ट पैक का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# ‘मादक पदार्थों की रोकथाम’ के लिए पुलिस कार्रवाई, चार गिरफ्तार




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना कुचामन पुलिस प्रशासन के जिनेन्द्र जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, परबतसर तथा भवानी सिंह वृताधिकारी, वृत मकराना के निकटतम सुपरविजन में सुरेश कुमार, निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी, पुलिस थाना मकराना के नेतृत्व में सोमवार को सुरेश कुमार पु.नि., थानाधिकारी, पुलिस थाना मकराना मय जाप्ता द्वारा लॉकल इनपुट के आधार पर स्पेशल एक्ट की कार्रवाई हेतु थाना से रवाना होकर ग्राम कालवा के पास पहुंचे तो मुखबीर के जरिए खास अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने की सूचना मिली ईतला पर कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 500 ग्राम डोडा चूरा व कुल 550 ग्राम अफीम व 9000 रूपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट कार व मोटर साईकिल को जप्त करते हुए आरोपी राजेन्द्र विश्नोई उर्फ राजु पुत्र लेखराम विश्नोई, उम्र 34 साल निवासी विश्नोईयों की ढाणी, मनाना, पुलिस थाना मकराना।रामेश्वर बबाल पुत्र शिवकरण राम, जाति जाट, उम्र 23 साल निवासी धीरसर, पुलिस थाना गच्छीपुरा। सुनिल विश्नोई पुत्र भुगानाराम, जाति विश्नोई, उम्र 30 साल, निवासी हुडीया, पुलिस थाना गच्छीपुरा।मुकेश विश्नोई पुत्र पथराज विश्नोई, जाति विश्नोई, उम्र 30 साल, निवासी विश्नोईयों की ढाणी,मनाना, पुलिस थाना गच्छीपुरा कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। करवाई करने वाली पुलिस टीम के सदस्य सुरेश कुमार पुनि, थानाधिकारी पुलिस थाना मकराना,श्रीमति राजकुमार हैड कानि पुलिस थाना मकराना, शिवलाल हैड कानि पुलिस थाना मकराना,रोहिताश हैड कानि , पुलिस थाना मकराना,राजेन्द्र सिंह हैड कानि पुलिस थाना मकराना रहे।

## पीर अब्दुल गनी बाबा का उर्स आज से शुरु

**कुचामन सिटी।** डीडवाना में अल्हाज सैय्यद पीर अब्दुल गनी बाबा का तीन दिवसीय उर्स मेला श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। दरगाह शरीफ सुपका रोड, शेख तालाब परिसर में आज बुधवार को झंडा चढ़ाने के साथ इसका आगाज होगा। दरगाह दीवान अल्हाज फैजुल्लाह खां फैज और सज्जादानशीन सैफुल्लाह खां और असदुल्लाह खा ने बताया कि उर्स के आयोजन में देशभर से जायरीन शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा चढ़ने के साथ हो जाएगी।

# डीएलएल द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आज से

**झुंझुनूं।** पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार डी एल एड द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 8 जनवरी से प्रारंभ हो रही है । परीक्षा के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को डाइट परिसर झुंझुनूं में डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझडीया कि अध्यक्षता में सभी केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेस्ट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार, शशिकांत,अंजू कस्वा ,विधि झाझड़िया,अंजू सैनी ,सुनीता झाझड़िया उपस्थित रहे। डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने बताया कि आज सभी केंद्राधीक्षकों को प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएँ वितरित कर नजदीकी पुलिस थाने में रखवाने के निर्देश दे दिये हैं। डी एल एड परीक्षा के जिला प्रभारी अधिकारी प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि जिले में 7 परीक्षा केंद्र यथा-जे के मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय झुंझुनूं, उदावास, आबूसर, अणगासर, चुड़ैला, रिजाणी और नयासर बनाये गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर 1177 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रोन्नत प्रथम वर्ष की परीक्षाएं सुबह की पारी में प्रातः10 से 1 बजे और दिवितीय वर्ष की परीक्षाएं शाम की पारी में 2 से 5 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा में सघन मॉनिटरिंग हेतु दो उड़न दस्ते का गठन किया गया है। परीक्षा की सभी व्यवस्थाए माकुल कर दी गई है।

**Police Headquarters, Chhattisgarh**
**Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, 492002**
3rd Tender Inviting for 40mm UBGL and 40mm UBGL Shell

No. PHQ/P&P/Arms/18/2025 Nava Raipur, Dated: 02/01/2025

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Original Equipment Manufacturer (OEM) or authorized (Only one firm by OEM) for the following item:

| Sl. No. | Name of Items | Qty | EMD in Rs |
|---|---|---|---|
| 1. | 40mm UBGL (Muzzle Loaded) | 410 | 14,35,000/- |

**Note: Quantity will be variable.**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below:

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Address for submission of tender document: | DIG of Police (P&P), Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur-Atal Nagar, Chhattisgarh, Pin - 492002 |
| (b) | Last Date and Time of Submission on Bids: | **22-01-2025 till 03:00 pm** Block No. 03, Room No. 309, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid: | **22-01-2025 at 04:00 pm** Block No. 03, Room No. 309, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (d) | Place, Time and Date of opening Financial Bid: | **Shall be intimated later.** |
| (e) | Date till which the Bid to remain valid: | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

**Notes:**

1. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of **document tender fee 3,000/-** will be paid in the form of DD of State Bank of India/ Scheduled Bank (Other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favor of **Director General of Police PHQ, C.G. Raipur** or State Govt. Challan of Rs. 3,000/- to be deposited in the Head of A/c 0055-Police, 800- other receipt. Tender fee is non-refundable and can't be exempted in any condition.
2. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03:00 pm on dt. 22-01-2025 at Block No. 03, Room No. 309 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.
3. The purchaser shall not be responsible for any postal delay resulting into non-receipt/non-delivery or late receipt of tender documents.
4. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day.
5. Modification/Amendments/Corrigendum, if any, shall not be advertised on the newspaper but shall be published in the aforesaid website only and the time of submission of bid will also be extended if required.
6. Quantity will be variable at any stage without assigning any reason.

(Manish Sharma)
DIG of Police (P&P)
For - Director General of Police

G/242505098/5

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

# पाली : तैयारियों की बैठक आयोजित, एडीएम पंवार ने दिये आवश्यक निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में गणतंत्र दिवस के संबंध में तैयारी बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानी सिंह पंवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन संबंधी तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि हमेशा की तरह गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पूर्ण हर्षोल्लास व गरिमामय माहौल में मनाया जाएगा।

बैठक में उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह इसका आयोजन बांगड स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगामी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सभी संबधित अधिकारियों को स्टाफ समेत गणतंत्र दिवस समारोह में पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बांगड़ स्टेडियम मे रंग-रोगन साफ-सफाई व्यवस्था, मार्च-पास्ट, ध्वज व्यवस्था, परेड निरीक्षण, माइक तथा साउंड व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, टेंट, पानी, बैठक



व्यवस्था, साजसज्जा, परिवहन एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बैठक में बताया कि जिला कलक्टर व जिला कलक्टर कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे एडीएम के निवास पर यूआईटी भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह बांगड स्टेडियम में प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगा व मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

एडीएम पंवार ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी को पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इसके लिए सभी संबंधित विभाग आवश्यक तैयारियां पूरी करें। एडीएम ने बैठक में विभिन्न विभागों की विकास व योजनाओं की झांकियों के प्रदर्शन के बारे में व रिहर्सल के बारे में चर्चा कर सभी संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी तक तय की गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों द्वारा 20 जनवरी तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन किया जा सकता हैं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पाली विमलेंद्र राणावत व सभी संबंधित विभागों सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, शिक्षा, उच्च शिक्षा, पुलिस, परिवहन, सैनिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास, महिला अधिकारिता, सांख्यिकी, आयुर्वेद, सूचना प्रौद्योगिकी आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पीएलवी की कार्यावधि समाप्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा पीएलवी की कार्यावधि समाप्त होने से पूर्व ही जिले एवं ताल्लुका स्तर पर कार्यरत पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स की नियुक्ति की है। प्राधिकरण ने पैनल के पुनर्गठन के संबंध में निर्देश दिए थे, जिनकी पालना में जिला मुख्यालय पाली अधीनस्थ तालुका विधिक सेवा समिति मुख्यालय सुमेरपुर पंचायत समिति सुमेरपुर पर वर्तमान में नियुक्त किए गए वर्मन कुमार सामरिया पैरालीगल वालंटियर के रूप सात वर्षों से सुमेरपुर की पंचायत में निःशुल्क सेवा एवं कानूनी सेवाएं देते रहे थे। उन्हें पुनः तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा छह जनवरी से 31 दिसंबर तक नियुक्त किया गया है।

# घाणेराव : गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**घाणेराव।** निकटवर्ती गुडा भोपसिंह राजस्व गांव में स्थित कृष्ण मंदिर के प्रांगण में सोमवार की रात्री में श्री शनिदेव सेवा समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित ग्रामीणों ने गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर बैठक में संकल्प लिया। वहीं बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि गुडा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी क्षेत्र में पंचायत के अभाव में विकास कार्य नहीं हो पाया है। ऐसे गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर राय सरकार से मांग की जाएगी। शिघ्र जिला कलेक्टर से गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर पुनर्गठन की मांग की जाएगी। इससे पूर्व समिति के सदस्य और घाणेराव उपसरपंच दिनेश आदिवाल ने ग्रामीणों ने बताया कि राय सरकार ने जिस क्षेत्र में आदिवासी लोगों की संया 2000 से अधिक है, वहीं पर पंचायत बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। ऐसे गुडा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी सहित आसपास बेरे पर रहने वाले लोगों की संया तीन हजार से अधिक है। जिसके कारण गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिल सकता है। इसके लिए ग्रामीणों ने एकजुट होकर बुलंद रूप से आवाज़ उठाकर अधिकारियों के पास पहुंचानी होगी। वहीं अमरसिंह पंवार ने कहा कि गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिलने के बाद विकास कार्यों के लिए अलग से बजट मिलेगा। जिससे क्षेत्र का विकास हो सके और गुडा भोपसिंह क्षेत्र के लोग सरपंच और जनप्रतिनिध बन सके। वहीं समिति के सदस्य हरीश श्रीमाली ने ग्रामीणों ने कहा कि आने वाला समय गुडा भोपसिंह के बहुत ही महत्तपूर्ण है, ऐसे पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर संघर्ष करने के लिए ग्रामीणों को तैयार रहना होगा। वहीं पंचायत का दर्जा मिलने से गुडा भोपसिंह क्षेत्र में शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में तो सुधार होगा। गुडा भोपसिंह पंचायतराज के मानचित्र मे अंकित हो जाएगा। इस बैठक में श्री शनिदेव सेवा समिति के सदस्य अमरसिंह पंवार, हरीश श्रीमाली, दिनेश आदिवाल, मनोहरसिंह वार्डपंच, सतीश चौहान एवं गुडा भोपसिंह गांव के ललित मेवाडा, खेमराज भील, नरेंद्र कुमार, मांगीलाल देवासी, मांगीलाल, भीकाराम, शंकरसिंह रावत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# कॉलेज में स्वामी विवेकानंद पर भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद पर आधारित भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सहायक आचार्य हितेंद्र सिंह व करिश्मा ने निर्णायक के रूप में भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रेम राठौड़, द्वितीय हितेश बैरवा और तृतीय स्थान पर संगीता रही। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम स्थान पर खुशी, द्वितीय स्थान पर संगीता और तृतीय स्थान पर कांता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. रेणु कुमारी और दुष्यंत देव ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. हीरालाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी राहुल पलसानिया ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। आयोजन में सहायक आचार्य डा. संजय परिहार, राजेश कुमार मीना, नवीन चंद मीणा और वरिष्ठ सहायक राजेश चौधरी उपस्थित रहे।



# पाली में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता एवं भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अर्हता एक जनवरी के संदर्भ में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को किया गया, इसके लिए एक बैठक मंगलवार जिला कलक्टर कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी मंत्री ने बताया कि अर्हता दिनांक एक जनवरी के संदर्भ में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि अंतिम प्रकाशन की फोटोरहित मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी व फोटोयुक्त मतदाता सूची की मुद्रित प्रति मान्यता प्राप्त



राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को प्रदान की गई। साथ ही दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को प्रारूप प्रकाशन के समय जिले की छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1792047 मतदाता थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के दौरान कुल 34384 नाम जोडे गए एवं 10560 नाम विलोपित किए गए इस प्रकार मंगलवार को अंतिम प्रकाशन के समय जिले में कुल 1815871 मतदाता हो गए है। साथ ही जिले की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार जिले का लिंगानुपात 931 की होना चाहिए जो प्रारूप प्रकाशन के समय यह 932 था जो अब बढ़कर 936 हो गया है। बैठक में बताया कि जिले की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार मतदाता जनसंख्या अनुपात ईपी रेशियों 716 होनी चाहिए। प्रारूप प्रकाशन के समय 702 था जो अब बढ़कर 711 हो गया है। अंतिम प्रकाशन के समय कुल 23259 विशेष दिव्यांगजन कुल मतदाता है।

इस अवसर पर बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी डा. बजरंग सिंह व तहसीलदार निर्वाचन रेखा देवी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि (भाजपा) से रामकिशोर साबू (कांग्रेस) रफीक खान, एआईएमआईएम से आसिफ खान व मीडीयाकर्मी आदि मौजूद रहे।

टाइगर क्रिकेट प्रतियोगिता

# टाइगर का खिताब नीपल के नाम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती डायलाना कलां ग्राम पंचायत के डायलाना खुर्द गांव स्थित खेल मैदान पर टाइगर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में चार दिवसीय टाइगर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सरपंच राजाराम सीरवी के मुख्य अतिथि में हुआ। इस मौके पर सीरवी ने कहा कि खेल से जहां शारीरिक विकास होता हैं। वहीं आपसी सौहार्द का वातावरण भी बनता हैं। ऐसे में हर युवा को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल खेलना चाहिए। प्रतियोगिता आयोजक मंडल के महेंद्र राठौड़ व हिम्मत रमैया ने बताया कि फाइनल मैच डायलाना व नीपल के बीच खेला गया। जिसमें नीपल की टीम ने फाइनल मैच जीतकर टाइगर का खिताब अपने नाम किया।

मध्य रेल

रोड़ ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य

**ई-निविदा (खुली निविदा) सूचना क्र. सी.ए.ओ.सी-21-2024-आर.ई.वी. दिनांक: 31.12.2024**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मध्य रेल, छठवां माला, नया प्रशासनिक भवन, डी.एन.रोड, सीएसएमटी, मुंबई-400001, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली में) के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाईट **www.ireps.gov.in** (ई-टेन्डर पोर्टल) पर आमंत्रित करते हैं:- **कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के मलकापुर तक विस्तार सहित पचोरा-जामनेर के बीच नैरो गेज के स्थान पर नई बी.जी. लाईन के संबंध में 8 (आठ) रोड ओवर ब्रिज (पचोरा से जामनेर के बीच) का निर्माण (दो पैकेट प्रणाली में)। **निविदा की लागत:** रु. 159,03,43,095.71 **बयाना जमा राशि:** रु. 81,01,700.00 **निविदा फार्म की लागत:** लागू नहीं (जीसीसी अप्रैल 2022 पृष्ठ 4 पर खंड संख्या 3 के अनुसार) **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन **पूर्णावधि:** मानसून अवधि सहित 24 (चौबीस) महीने **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता:** उपरोक्त कार्य के निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। **निविदा प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि व समय:** संपूर्णतः विधिवत् भरी गयी ई-निविदाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर 30.01.2025 को 11.00 बजे तक इलेक्ट्रॉनिकली अपलोड की जानी चाहिए। ये निविदाएं (केवल तकनीकि बिड) इसी दिन 11.00 बजे के बाद खोली जाएंगी। **संयुक्त जोखिम करार फर्म:** संयुक्त जोखिम करार फर्म को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति हैं। **निविदाकारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना: 1.** निविदा संबंधी सभी कार्य संपूर्णतः केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही किया जाएगा। निविदा प्रस्तुत करने वाले सभी निविदाकारों को पहले आईआरईपीएस की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर करना होगा। **2.** भावी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि अपना ऑफर इलेक्ट्रॉनिकली सबमिट करने से पहले, वे निविदा से जुड़ी नियम व शर्तें, पात्रता मापदंड आदि विवरण ध्यानपूर्वक पढ़ लें। **3.** निविदा दस्तावेज तथा समय-समय पर जारी होने वाले शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। यदि इस निविदा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो निविदा खुलने की तारीख से कम-से-कम 15 दिन पहले इस बारे में वेबसाइट पर जानकारी दी जाएगी। किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए/उपरोक्त पते पर अथवा उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/भुसावल-I, मध्य रेलवे, रेलवे स्टेशन के निकट, भुसावल-425201, मो. - 7219611250 पर किसी भी कार्य दिवस को 10.00 बजे से 17.30 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है। **टिप्पणी:-** यदि ई-निविदा सूचना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के शब्द, नियम और शर्तों आदि में हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में को भिन्नता पाई जाती है, तो उस स्थिति में, ई-निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण अंतिम माना जाएगा एवं लागू होगा। 658

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

# अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष नायक ने ली बैठक,

▶▶ अधिक से अधिक लोगों को लाभावित कराने के दिए निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने मंगलवार को उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली में बैठक ली।

बैठक में उन्होंने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की ओर उसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, बैंकिंग योजना, पैकेज ऑफ प्रोग्राम योजना, ऑटो रिक्शा/ई रिक्शा योजना, व्यक्तिगत पंप सेट योजना, उन्नत नस्ल गाय भैंस योजना, मुद्रा ऋण योजना, राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम की ऋण योजना, अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करके अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभावित करने के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को लाभावित करने के बारे निर्देश दिए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रानी जितेंद्र सिंह सोनिगरा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। महिपाल लालस सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने अनुजा निगम योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया एवं समय-समय पर आयोजित किए गए जागरूकता शिविरों की जानकारी दी व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# बाली आरबीएसके टीम की मानवता भरी पहल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली आरबीएसके टीम ने एक 10 वर्षीय बच्ची लावण्या पुत्री अतुल कुमार वर्मा का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया है, जो जन्म से ही दोनों पैरों में तकलीफ से पीड़ित थी। इस ऑपरेशन के बाद लावण्या को चलने-फिरने में अब कोई दिक्कत नहीं होगी। बीसीएमओ हितेंद्र वागोरिया ने बताया कि बाली में दो टीमें कार्यरत हैं, जिन्होंने अभी तक 70 से ज्यादा जटिल ऑपरेशन निःशुल्क करवाए हैं। इन ऑपरेशनों की कीमत दो लाख से 11 लाख तक के करीब आती है। लावण्या के पिता अतुल कुमार वर्मा ने ब्लॉक बाली टीम का सहृदय से धन्यवाद दिया और बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को बड़े-बड़े शहरों में दिखाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ब्लॉक बाली टीम की मदद से उनकी बेटी का ऑपरेशन सफल हुआ है, जिसके लिए वे हमेशा आभारी रहेंगे। इस ऑपरेशन के लिए ब्लॉक बाली टीम के सदस्यों ने अपनी पूरी मेहनत और समर्पण से काम किया। टीम के सदस्यों में डा. प्रेम कुमार बर्वर, डा. भीमाराम चौधरी, फार्मासिस्ट पंकज कुमार गौड़ और मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि लावण्या का ऑपरेशन एक जटिल प्रक्रिया थी, लेकिन उन्होंने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का उपयोग करके इसे सफल बनाया।



## प्रतिभावान सम्मान समारोह 12 को

**सुमेरपुर।** समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान मुख्यालय सुमेरपुर के तत्वावधान में पाली संभाग के पाली, जालोर व सिरोही जिले के सभी तथा प्रवासी समाजबंधु कुम्हार, प्रजापत, कुंभकार व प्रजापति समाज का प्रतिभावान सम्मान एवं मोटिवेशन समारोह 12 जनवरी को सुबह 8 बजे जालोर के जसवंतपुरा स्थित श्री मारू प्रजापति छात्रावास में होगा। जिसमें कक्षा 10वीं, 12वीं, डिग्रीधारी, डिप्लोमाधारी जो 60 प्रतिशत से अधिक, राज्य व राष्ट्रीय खेलकूद, सरकारी प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह की तैयारियों में संस्थान के संयोजक ललित मेड़तिया सुमेरपुर, अन्य कार्यकारिणी सदस्य जुटे हुए हैं।


# प्रकाश पर्व पर सुमेरपुर के मुख्य मार्गों से होकर नगर कीर्तन यात्रा निकाली



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सिख पंथ के दसवें गुरू गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के मौके पर गुरद्वारा श्री गुरू सिंह सभा शिवगंज की ओर से विशाल शोभा यात्रा (नगर कीर्तन) निकाली गई। नगर कीर्तन में पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरू ग्रंथ साहिब महाराज की सवारी भी हुई। संगत गुरबाणी कीर्तन करते हुए और सेवा का संदेश देते हुए साथ चली। शोभायात्रा सुबह साढ़े दस बजे गुरुद्वारा साहेब शिवगंज से रवाना हुई। जो सुमेरपुर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः शिवगंज गुरूद्वारा पंहुच संपन्न हुई। शोभायात्रा सुमेरपुर में प्रवेश करते हुए नदी ढ़लान स्थित नीलकंठ महादेव से होते हुए पुराना पाली बस स्टेंड, गांधी मूर्ति, मेहता प्याऊ, भैरु चौक, आर्य समाज सर्कल, मंगल कलश चौराहा से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहेब शिवगंज पहुंची। नगर के मुख्य चौराहों पर निशान ए खालसा गतका ग्रुप ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं पंजाब फौजी बैंड ने अपनी प्रस्तुतियां देते हुए दर्शकों का मन मोहा। पंच प्यारे बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ सुसज्जित वाहन की अगुवाई कर रहे थे। समाजजन श्री गुरू ग्रंथ साहिब के वाहन के आगे सफाई करते हुए चल रहें थे। पानी का टैंकर मार्ग पर छिड़काव करता हुआ चल रहा था। नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और जलपान के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया। नगर कीर्तन में सिखों के शौर्य को दर्शाती झांकियां शामिल रहीं। कांग्रेसजन पूर्व प्रधान व कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुभाष मेवाड़ा, करण सिंह मेड़तिया,गणपत सिंह देवड़ा, जाफर सिलावट सहित अन्यजन द्वारा नगर कीर्तन यात्रा का स्वागत किया गया।

# आहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष पर व्याख्यान माला




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (राजस्थान) की स्थानीय इकाई राजकीय महाविद्यालय बाली के तत्वावधान में पुण्यश्लोक देवी आहिल्या बाई होलकर के 300 वें जयंती वर्ष उपलक्ष्य में व्याखान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाली जिले के जिला प्रचारक नारायणलाल ने बताया कि आहिल्या बाई होलकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है।

उन्होंने आहिल्या बाई होलकर के संपूर्ण जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि आहिल्या बाई होलकर न केवल एक उत्कृष्ट शासनकर्ता थी। अपितु उनमें धर्म के प्रति समर्पण, दूरदृष्टि एवं उज्ज्वल चरित्र भी था।

उनका लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजाति समूह तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था। समाज सुधार, कृषि सुधार, जल प्रबंधन, पर्यावरण रक्षा, जन कल्याण और शिक्षा के प्रति समर्पित होने के साथ-साथ उनका शासन न्यायप्रिय भी था। उनके जीवन में न्यायप्रियता उनके पुत्र के दृष्टांत से स्पष्ट होती है। उन्होंने बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक एवं द्वारिका से पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाकर संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का श्लाघनीय प्रयास किया। इस प्रकार विद्यार्थियों को उनके जीवन से पारमार्थिक जीवन की प्रेरणा का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पाली जिले के जिला प्रचार प्रमुख डा. आईदानसिंह ने बताया कि इंदौर की शासिका आहिल्या बाई होलकर की ग्रामीण पृष्ट भूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की जीवन यात्रा महान प्रेरणा का स्त्रोत है। इस प्रकार भारतीय इतिहास में ऐसे अनेकों महापुरूष हैं। जिन्हें इतिहास की मुख्य धारा में अनभिज्ञतावश अथवा जानबूझ कर स्थान नहीं दिया गया। इस प्रकार भारत केंद्रित इतिहास लेखन की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य भजनलाल ने किया।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. सीएच.इंजी./एम एंड ई/4254/दि. 06.01.2025

ई-निविदा सूचना

महापालिका आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा पात्र बोलीदारों से मद दर आधार पर निम्न कार्यों हेतु **प्रतिशत दर आधार** पर ऑनलाइन **ई-निविदाएं** आमंत्रित है। बोली प्रारंभ की दिनांक व समय एवं बोली समापन की दिनांक व समय निविदा सेक्शन अंतर्गत एमसीजीएम वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना में वर्णित है।

बृहन्मुंबई महानगर पालिका
ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | प्रमुख अभियंता (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल) |
| उप विभाग | कार्यकारी अभियंता मैकेनिकल (ई.आई) निर्माण |
| विषय | एमसीजीएम हब वरली में डीएमसी (ई) के कार्यालय में कॉंफ्रेंस रूम मे बडा संधारण एवं रिफर्बिशमेंट कार्य।<br>2024-एमसीजीएम-1133019-1 |
| निविदा विक्रय | 08.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे |
| बोली समापन | 15.01.2025 को शाम 04.00 बजे |
| प्री-बिड दिनांक | लागू नहीं |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in<br>एनआईसी पोर्टल http://mahatenders.gov.in |
| लीगल/ट्रेड | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| नामः जीएसटी नं. | 27AAALM0052L3Z4 |
| संपर्क व्यक्ति | कार्यकारी अभियंता मैकेनिकल (ई.आई) निर्माण |
| ए) नाम | श्री मनोज एच. वानखेडे |
| बी) फोन नं. | 24958153 |
| सी) मोबाइल नं. | 9673741004 |
| डी)ई-मेल | eemecheiconst.me@mcgm.gov.in |

इच्छुक निविदाकार निविदा की अधिक जानकारी हेतु महापालिका वेबसाइट **http://portal.www.mcgm.gov.in** या एनआईसी पोर्टल **http://mahatenders.gov.in**देखें।
निविदा दस्तावेज डाक/कुरियर द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

**PRO/2157/ADV/2024-25** कार्य. अभि. (ई.आई.) निर्माण

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



# पुरुष प्लेयर ऑफ दिसंबर को नामांकन जारी

## जसप्रित बुमराह को भी मिली जगह

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज डेन पैटरसन को आईसीसी दिसंबर 2024 के पुरुष खिलाड़ी के लिए चुना गया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीत दिलाई जिससे ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में स्थान सुरक्षित हो गया। तेज गेंदबाज ने तीन टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एडिलेड में आया जहां उन्होंने शानदार 5/57 गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 10 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। कमिंस सिर्फ गेंद से ही प्रभावी नहीं थे, उन्होंने बल्ले से महत्वपूर्ण रन बनाए, जिसमें मेलबर्न में 49 और 41 रन की पारी शामिल है, जो ऑस्ट्रेलिया की जीत में निर्णायक साबित हुई।

### दक्षिण अफ्रीका को फाईनल में पहुंचाया

- दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को डब्ल्यूटीसी25 फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। प्रोटियाज सीमर शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने दो टेस्ट में 16.92 की औसत से 13 विकेट लिए। पैटरसन के मैच जीतने वाले स्पेल में श्रीलंका के खिलाफ 5/71 और पाकिस्तान के खिलाफ 5/61 के आंकड़े शामिल थे, द. अफ्रीका का अपने अंतिम डब्ल्यूटीसी चक्र असाइनमेंट में दबदबा सुनिश्चित हुआ। महत्वपूर्ण क्षणों में स्ट्राइक करने की क्षमता ने प्रोटियाज को डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में मदद की।

### बुमराह ने खुद को साबित किया श्रेष्ठ

- कमिंस के नेतृत्व और हरफनमौला योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला जीतने और जून में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह अर्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर दिखाया कि वह दुनिया के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से क्यों हैं। भारत के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के बावजूद बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्हें सीरीज ऑफ द प्लेयर भी चुना गया। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 32 विकेट लिए। ब्रिस्बेन और मेलबर्न में बुमराह की प्रतिभा पूरी तरह से देखने को मिली, जहां उन्होंने प्रत्येक टेस्ट में नौ विकेट लिए। उनके तेजतर्रार स्पैल ने भारत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखा। इसके अतिरिक्त बुमराह के प्रयासों ने उन्हें एक भारतीय गेंदबाज द्वारा अब तक के सर्वोच्च आईसीसी टेस्ट प्लेयर रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद की।

# भारत करेगा भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी

## नीरज सहित कई स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**चंडीगढ़।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है। पिछले 12 साल से एएफआई के अध्यक्ष रहे सुमरिवाला ने इस खेल महासंघ की वार्षिक आम बैठक के पहले दिन कहा, 'भारत इस साल के आखिर में भाला फेंक की एक शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।



16 साल की अनहत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश का जीता खिताब



**नई दिल्ली।** देश की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी 16 वर्षीय अनहत सिंह ने अंडर-17 ब्रिटिश ओपन जूनियर स्क्वैश टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शीर्ष वरीय अनहत ने फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय मलिका अल कराक्सी को एक सेट से पिछड़ने के बाद 4-11, 11-9, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अनहत इससे पहले यहां अंडर-11 और अंडर-15 वर्ग का खिताब जीत चुकी हैं। बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।

### 2019 में ब्रिटिश ओपन में स्वर्ण जीता

इसके बाद कुछ ही समय में अनहत अंडर-11 और अंडर-13 में नंबर एक खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने 2019 में अंडर-11 लेवल पर भारत के लिए पहली बार प्रतिष्ठित ब्रिटिश ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस खिताब के बाद अनहत ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। इसी साल अनहत ने एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। साल 2020 में उन्होंने ब्रिटिश और मलेशिया जूनियर ओपन टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था।

### जूनियर चैंपियन का टूर्नामेंट जीता

अनहत ने पिछले साल फिलाडेल्फिया में आयोजित यूएस ओपन 2021 जूनियर (अंडर -15) स्क्वैश टूर्नामेंट भी जीता था। वह किसी भी आयु वर्ग में यूएस ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। साल 2022 में तो अनहत ने कमाल ही कर दिया। यह उनका अब तक का सबसे अच्छा सीजन रहा। उस साल जून में थाईलैंड एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप (अंडर-15) में अनहत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इतना ही नहीं चेन्नई में हुए नेशनल कैंप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय स्क्वैश टीम में जगह बनाई।

# स्वर्ण विजेता बहादुर सिंह बने नए एएफआई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** शियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फेंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे। बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया।

# 4 ओवर में 93 रन... टूट गए सारे रिकॉर्ड

## इंटरनेशनल मैच में स्कूल क्रिकेट वाली कुटाई



**नई दिल्ली। चार ओवर के स्पेल में 93 रन। यानी तकरीबन हर गेंद पर बाउंड्री। किसी भी गेंदबाज के लिए इससे बुरा दिन शायद ही होगा, जो मूसा जोबारतेह की जिंदगी में आया। मूसा की 'पिटाई' पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है लेकिन कहते हैं ना कि आंकड़े झूठ नहीं बोलते। गांबिया के मूसा जोबारतेह के ये आंकड़े टी20 क्रिकेट में सबसे महंगी गेंदबाजी का रिकॉर्ड है। टी20 क्रिकेट में सबसे महंगी गेंदबाजी का रिकॉर्ड 23 अक्टूबर 2024 को जिम्बाब्वे और गांबिया के मैच में बना था। यह आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालिफायर मुकाबला था। इस मैच में जिम्बाब्वे ने चार विकेट पर 344 रन ठोक दिए थे। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों का सबसे बड़ा स्कोर भी है।**

जिम्बाब्वे के लिए इस मैच में सबसे अधिक रन कप्तान सिकंदर रजा ने बनाए थे। उन्होंने 43 गेंद में 133 रन ठोक दिए थे। इस पारी में उन्होंने 33 गेंद में शतक पूरा किया था। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में दूसरा सबसे तेज शतक है। क्लाइव मंडाडे 17 गेंद में 53 और ब्रायन बेनेट ने 26 गेंद में 50 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे के इन बैटर्स की सबसे अधिक मार मूसा जोबारतेह पर पड़ी थी। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने चार ओवर में 93 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 23 ।25 था।

### चैंपियंस ट्रॉफी को जीतने वाली टीमें

मूसा जोबारतेह की इस गेंदबाजी से अगर किसी ने राहत की सांस ली होगी तो वह श्रीलंका के कसुन रजीता होंगे। मूसा से पहले टी20 इंटरनेशनल मैचों में सबसे महंगी गेंदबाजी का अनचाहा रिकॉर्ड रजीता के ही नाम था। श्रीलंका के कसुन रजीता ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार ओवर के स्पेल में 75 रन लुटा दिए थे।

मलेशिया ओपन

# त्रीसा-गायत्री की जोड़ी को मिली कामयाबी



**नई दिल्ली।** भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।

इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन

# उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन और पी.वी सिंधू की अगुवाई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल 14 जनवरी से यहां शुरू होने वाले योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी।



### 8.15 करोड़ रुपए का पुरस्कार पूल

इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए लगभग 8.15 करोड़ का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का प्रतिस्पर्धा करना विश्व मंच पर भारतीय बैडमिंटन के विकास और उन्नति का प्रतीक है।'

### चिराग-सात्विक पुरुष युगल में खिताब के दावेदार

चीन मास्टर्स 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चिराग और सात्विक पुरुष युगल में एक बार फिर खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। चोट से वापसी कर रहे सात्विक पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगे। सात्विक-चिराग के अलावा भारत की उम्मीदें पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पर भी टिकी होंगी।

### शीर्ष-20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस प्रतियोगिता में विश्व के शीर्ष-20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और शीर्ष-20 महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ियों में से 14 भाग लेंगे। पुरुष युगल जोड़ियों में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेइकेंग एवं वांग चांग और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान एवं मुहम्मद रियान अर्दिआंतो शामिल हैं।

## मनोरंजन

# 'G2' में नजर आएंगी वामिका गब्बी



अभिनेत्री वामिका गब्बी, जिन्हें हाल ही में वरुण धवन के साथ एक्शन फिल्म 'बेबी जॉन' में देखा गया था, वह अब विनय कुमार सिरिगिनीदी द्वारा निर्देशित आगामी जासूसी थ्रिलर 'G2' में नजर आएंगी। फिल्म 'G2' अदिवी द्वारा लिखित और अभिनीत 2018 की हिट जासूसी थ्रिलर 'गुडाचारी' का सीक्वल है। वामिका जासूसी थ्रिलर फ्रैंचाइजी की इस अगली किस्त में इमरान हाशमी और अदिवि शेष के साथ नजर आएंगी। वामिका गब्बी ने कुछ ही देर पहले फिल्म 'G2' में अपनी उपस्थिति को जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में वामिका और अदिवी नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'स्पाई, एक्शन एडवेंचर G2...अपनी अगली फिल्म की जानकारी शेयर करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। मैं अब बेहतरीन को-एक्टर अदिवी सेश के साथ काम करने वाली हूं...इमरान सर से भी होगी सेट पर मुलाकात...' वामिका को प्राइम वीडियो सीरीज 'जुबली', नेटफ्लिक्स फिल्म 'खुफिया' और सोनीलिव सीरीज 'चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली' में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। बहरहाल, वामिका ने वरुण धवन और कीर्ति सुरेश की फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज के दौरान जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। अदिवि शेष और वामिका गब्बी के अलावा इस फिल्म में इमरान हाशमी, मुरली शर्मा, सुप्रिया यार्लागड्डा और मधु शालिनी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। 'एवारू' और 'मेजर' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले अदिवि शेष पहली बार वामिका के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म के अलावा अदिवी के पास एक्शन ड्रामा 'डकैत' भी है। इस फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। यह शेनिल देव की निर्देशन में पहली फिल्म है। यह एक गुस्सैल अपराधी की कहानी है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने का प्लान बनाता है जिसने उसे धोखा दिया था।

**जासूसी थ्रिलर में अदिवी-इमरान के साथ जमेगी जोड़ी**

# बाहुबली के कटप्पा संग दिखेंगे रजनीकांत



सुपरस्टार रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' की शूटिंग करने के लिए थाईलैंड रवाना हो गए हैं। रजनीकांत ने खुलासा किया कि फिल्म की लगभग 70 परसेंट शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म का अगला शेड्यूल 13 जनवरी से 28 जनवरी तक होगा। रजनीकांत को मंगलवार सुबह हवाई अड्डे पर स्पॉट किया गया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए रजनीकांत ने राजनीति से संबंधित सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। बता दें कि 'कुली' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें तेलुगु स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सोबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। बॉलीवुड स्टार आमिर खान के इस फिल्म में कैमियो करने की खबरें चर्चा में हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसे लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म में श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी अहम भूमिका में हैं। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित, 'कुली' का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया गया है। ये फिल्म कई कारणों से चर्चा में बनी हुई है। उनमें से एक ये है कि इस फिल्म में एक्टर सत्यराज (बाहुबली के कटप्पा) और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे। दोनों को आखिरी बार सुपरहिट तमिल फिल्म 'मिस्टर भारत' में साथ देखा गया था। ये फिल्म 1986 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सत्यराज ने रजनीकांत के पिता की भूमिका निभाई थी।

# जान्हवी-खुशी ने बनाया फन वीडियो, बीच में आ गए पापा



जान्हवी कपूर और उनकी बहन और अभीनेत्री खुशी कपूर ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह दोनों और उनके पिता औपर अभिनेता बोनी कपूर ने लवयापा के गाने पर मजेदार वीडियो शेयर किया है, जो अब प्रशंसकों के बीच वायरल हो रहा है। खुशी कपूर और जुनैद खान अपनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लवयापा में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। फिल्म का पहला गाना रिलीज हो चुका है। इसे और खास बनाने के लिए जान्हवी कपूर और खुशी ने गाने पर एक मजेदार वीडियो जारी किया है। लेकिन जिस चीज ने सभी का ध्यान खींचा, वह है बोनी कपूर का कैमियो। अर्जुन कपूर, वरुण धवन और कई सेलेब्स ने इस मजेदार वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जान्हवी और खुशी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों कपूर सिस्टर्स गाने के हुक स्टेप को रीक्रिएट करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में जान्वही और खुशी के पीछे बोनी कपूर 'आआआ' करते हुए नजर आ रहे हैं। "निकला था लव करने पर पापा आ गए लवयापा।" अर्जुन कपूर ने इस वीडियो पर लिखा, "अब तक का सबसे बेहतरीन अलाप" वरुण धवन ने हंसते हुए इमोजी बनाए। आलिया कश्यप ने लिखा, "बहुत बढ़िया।" महिमा चौधरी ने हंसते हुए स्माइल इमोजी बनाया और संजय कपूर ने लिखा, 'जब बैकग्राउंड डांसर आगे के डांसर पर भारी पडते हैं।'' तो वहीं जान्हवी, बोनी और खुशी के प्रशंसकों ने इसे क्यूट वीडियो बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने फिल्म और इसके कलाकारों की प्रशंसा की थी। आमिर ने कहा, "मैंने इसका रफ कट देखा है। मुझे यह फिल्म पसंद आई। यह बहुत मनोरंजक है। सेलफोन की वजह से आजकल हमारी जिंदगी किस तरह बदल गई है और इसका हमारी जिंदगी में क्या दिलचस्प चीजें घटित होती हैं, यह सब इस फिल्म में दिखाया गया है। सभी कलाकारों ने अच्छा काम किया है। जब मैंने फिल्म में खुशी कपूर को देखा, तो मुझे लगा कि मैं श्रीदेवी को देख रहा हूं। उनकी ऊर्जा वहां थी, मैं देख सकता था। मैं श्रीदेवी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।" लवयापा 7 फरवरी को रिलीज होने वाली है।

# 'फतेह' की रिलीज से पहले सोनू सूद का 410 फीट का कटआउट



सोनू सूद 'नेशनल हीरो' बन चुके हैं। फैंस उन्हें 'गरीबों के मसीहा' और 'असली हीरो' जैसे उपनामों से पुकारते हैं। वजह सबको पता है। जरूरतमंदों की मदद के लिए सोनू सूद आधी रात भी हाजिर रहते हैं। अब जब अभिनेता की फिल्म 'फतेह' आ रही है तो उनके प्रशंसकों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में सोलापुर में बच्चों ने अभिनेता की फिल्म से उनके लुक का विशालकाय कटआउट बनाया है। सोलापुर के बच्चों ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। करीब 500 बच्चों ने मिलकर सोनू सूद का कटआउट बनाया है, जो 410 फीट का है। यह वीडियो विरल भियानी ने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की है।

# सारा अली खान ने किए महादेव के दर्शन



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान के करियर का ग्राफ बहुत तेजी से ऊपर गया है। सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'केदारनाथ' के जरिए अपने करियर की शानदार शुरुआत करने वाली सारा अली खान की हिंदुत्व में ऐसी आस्था है कि वह अक्सर ही किसी ज्योतिर्लिंग या धाम के दर्शन को पहुंच जाती हैं। साल 2025 का पहला सोमवार भी सारा अली खान ने आध्यात्मिक अंदाज में शुरू किया है। सारा अली खान ने साल का पहला सोमवार श्री मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर के दर्शन करके शुरू किया। साल का पहला सोमवार इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन करके बिताने से शुरू करने वाली सारा अली खान की यह तस्वीर मिनटों में इंटरनेट पर वायरल हो गई। सारा अली खान ने इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, "सारा के साल का पहला सोमवार। जय भोलेनामथ।" सारा अली खान की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही जमकर शेयर की जाने लगी और कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, "तुम्हें शंकर का आशीर्वाद मिला हुआ है सारा।" वहीं एक यूजर ने लिखा- स्काय फोर्स के लिए शुभकामनाएं। मालूम हो कि सारा अली खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'स्काय फोर्स' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में फीमेल लीड रोल प्ले कर रहीं सारा अली खान को ट्रेलर की रिलीज के बाद काफी तारीफें मिली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार ने लीड रोल प्ले किया है और वीर पहरिया इस फिल्म के साथ धमाकेदार शुरुआत कर रही हैं। ट्रेलर को काफी तारीफें मिली हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार को फिर एक बार वही पोजिशन दिला पाएगी। बात सारा अली खान की वायरल पोस्ट की करें तो ढेरों यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में 'जय भोलेनाथ' और 'हर हर महादेव' लिखा है।

# राम ने फैंस के परिवारों को 10 लाख की दी मदद



'गेम चेंजर' के प्री-रिलीज़ इवेंट का आयोजन चार जनवरी को राजमहेंद्रववरम में हुआ, जिसमें आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यहां दुख की बात यह है कि दो फैंस आरा मनीकांता (23) और थोकड़ा चरण (22) जो काकीनाडा जिले के गैगोलुपाड़ू के निवासी थे, इवेंट से घर लौटते वक्त एक दुर्घटना का शिकार हो गए। उनकी बाइक को एक वैन ने वाडीसलेरू के पास टक्कर मारी, जिससे दोनों की असमय मौत हो गई। इस घटना से गहरे दुखी राम चरण ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। घटना की जानकारी मिलते ही, उन्होंने तुरंत अपनी टीम को परिवारों को सांत्वना देने के लिए भेजा। इसके साथ ही, उन्होंने दोनों परिवारों को प्रत्येक को पांच लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की, ताकि इस कठिन समय में उनकी मदद हो सके। राम चरण की यह दयालु भावना उनके प्रशंसकों द्वारा सराही गई है, जो उनकी अपने समर्थकों के प्रति चिंता और प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

76वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों को बैठक

# सभी विभाग निर्धारित दायित्वों को करें पूरा : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 76वें गणतंत्र दिवस का राज्यस्तरीय समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ भव्य और परंपरागत रूप से आयोजित किया जाएगा। इस बार यह समारोह झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी अपने निर्धारित दायित्व को पूरा करते हुए आपस में समन्वय के साथ कार्य करें। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय आयोजन में राष्ट्रीयता की भावना को इंगित करते हुए कार्यक्रम शामिल करें। साथ ही, समारोह में अधिक से अधिक लोगो की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय)

**राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह उदयपुर में होगा आयोजित**

शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, सहित शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क, पर्यटन, जयपुर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, उदयपुर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।



### प्रमुख स्थानों पर आकर्षक सजावट

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर की सभी प्रमुख इमारतों, दर्शनीय स्थलों तथा सरकारी कार्यालयों के साथ ही, उदयपुर में भी सभी प्रमुख स्थानों पर आकर्षक सजावट की जाए।

### अतिथियों के लिए किए जाएं उचित इंतजाम

अतिथियों को निमंत्रण पत्र भेजने से लेकर उनके आवागमन, ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि राजभवन जयपुर तथा सहेलियों की बाड़ी उदयपुर में आयोजित होने वाले एटहोम कार्यक्रम के लिए भी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

### चाक-चौबंद रखें सुरक्षा व्यवस्था

अधिकारियों को सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में शासन सचिव सामान्य प्रशासन जोगा राम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियों की रूपरेखा रखी।

# सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर को हर महीने 25 हजार रुपए

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर्स' के लिए नव नीति जारी की है। इसमें सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की भर्ती होगी और इसके लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने "सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर न्यू ब्रॉडकास्टर पॉलिसी" बनाई है। चयनित इंफ्लुएंसर्स को हर महीने 25,000 रुपए का भुगतान होगा। फॉलोअर्स या सब्सक्राइबर्स की संख्या के आधार पर दो भागों में बांटा गया है। 1 लाख या उससे ज़्यादा फॉलोअर्स या सब्सक्राइबर्स को श्रेणी ए और 7 हजार से 1 लाख तक को श्रेणी बी में रखा गया है। ए श्रेणी को 25,000 रुपए और बी श्रेणी को 15,000 रुपए हर महीने मिलेंगे।

**हर दिन एक पोस्ट**

'फेसबुक', 'एक्स', 'इंस्टाग्राम' और 'यूट्यूब' में से दो सोशल मीडिया अकाउंट्स पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित एक पोस्ट हर दिनअपलोड करनी होगी। सरकार के विभिन्न सोशल मीडिया 'हैंडल्स' के पोस्ट्स को प्रतिदिन शेयर अथवा री-पोस्ट करनी होगी। राजस्थान भर में कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर्स' को शामिल करने के लिए राज्य बजट में घोषणा की गई थी और इसके बाद यह नीति लागू की गई है।

इंफ्लुएंसर्स को जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधीन कार्य करना होगा। विभाग इकंटेंट क्रिएशन, वीडियो-ऑडियो एडिटिंग, एसईओ, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और ब्रांडिंग करने में मदद करेगा।


मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की घोषणा



# महाराष्ट्र सरकार बसाएगी एक और मुंबई

## परियोजना की लागत 76,220 करोड़ रुपए

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार मुंबई की तर्ज पर नया शहर विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए सरकार बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने का काम कर रही है, इनमें बंदरगाहों का विकास, रेल नेटवर्क का निर्माण, तटीय सड़कें और हवाई अड्डे आदि शामिल हैं। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने पालघर जिले में स्थित वधावन को मुंबई की तरह नए शहर के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इस शहर में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का काम चल रहा है। भारत सरकार ने पिछले साल भारत वधावन शहर में नया बंदरगाह बनाने के लिए परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस नए बंदरगाह में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और उत्तर भारत के राज्यों को कवर करने वाले बड़े भीतरी इलाकों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता होगी।



**दहानू के पास वधावन बंदरगाह**

दहानू के पास वधावन बंदरगाह के निर्माण के लिए कुल परियोजना लागत 76,220 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस बंदरगाह को हर मौसम में काम आने वाले ग्रीनफील्ड डीप ड्राफ्ट प्रमुख बंदरगाह के रूप में विकसित किया जाएगा। बंदरगाह में नौ कंटेनर टर्मिनल होंगे, जिनमें से प्रत्येक 1000 मीटर लंबा होगा।

**वधावन को बनाया जाएगा विश्व स्तरीय बंदरगाह**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा कि वधावन बंदरगाह केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए प्रमुख परियोजना बनने जा रही है, जिसका लक्ष्य दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक बनना है। देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक परिवहन यहां से संचालित होगा। बुलेट ट्रेन और तटीय सड़क इस क्षेत्र से होकर गुजरेगी। यहां चौथा मुंबई शहर विकसित किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में शुरू की जाएगी 'ई-कैबिनेट प्रणाली'

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार जल्द ही 'ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करेगी। इसका उद्देश्य कागज का उपयोग कम करना तथा पारंपरिक दस्तावेजीकरण के स्थान पर स्मार्ट टैबलेट का इस्तेमाल करना है। मुख्यमंत्री ने इस पहल को सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। जारी बयान के अनुसार, मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद मुख्य सचिव सुजाता सौनिक द्वारा प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक-संचालित पहल का उद्देश्य सरकारी कामकाज को अधिक पारदर्शी और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बनाना है। यह प्रणाली एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से कैबिनेट के निर्णयों को नागरिकों तक पहुंचाएगी।

**▪ पोर्टल पर डाले जाएंगे सरकारी फैसले**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने और समय पर संचार सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिए जाने के बाद डिजिटल पहल को अपनाया जा रहा है। इस प्रणाली के अंतर्गत, कैबिनेट बैठकों में कागज के उपयोग में कमी लाई जाएगी तथा पारंपरिक दस्तावेजीकरण का स्थान स्मार्ट टैबलेट ले लेंगे। पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली प्रस्तावों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने, कैबिनेट बैठकों के दौरान उन पर चर्चा करने, अंतिम निर्णयों को रिकॉर्ड करने और संबंधित दस्तावेज बनाए रखने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगी। यह बैठकों के रिकॉर्ड को भी सुरक्षित रखेगा और संदर्भों या पिछले निर्णयों को पुनः प्राप्त करना आसान बना देगा। ई-कैबिनेट को एक हरित पहल बताते हुए सरकार ने कहा कि यह प्रणाली न केवल कागज की खपत को कम करेगी, बल्कि इस प्रक्रिया में शामिल कैबिनेट सदस्यों और अधिकारियों के लिए समय भी बचाएगी। इससे पारंपरिक कैबिनेट बैठकों में आने वाली कई चुनौतियों का समाधान होने और समग्र शासन में सुधार होने की उम्मीद है।

# जैसलमेर में पकड़ा गया फर्जी आरएएस अधिकारी

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में फर्जी आरएएस अधिकारी पकड़ा गया है। आरोपी युवक का नाम हरजीत सिंह है। हरजीत लाल बत्ती लगी सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहा था। सादा वर्दी में गश्त के दौरान जैसलमेर के एसपी सुधीर चौधरी ने सोनार किले के पास उसे रोका। हरजीत फ़र्ज़ी आईडी कार्ड दिखाकर खुद को आरएएस अधिकारी बता रहा था। इस पर शक हुआ और कोतवाली थाने ले जाया गया।



**एसपी के सामने खुली पोल**

पहली नज़र में थोड़ा संदिग्ध प्रतीत हुआ तो एसपी ने एसएचओ कोतवाली को निर्देश दिए कि इसकी जांच की जाए। जांच के दौरान सामने आया है कि उसके पास में एक फर्जी आईडी कार्ड था और उसकी गाड़ी पर स्टेट मोटर गैराज लिखा हुआ था उसके अलावा जो मल्टीकलर्ड बेकन थी उसका एक बिल उसके पास में मिला जो कि राजस्थान सचिवालय के नाम से था। जांच में पता चला कि हरजीत सिंह का अधिकारी होने का दावा पूरी तरह फर्जी है। पुलिस के मुताबिक हरजीत अजमेर का रहने वाला है लाल बत्ती लगी हुई कार लेकर खुद को फ़र्ज़ी आरएएस अधिकारी बता रहा है। वह पुलिस अधिकारियों पर भी रौब जमा रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवक के मंसूबे क्या थे और वह फर्जी आरएएस अधिकारी बनकर किन उद्देश्यों को पूरा करना चाहता था।

## सरोगेसी कानूनों में आयु सीमा की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट, केंद्र को जवाब दाखिल करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला किया कि वह 11 फरवरी को सरोगेसी कानूनों में सरोगेट माताओं (जो दूसरों के लिए बच्चे को जन्म देती हैं) और अन्य लोगों के लिए आयु सीमा पर सुनवाई करेगा। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने सरोगेसी विनियमन अधिनियम और सहायक प्रजनन तकनीक (विनियमन) अधिनियम, 2021 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली करीब 15 याचिकाओं पर सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से मामले पर लिखित जवाब दाखिल करने को कहा। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि केंद्र सरकार लिखित जवाब दाखिल करेगी और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करेगी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता है। 2021 के सरोगेसी कानूनों में माता-पिता और सरोगेट माताओं के लिए आयु सीमा तय की गई है। कानून के मुताबिक, इच्छित माता की आयु 23 से 50 साल के बीच होनी चाहिए और इच्छित पिता की आयु 26 से 55 साल के बीच होनी चाहिए। सरोगेट मां के लिए नियम यह हैं कि वह विवाहित हो, आयु 25 से 35 के बीच हो, पहले अपना जैविक बच्चा हो और जीवन में एक बार ही सरोगेसी का काम करे।

# सरिस्का की जमीन पर बने अवैध होटलों पर होगी कार्रवाई




**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिला स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व के कोर, बफर व क्रिटिकल टाइगर हैबीटेट (सीटीएच) एरिया में चल रहे 76 होटलों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई। प्रशासन ने संबंधित एसडीएम को पूर्व में जारी किए गए नोटिस के आधार पर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इससे होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा है कि सरिस्का की जमीन व सीटीएच से एक किमी के दायरे में कोई कॉमर्शियल गतिविधि नहीं चल सकती। एनजीटी ने भी प्रशासन को कार्रवाई के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। इसे देखते हुए अब कार्रवाई की तैयारी चल रही है। सिलीसेढ़ में 14, अजबगढ़ में 22, टहला में 34 होटल इस दायरे में आ रहे हैं। सिलीसेढ़ व अजबगढ़ सरिस्का का बफर एरिया है। टहला में होटल सीटीएच से एक किमी के दायरे में बने हुए हैं। प्रशासन ने कार्रवाई करने के लिए कदम पहले उठाए, लेकिन बाद में बैकफुट पर आ गए।

**दायरे में 34 होटल**

अब कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन कार्रवाई आगे बढ़ा रहा है। एनजीटी में याचिका दायर करने वाले राजेंद्र तिवारी का कहना है कि प्रशासन ने सरिस्का के नाम 57 हजार हेक्टेयर जमीन कर दी है। अब इस जमीन पर बने होटल-रेस्टोरेंट पर भी कार्रवाई करनी होगी। यह इलाका वन्यजीवों के संरक्षण के लिए है। एनजीटी के आदेश का पालन अफसरों को करवाना होगा। अधिकारियों के मुताबिक सरिस्का के कोर, बफर एरिया में जो होटल व रेस्टोरेंट आए हैं, उन पर कार्रवाई के लिए संबंधित एसडीएम को आदेश दिए गए हैं। साथ ही वह रिपोर्ट भी देंगे।

# प्रयागराज महाकुंभ : नौ को सीएम योगी करेंगे क्षेत्र का दौरा



**6 कोरिडोर का करेंगे लोकार्पण**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र का दौरा करेंगे। वह यहां करीब 6 घंटे रुकेंगे और 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। साथ ही महाकुंभ से जुड़े कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। मुख्यमंत्री महाकुंभ क्षेत्र में छह प्रमुख कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। इनमें मनकामेश्वर मंदिर कॉरिडोर, मां अलोपशंकरी कॉरिडोर, नागवासुकी मंदिर कॉरिडोर, पड़िला महादेव कॉरिडोर और तक्षक तीर्थ कॉरिडोर शामिल हैं। मुख्यमंत्री के दौरे की सूचना के बाद अधिकारियों ने तैयारियों को तेज कर दिया है।

### संतों से करेंगे मुलाकात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नैनी के अरैल क्षेत्र में डीपीएस स्कूल के पास बने हेलीपैड पर उतरेंगे। कार के जरिए टेंट सिटी और अस्थायी सर्किट हाउस का निरीक्षण करेंगे। योगी अखाड़ों में जाकर संतों से मुलाकात करेंगे और संगम नोज पर जाकर दर्शन और पूजन करेंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप देना है।

**'दवा दोस्त' पर 80 फीसदी कम कीमत पर मिलेंगी दवाएं**

▪ प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम स्टेशनों पर 'दवा दोस्त' नाम से दवा की दुकान शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ की तैयारियां जोर शोर के साथ की जा रही है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की व्यवस्था की जा रही है। कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य को देखते हुए प्रयागराज में 80 फीसदी तक डिस्काउंट पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। भारतीय रेलवे के लखनऊ मंडल ने यह पहल शुरू की है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने अपने एक बयान में कहा कि, महाकुंभ के दौरान प्रयाग आने वाले पर्यटकों और रेल यात्रियों के लिए इन दुकानों पर आवश्यक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके तहत मंडल के प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज संगम स्टेशनों पर 'दवा दोस्त' नाम से दवा की दुकान शुरू की गई है।

## कोचिंग संस्थान ने जेईई छात्रों से ठगे तीन करोड़ रुपए

**ठाणे।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे छात्रों से तीन करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक कोचिंग संस्थान के आठ अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। तीनों छात्रों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज किया। संस्थान ने जनवरी 2024 से जेईई के छात्रों से तीन करोड़ 20 लाख रुपए तक की ठगी की। छात्रों ने शिकायत में बताया



कि पैसे जमा होने के बाद अचानक क्लासेस बंद कर दी गईं। उन्होंने आरोपियों पर पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। बता दें कि जेईई विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। संस्थान ने छात्रों से अलग-अलग बैंक खातों में फीस जमा करने के लिए कहा। सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) संदीप चव्हाण ने कहा, "जब छात्रों ने पैसे वापस करने और कक्षाएं न लगाने का कारण जानने के लिए उनसे संपर्क किया तो एफआईआर में नामित आरोपियों ने उन्हें धमकी दी। अबतक 80 पीड़ितों की पहचान की गई है, लेकिन आंकड़ों में वृद्धि होने की उम्मीद है।"

दीपा हत्याकांड का खुलासा

# शक के चलते पति ने की हत्या



**नई दिल्ली।** दिल्ली के डाबड़ी थाना क्षेत्र के जनकपुरी इलाके में बेड के बॉक्स के भीतर मिली महिला की लाश की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। 26 वर्षीय दीपा चौहान की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके ही पति ने की थी। हत्या के सात दिन बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। इसकी पहचान धनराज उर्फ लालू (28) के रूप में हुई है। धनराज पेशे से रैपिडो बाइक टैक्सी चालक है। दरअसल दीपा की एक अन्य युवक से दोस्ती थी। इस बात से धनराज काफी खफा था। 29 दिसंबर की रात को झगड़े के दौरान आरोपी ने दीपा की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में पत्नी के मुंह को टेप से बांध दिया। इसके बाद शव को बेड के बॉक्स में छिपा दिया। आरोपी श्रद्धा वाकर की तरह शव के छोटे-छोटे टुकड़े कर उसको ठिकाने लगाना चाहता था। इसके लिए उसने अपने तीन दोस्तों से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने डर की वजह से मना कर दिया। इससे पहले की वह शव के टुकड़े कर पाता, हत्याकांड का खुलासा हो गया। आरोपी पहले आगरा गया। वहां से जयपुर और फिर अमृतसर में रहा। अंत में दिल्ली पहुंचने पर उसे दबोच लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी मृतका के शरीर के टुकड़े करके उन्हें फेंकना चाहता था। लेकिन ऐन मौके पर मृतका के पिता के अपनी बेटी की तलाश में पहुंचने से योजना चौपट हो गई। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि तीन जनवरी को दीपा के पिता अशोक चौहान ने उसकी हत्या की जानकारी पुलिस को दी थी। दीपा का शव पहली मंजिल स्थित फ्लैट के कमरे में रखे बेड के भीतर मिला था। शव को बेड के भीतर डालकर आरोपी पांच रात उसी पर सोता रहा। जब शव को ठिकाने लगाने में कामयाब नहीं हुआ तो तीन जनवरी को उसने दिल्ली छोड़ दी।

**राजस्थान** मौसम विभाग का अपडेट

# कड़ाके की सर्दी के बीच बारिश के आसार



**जयपुर।** राजस्थान के अलग-अलग हिस्से में इस वक्त कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग के जयपुर केंद्र के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में ठंड का असर बढ़ता जा रहा है और अगले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव होने की संभावना जताई गई। अगले कुछ दिनों में कई जगहों पर बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान काफी गिर चुका है, जिससे ठंड और बढ़ गई है। बीते 24 घंटे में राज्य के कई स्थानों पर कड़ाके की ठंड रही। नागौर में सबसे कम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**प्रमुख स्थानों का न्यूनतम तापमान**

**सिरोही:** 4.2 डिग्री सेल्सियस
**सीकर के फतेहपुर:** 4.4 डिग्री सेल्सियस
**माउंट आबू:** 5.2 डिग्री सेल्सियस
**चित्तौड़गढ़:** 5.9 डिग्री सेल्सियस
**वनस्थली (टोंक):** 6 डिग्री सेल्सियस
**बीकानेर:** 6.2 डिग्री सेल्सियस
**जोधपुर:** 6.5 डिग्री सेल्सियस
**जैसलमेर:** 6.6 डिग्री सेल्सियस
**जालौर:** 6.7 डिग्री सेल्सियस
**पिलानी:** 6.8 डिग्री सेल्सियस
**जयपुर और सीकर:** 7 डिग्री सेल्सियस

## कोल्ड-डे अलर्ट से बढ़ी स्कूलों की छुट्टियां

राजस्थान में शीतलहर के प्रकोप के कारण कई शहरों का तापमान गिर गया है। अगले 3 दिन तक सर्द हवा का प्रकोप रहेगा। प्रदेश के बीकानेर, भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। इन संभाग के जिलों में 2-3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इस बीच शिक्षा विभाग ने सर्दी को देखते हुए प्रदेश के 20 जिलों में छुट्टी का आदेश दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने जिला कलेक्टरों को 11 जनवरी तक छुट्टी करने के लिए अधिकृत किया है। इससे पहले प्रदेश में सर्दी के कारण 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया था।

**इन जिलों में बढ़ाई छुट्टियां**

जयपुर और डीडवाना-कुचामन के अलावा करौली, टोंक, दौसा, कोटा, भरतपुर, डीग, धौलपुर, अलवर, बारां, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सवाई माधोपुर, कोटपुतली-बहरोड़, झालावाड़, खैरथल-तिजारा, चूरू जिलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं।

क्रिकेट पर चढ़ा संस्कृत का रंग

# धोती-कुर्ते में लगाए चतुष्कम् और षठकम्

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अंकुर ग्राउंड में एक अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैच में सभी खिलाड़ी वैदिक पंडित थे और अपनी पारंपरिक पोशाक धोती-कुर्ता में क्रिकेट खेल रहे थे। यही नहीं, मैच की कमेंट्री भी संस्कृत भाषा में की गई। धोती कुर्ता पहने और माथे पर तिलक लगाए हुए खिलाड़ियों ने जैसे ही मैदान में कदम रखा, वैसे ही जय श्री राम का जयघोष कर पुष्पों की वर्षा की गई। जब भी कोई खिलाड़ी चौका मारता है तो कमेंटेंटर जोर से उत्साह के साथ बोलते हैं, 'चतुष्कम', और जब कोई छक्का लगाता तो चिल्लाते नजर आते हैं 'षठकम्।' भोपाल में महर्षि मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का यह पांचवां संस्करण है, जिसे 'पट कंदुक क्रीड़ा' नाम दिया गया है। वैदिक पंडित अपनी पारंपरिक धोती-कुर्ता पोशाक में संस्कृत और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनोखे टूर्नामेंट में भोपाल में क्रिकेट पिच पर प्रतिस्पर्धा रखी। इस अनोखे क्रिकेट टूर्नामेंट में पूरे राज्य से कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। पुरस्कारों के अलावा, खिलाड़ियों को हिंदू संस्कृति की वैदिक पुस्तकों से सम्मानित किया गया।



**संस्कृत में क्रिकेट का शब्दकोष**

- क्रिकेट- पट-कन्दुक क्रीड़ा
- पिच- क्षिप्या
- बैट- वैट
- बॉल- कन्दुकम्
- विकेट कीपर - स्तोभरक्षकः
- शॉट पिच- अवक्षिप्तम्
- कैच आउट - गृहीतः
- स्टंप आउट- स्तोभितः
- रन आउट- धाविन्नष्टम्
- बोल्ड- गेन्दितः
- एलबीडब्ल्यू- पादवाधा
- वाइड बॉल - अपकन्दुकम्
- नो बॉल- नाकन्दुकम्
- हिट- वेधः
- फोर - चतुष्कम्
- सिक्स- षठकम्
- रन- धावनम्
- अंपायर - निर्णायकः
- बैट्समैन- वल्लकः
- बॉलर- गेन्दकः
- स्पिनर- चक्रगेन्दकः
- विकेट- स्तोभः
- ओवर- पर्यासः
- बाउंस- घातगेन्दू
- टारगेट- वैध्यम्